धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, शुक्रवार

06.10.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net आश्विन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी/अष्टमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 86 12



आज ओटीटी पर रिलीज होगी गदर-2

## न्यूज डायरी

### सिटी मैनेजर व सर्वेयर रिश्वत लेते गिरफ्तार

**पलामू।** प्रमंडलीय एसीबी टीम ने घूस लेने के आरोप में मेदिनीनगर नगर निगम के सिटी मैनेजर और सर्वेयर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी की टीम दोनों को साथ ले गयी है और पूछताछ कर रही है।

### सुनील की जमानत पर फैसला सात को

**रांची।** ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में गुरुवार को साहिबगंज में एक हजार करोड़ के अवैध खनन मामले के आरेपित सुनील यादव की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गयी।

### मणिपुर के इंफाल में ताजा हिंसा, 2 घर जले

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में ताजा हिंसा भड़क उठी है। जानकारी के मुताबिक यहां दो घरों में आग लगा दी गयी। आगजनी के दौरान कई राउंड गोलियां चलने की भी सूचना है। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

### भाजपा आयी, तो खुलेगा लाल डायरी का राज

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, किसानों से वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं पेपर लीक माफिया पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार आने पर प्रदेश में खुशहाली लायेगी और बहुचर्चित लाल डायरी का राज खोलेगी।

### बिजली क्षेत्र में अनुसंधान विकास महत्वपूर्ण : मुर्मू

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बिजली क्षेत्र में अनुसंधान और विकास को महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि बिजली क्षेत्र का भविष्य इसी पर निर्भर करेगा।

### इडी को मिली संजय सिंह की पांच दिनों की रिमांड

**नयी दिल्ली।** इडी ने कथित दिल्ली आबकारी नीति मामले में राजधानी की राउज एवेन्यू अदालत में आम आदमी पार्टी (आप) नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह की 10 दिन की रिमांड मांगी, पर पांच दिन की मिली।

### समान अधिकार में क्यों न हो जातिगत जनगणना

**मोहनखेड़ा (धार)।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने गुरुवार को महिला आरक्षण और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब संविधान ने देश में सभी को समान अधिकार दिये हैं तो सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करा रही।

### तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर भारत

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि अभी भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और यह दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है।

---

तारा शाहदेव मामला : मुश्ताक को 15, कौशल रानी को 10 साल कैद की सजा


# रंजीत कोहली को अंतिम सांस तक उम्रकैद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बहुचर्चित नेशनल शूटर तारा शाहदेव से जुड़े यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना और जबरन धर्म परिवर्तन कराने के 8 साल पुराने मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने मुख्य आरोपी रंजीत कोहली उर्फ रकीबुल हसन को अंतिम सांस तक जेल की सजा सुनायी है।

गुरुवार को अपने फैसले में अदालत ने रकीबुल की मां कौशल रानी को 10 साल और बर्खास्त रजिस्ट्रार मुश्ताक अहमद को 15 साल कैद की सजा सुनायी। इससे पहले 30 सितंबर को तीनों को अदालत ने दोषी करार दिया था। हाइकोर्ट के आदेश पर सीबीआइ 2015 से मामले की जांच कर रही थी।

**सीबीआई की ओर से 26 गवाह प्रस्तुत :** इस मामले में मुख्य आरोपी रंजीत सिंह कोहली समेत तीनों अभियुक्तों के खिलाफ बीते 23 सितंबर को कोर्ट की सुनवाई पूरी हो चुकी थी। तीनों अभियुक्त ट्रायल फेस कर रहे थे। इन तीनों आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया गया था। सीबीआई ने आरोपियों के खिलाफ दो जुलाई 2018 को आरोप गठित किया था। रांची के हिंदपीढ़ी थाना में दर्ज प्राथमिकी को सीबीआई ने अपने हाथों में लिया था। सीबीआई की दिल्ली ब्रांच ने इस मामले में कांड संख्या आरसी- 9/2015 दर्ज किया था।







### इन मामलों में दोषी करार दिया था

लंबी सुनवाई के बाद 30 सितंबर को अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। अदालत में तीनों को अलग-अलग धाराओं में दोषी पाया, तीनों को 120 बी, 376 (2) एन (एक ही महिला से बार बार रेप की साजिश) 298 धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और 496 (जबरदस्ती या कपटपूर्ण तरीके से विवाह करवाना) में दोषी पाया था। यह जानते हुए यह शादी विधिसम्मत नहीं है, फिर भी शादी का गलत तरीके से आयोजन करने के मामलों में दोनों को दोषी ठहराया पाया था। मुख्य आरोपी रंजीत कोहली को अंतिम सांसों तक जेल में रहने की सजा दी गयी। साथ ही, उस पर 50,000 का जुर्माना भी लगाया गया है। मां कौशल रानी को 10 साल की सजा एवं 50,000 का जुर्माना की सजा सुनायी गयी। वहीं मुश्ताक अहमद को 15 साल कैद की सजा और 50 हजार का जुर्माना भी लगाया।

### सजा पीड़ित लड़कियों को हिम्मत देगी : तारा शाहदेव

**रांची।** कोर्ट के फैसले पर तारा शाहदेव ने खुशी जतायी। मीडिया से बात करते हुए तारा शाहदेव कहा कि उन्हें अदालत पर भरोसा था और रकीबुल को मिली सजा पीड़ित



लड़कियों को हिम्मत देगी। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ एक लंबी लड़ाई में जीत मिली। लड़ाई भले ही लंबी रही, पर अंत सुखद रहा। यह जीत वैसी तमाम लड़कियों के लिए उत्साहित करने वाला है जो ऐसे मामलों में फंसकर आत्महत्या कर लेती हैं या फिर कोई और कदम उठा लेती हैं। तारा के अनुसार उन्हें सीबीआई और अदालत दोनों पर ही पूर्ण भरोसा था कि उन्हें न्याय जरूर हासिल होगा।

---

जाति जनगणना को ले केंद्र को पहले भी भेजा है पत्र : सीएम

# जिसकी जितनी आबादी उतनी हिस्सेदारी जरूरी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि जातिगत जनगणना को लेकर 2021 से ही प्रयास किया जा रहा है। श्री सोरेन गुरुवार को प्रोजेक्ट भवन के बाहर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्यपाल को विधानसभा से पारित कर आरक्षण से संबंधित विधेयक भेज रखा है। सरकार का स्पष्ट मानना है कि जो जिस समूह में जितनी संख्या में हैं, उतना अधिकार उनको मिले।

**दो वर्ष पूर्व ही केंद्र को भेजा है पत्र :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी दलों की सहमति से आज से दो वर्ष पूर्व ही वह जाति आधारित जनगणना के लिए पीएम को पत्र लिख चुके हैं। दिल्ली में झारखंड के सर्वदलीय शिष्टमंडल के सदस्यों ने जाति आधारित जनगणना कराने की मांग पत्र गृह मंत्री को सितम्बर 2021 में सौंपा था। मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से कहा था कि संविधान में सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के विकास के लिए विशेष सुविधा एवं आरक्षण की व्यवस्था की है। (शेष पेज 11 पर)

### पिछड़ों को नहीं मिल रहा वाजिब हक



सीएम ने कहा कि आजादी के बाद से आज तक की हुई जनगणना में जातिगत आंकड़े नहीं रहने से विशेषकर पिछड़े वर्ग के लोगों को विशेष सुविधाएं पहुंचाने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2021 में प्रस्तावित जनगणना में युगों-युगों से उत्पीड़ित, उपहासित, उपेक्षित और वंचित पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों की जातीय जनगणना नहीं कराने की सरकार द्वारा संसद में लिखित सूचना दी गयी, जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। पिछड़े-अति पिछड़े वर्ग युगों से अपेक्षित प्रगति नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में, यदि अब जातिगत जनगणना नहीं करायी जायेगी तो पिछड़ी - अति पिछड़ी जातियों की शैक्षणिक, सामाजिक, राजनीतिक व आर्थिक स्थिति का ना तो सही आकलन हो सकेगा, न ही उनकी बेहतरी व उत्थान संबंधित समुचित नीति निर्धारण हो पायेगा। मालूम हो कि आज से 90 वर्ष पूर्व जातिगत जनगणना वर्ष 1931 में की गई थी एवं उसी के आधार पर मंडल कमिशन के द्वारा पिछड़े वर्गों को आरक्षण उपलब्ध कराने की अनुशंसा की गयी थी।

---

### 12वें दिन भारत को तीन गोल्ड, दो तीरंदाजी और एक स्क्वैश में

**हांगझोउ।** भारत ने गुरुवार को एशियन गेम्स में तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक सहित कुल पांच पदक जीते, जिससे रिकॉर्ड मैडल टैली में पदकों की संख्या 86 हो गयी। दीपिका पल्लीकल और हरिंदर पाल सिंह संधू की जोड़ी ने गुरुवार को एशियाई खेलों के 12वें दिन इतिहास रचते हुए स्क्वैश मिश्रित युगल स्पर्धा में पहला स्वर्ण पदक जीत लिया है। भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आइफा अजमान और मोहम्मद सयाफिक कमाल को 11-10, 11-10 से हराया। वहीं भारत को कंपाउंड पुरुष टीम ने तीरंदाजी में स्वर्ण पदक दिला दिया है। ओजस देवतले, अभिषेक वर्मा और जावकर प्रथमेश समाधान की टीम ने दक्षिण कोरिया को हराकर गोल्ड अपने नाम किया है। उन्होंने कोरिया को 235-230 के अंतर से हराया। वहीं महिला कंपाउंड तीरंदाजी में ज्योति, अदिति और परनीत की तिकड़ी ने फाइनल में चीनी ताइपे को 230-228 से हरा कर गोल्ड अपने नाम किया। भारत के खाते में अबतक 20 स्वर्ण पदक आ चुके हैं।

---

प्रशिक्षण नीति समेत 32 प्रस्तावों को हेमंत कैबिनेट की मंजूरी

# पंचायत प्रोत्साहन पुरस्कार की शुरुआत करने का फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में झारखंड राज्य प्रशिक्षण नीति 2023 को स्वीकृति 32 प्रस्ताव पारित किये गये। त्रिस्तरीय पंचायत के लिए मुख्यमंत्री उत्कृष्ट पंचायत पुरस्कार योजना के तहत 24 ग्राम पंचायत को 10 लख रुपये का पुरस्कार, पांच प्रखंड पंचायत को 15 लाख और दो जिला परिषद को 20 लाख रुपये की राशि दी जायेगी। स्वास्थ एवं स्वच्छ प्रोत्साहन पुरस्कार के तहत भी 24 पंचायत को 10 लाख, प्रखंड पंचायत को 15 लाख और जिला परिषद को 20 लाख रुपये दिये जायेंगे। वहीं उत्कृष्ट ग्राम सभा पुरस्कार योजना के तहत 48 ग्राम सभा को चार-चार लाख रुपये उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए दिये जायेंगे। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव ने फैसलों की जानकारी दी।

**प्रशिक्षण की रूपरेखा तैयार :** कैबिनेट सचिव ने कहा कि राज्य प्रशिक्षण नीति के तहत जो सक्षम पदाधिकारी हैं, उन्हें प्रशिक्षण किस तरह से दिया जायेगा, उसका पूरा ढांचा तैयार किया गया है। बैठक में सिद्धो कान्हो सहकारी लिमिटेड को दो करोड़ रुपया देने की स्वीकृति दी गयी। इसके लिए 48 करोड़ रुपये की मंजूरी हुई। शिक्षा परियोजना में मुख्य अभियंता का पद सृजित किया गया। पोटका सीएचसी में पदस्थापित डॉ गुंजन उपाध्याय को बर्खास्त किया गया। (शेष पेज 11 पर)

### पांच नये थाने को स्वीकृति

रांची में विधानसभा थाना, साहिबगंज में गंगा नदी थाना, बोकारो में चीरा थाना, चाईबासा में कोरिया थाना के अलावा रांची में चामा, जलगा ओपी और राहे को उत्क्रमित कर थाना बनाया गया है। लोहरदगा जिला में 2020 को हिंसा प्रभावित 91 परिवारों की चल अचल संपत्ति के नुकसान के बदले 51 लाख से अधिक मुआवजा भुगतान की स्वीकृति दी गयी। कैबिनेट ने कैंसर बीमारी से संबंधित आंकड़ा के लिए चिकित्सा संसाधनों को आंकड़ा उपलब्ध कराने को अनिवार्य किया। रेबीज बीमारी को नोटिफाई बीमारी में अधिसूचित किया गया है। ओपन जेल में कैदियों को भेजने के लिये नियम को सरल किया गया। पुलिस महानिदेशक कार्यालय की सूची के अनुसार उन्हें ओपन जेल में शिफ्ट किया जायेगा।

---

# छक्के से वर्ल्ड कप की धमाकेदार शुरुआत

ओपनिंग मैच में ही गत विजेता इंग्लैंड हारा

**एजेंसी**

**हैदराबाद।** आइसीसी वनडे विश्व कप 2023 की धमाकेदार शुरुआत अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गत चैंपियन इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच मैच से हुई। ओपनिंग मैच में न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को 9 विकेट से करारी शिकस्त दी है। इंग्लैंड की ओर से दिये 283 रनों के लक्ष्य को न्यूजीलैंड ने सिर्फ 1 विकेट खोकर 36.2 ओवर में ही हासिल कर लिया। न्यूजीलैंड के बायें हाथ के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे (152) और रचिन रवींद्र (123) रन बनाकर नाबाद रहे। दोनों ने न्यूजीलैंड को जीत दिला दी।

**पहली बार बने कई रिकार्ड :** मैच में कई ऐसे रिकॉर्ड बने हैं जो अब तक किसी भी विश्व कप में नहीं बने थे। विश्व कप के अब तक के इतिहास में पहली बार है जब पहल रन सिक्स रन आये हों। इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे पहले मैच की दूसरी गेंद पर इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो ने गगनचुंबी छक्का लगाकर की। पहली गेंद पर कोई रन नहीं बना था। जॉनी बेयरस्टो का नाम इस अनोखे रिकार्ड में दर्ज हो गया। अब तक 1 या फिर 2 रन के साथ ही विश्व कप के पहले रन बने थे। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो विश्व कप में सबसे पहला चौका लगाने वाले बल्लेबाज बन गये।

---

सीएम से मिले आर्च बिशप, अंतिम संस्कार की दी जानकारी

# 11 को रांची में होगा दिवंगत कार्डिनल का धर्म विधि संस्कार

- 10 को संत मरिया महा गिरजा घर लाया जायेगा
- 9 तक मांडर अस्पताल के मोर्चरी में रहेगा पार्थिव शरीर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रांची।** रांची महाधर्मप्रांत के बिशप (कार्डिनल) दिवंगत तेलेस्फोर पी टोप्पो का 11 को रांची के लोयला मैदान में धर्म विधि संस्कार होगा। विशेष प्रार्थना के उपरांत उनका अंतिम संस्कार होगा। राज्यभर के लगभग 10 बिशप और 400 से अधिक पल्ली पुरोहित व फादर की अगुवाई में संत मरिया महागिरजा घर में उन्हें दफनाया जायेगा। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शनार्थ रखा जायेगा। इस दौरान लगभग तीन बजे तक लोग उनके अंतिम दर्शन कर सकेंगे। विधि संस्कार में भाग लेने रोम के राजदूत के भी आने की संभावना है, क्योंकि वे एशिया के एकमात्र आदिवासी कार्डिनल थे। वह रोम का पोप बनने के लिए 10 साल पहले चुनाव भी लड़ चुके थे। अंतिम संस्कार में मुंबई, दिल्ली, बेंग्लुरू के कार्डिनल समेत देश विदेश के कलिसिया व धर्म बहनों के शामिल होने की खबर है। आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन से भेंट कर दिवंगत कार्डिनल के अंतिम संस्कार की जानकारी दी। (शेष पेज 11 पर)

### उनका निधन मेरी व्यक्तिगत क्षति : सीएम

आर्च बिशप फादर फेलिक्स टोप्पो ने सीएम से मुलात में कार्डिनल के अंतिम संस्कार के शिड्यूल की जानकारी दी। सीएम ने कहा कि कार्डिनल तेलस्फोर पी टोप्पो के निधन से हम सभी काफी दुखी हैं। उनके साथ हमारे रिश्ते काफी पुराने रहे हैं। उनका हमेशा ही हम लोगों को सहयोग और मार्गदर्शन मिलता रहा। उनका निधन हमारे लिए व्यक्तिगत क्षति है। वे हमेशा हमारे दिलों में रहेंगे।

---

# सहायक आचार्य नियुक्ति विज्ञापन पर लगी रोक खत्म

- हाइकोर्ट ने संशोधित आदेश में कहा 100 सीटें रिक्त रखे जेएसएससी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने राज्य में 26000 सहायक आचार्य की नियुक्ति के लिए चल रही प्रक्रिया पर लगी रोक हटा दी है। इस मामले में संशोधित आदेश जारी करते हुए प्रार्थियों के लिए सौ सीटें रिक्त रखने के लिए आदेश दिया गया है। नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों के लिए 50 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसले के खिलाफ बहादुर महतो समेत अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिका पर सुनवाई के बाद यह आदेश दिया है।

गुरुवार को हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने प्रार्थियों के लिए 100 सीट रिक्त रखने का जेएसएससी को निर्देश देते हुए संशोधित आदेश पारित किया। कोर्ट ने नियुक्ति प्रक्रिया पर से लगी रोक भी हटा ली है। इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने रोक हटाने का आग्रह कोर्ट से किया था। पूर्व में कोर्ट ने सहायक आचार्य नियुक्ति विज्ञापन संख्या 13/2023 पर रोक लगा दी थी। प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि वर्ष 2023 के नियमावली के तहत बीआरपी एवं सीआरपी संविदा कर्मियों को सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 फीसदी आरक्षण लाभ से वंचित किया गया है। कोर्ट ने मामले में जेएसएससी को प्रतिवादी बनाते हुए नोटिस जारी किया था साथ ही राज्य सरकार, झारखंड एजुकेशन प्रोजेक्ट काउंसिल एवं झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) से जवाब मांगा था। (शेष पेज 11 पर)

---

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 53,500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 70,000 रु./प्रति किलो |

### तीसरी आंख




---

एक परिवार का गुणगान करने पर कांग्रेस पर भड़के पीएम मोदी

# सिर्फ एक परिवार ने नहीं दिलायी देश को आजादी

- देश का विकास सिर्फ एक परिवार ने नहीं किया है

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केवल एक परिवार का गुणगान करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि देश को आजादी सिर्फ एक परिवार ने नहीं दिलायी और न ही देश का विकास सिर्फ एक परिवार ने किया है। वह यहां वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान तथा अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास करने के बाद बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने चुनावी राज्य मध्य प्रदेश में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

**एक परिवार की चरण वंदना नहीं छोड़ी :** मोदी ने जनसभा में कांग्रेस या गांधी परिवार का नाम लिए बिना कहा, आजादी के बाद दशकों तक जो दल सत्ता में रहा। उसने एक ही काम किया। एक परिवार की चरण वंदना की। एक परिवार की चरण वंदना के अलावा उसे देश की परवाह नहीं थी। देश को आजादी सिर्फ एक परिवार ने नहीं दिलायी। देश का विकास भी सिर्फ एक परिवार ने नहीं किया है। ये हमारी सरकार है, जिसने सभी का मान रखा, सम्मान रखा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने स्मारक बनाकर डॉ बीआर आंबेडकर, संत रविदास, रानी कमलापति जैसे प्रतीकों का सम्मान किया।

### क्यों विपक्षी दलों को दिख रही नाराजगी

देश की तकनीकी प्रगति का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि लगभग 11 करोड़ फर्जी व्यक्तियों के नाम सरकारी रिकॉर्ड से हटा दिये गये क्योंकि उनके नाम पर लाभ लिया जा रहा था। उन्होंने कहा कि यह आंकड़ा (11 करोड़) मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ की आबादी से भी ज्यादा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने कांग्रेस के भ्रष्ट नेटवर्क को खत्म करने और 2.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक की चोरी को रोकने के लिए जन धन बैंक खातों, आधार संख्या और मोबाइल कनेक्शन की तिकड़ी बनायी। यही कारण है कि विपक्षी दलों को नाराजगी दिख रही है।

**2014 से पहले बड़े-बड़े घोटाले सुर्खियां बनते थे :** 2014 से पहले बड़े-बड़े घोटाले सुर्खियां बनते थे। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने यह सुनिश्चित किया कि महिलाओं को धुएं वाले चूल्हे या लकड़ी से जलने वाले चूल्हे, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा थे, की जगह उज्ज्वला योजना के माध्यम से खाना पकाने के लिए गैस कनेक्शन मुहैया कराया जाये।



---

# नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को मिला साहित्य का नोबेल

**एजेंसी**

**स्टॉकहोम।** नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिया गया है। स्वीडिश अकादमी के अनुसार साहित्य में नोबेल पुरस्कार नॉर्वेजियन लेखक जॉन फॉसे को उनके अभिनव नाटकों और गद्य के लिए दिया गया है, जो अनकही को आवाज देते हैं। अकादमी के स्थायी सचिव मैट्स माल्म ने गुरुवार को स्टॉकहोम में पुरस्कार की घोषणा की। पिछले साल, फ्रांसीसी लेखिका एनी एर्नाक्स ने पुरस्कार जीता था, जिन्हें पुरस्कार देने वाली स्वीडिश अकादमी ने उत्तर-पश्चिमी फ्रांस के नॉमंडी क्षेत्र में उनके छोटे शहर की पृष्ठभूमि में निहित पुस्तकों के साहस के लिए चुना था। एर्नाक्स 119 नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेताओं में से सिर्फ 17वीं महिला थीं। साहित्य पुरस्कार को लंबे समय से इस आलोचना का सामना करना पड़ा है कि यह यूरोपीय और उत्तरी अमेरिकी लेखकों पर बहुत अधिक केंद्रित है, साथ ही बहुत अधिक पुरुष-प्रधान भी है। नोबेल पुरस्कारों में उनके निर्माता स्वीडिश आविष्कारक अल्फ्रेड नोबेल द्वारा छोड़ी गयी वसीयत से 11 मिलियन स्वीडिश क्रोनर (1 मिलियन डॉलर) का नकद पुरस्कार दिया जाता है। दिसंबर में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में विजेताओं को 18 कैरेट का स्वर्ण पदक और डिप्लोमा भी मिलता है।

## सैप कर्मियों को हटाये जाने के आदेश पर हाइकोर्ट की रोक बरकरार

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने सैप 1 और 2 के 721 कर्मियों को हटाए जाने के राज्य सरकार के आदेश पर लगी रोक जारी रखी है। दरअसल राज्य सरकार ने सैप बटालियन में संविदा पर बहाल पूर्व सैनिकों की सेवा 31 अगस्त से समाप्त करने का निर्णय लिया था, जिसके खिलाफ हाइकोर्ट में याचिका दाखिल हुई है। हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस डॉ एसएन पाठक के कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य सरकार से जवाब मांगा था, लेकिन सरकार की ओर से अब तक जवाब नहीं दिया गया है। अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 29 नवंबर की तिथि निर्धारित की है। इस संबंध में चमरा भेंगरा सहित अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। उनकी ओर से अधिवक्ता अजीत कुमार और तान्या सिंह ने पक्ष रखा।

### हाइकोर्ट ने जेएसएससी को दिया आदेश, कहा

## प्रार्थी को 8 सप्ताह में करें नियुक्त, बीसीए साइंस स्ट्रीम का है अभिन्न अंग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (जेएसएससी) द्वारा फिजिकल एजुकेशन टीचर पद के लिए बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन (बीसीए ) की शैक्षणिक योग्यता रखने वाले मुकेश कुमार रंजन की कट ऑफ से ज्यादा अंक आने के बाद भी कैंडिडेचर रद्द करने के मामले को लेकर दायर याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। कोर्ट ने प्रार्थी को 8 सप्ताह में नियुक्त करने का आदेश जेएसएससी को दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कहा बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। मामले में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने प्रार्थी की याचिका को स्वीकार कर लिया।

दरअसल, जेएसएससी ने ट्रेंड ग्रेजुएट टीचर, फिजिकल एजुकेशन के विज्ञापन संख्या 21/ 2016 में अभ्यर्थियों के लिए साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम में 45% अंक के साथ ग्रेजुएशन की अर्हता निर्धारित की थी. जबकि प्रार्थी के पास बीसीए की डिग्री थी। उक्त परीक्षा में कट ऑफ से ज्यादा अंक लाने के बाद भी जेएसएससी ने डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के समय प्रार्थी का कैंडिडेचर रद्द कर दिया था। जिसे उसने हाईकोर्ट की एकल पीठ में चुनौती दी थी। हाईकोर्ट की एकल पीठ से राहत नहीं मिलने पर प्रार्थी ने खंडपीठ में अपील दाखिल की थी।

खंडपीठ ने प्रार्थी की अपील को स्वीकृत करते हुए इस मामले को पुन विचार करने के लिए हाईकोर्ट की एकल पीठ के पास भेज दिया था। मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश वत्स ने कोर्ट को बताया की बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। भारत में एजुकेशन सेक्टर में आज के समय में कई बदलाव हुए हैं। कई नए कोर्स आए हैं जो साइंस,आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम के अभिन्न अंग हैं। इस तरह बीसीए भी साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। वर्ष 2014 में यूजीसी के गजट पब्लिकेशन में यह मेंशन किया गया है कि बीसीए साइंस स्ट्रीम का अभिन्न अंग है। इसी तरह के कई सारे और नए कोर्स साइंस, आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम के अभिन्न अंग है।

## हाइकोर्ट ने सीबीआइ से जेपीएससी परीक्षा मामले में आरोपियों का मांगा स्टेटस रिपोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा की सीबीआई जांच कराने वाली बुद्धदेव उरांव की जनहित याचिका एवं राज्य सरकार की अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में गुरुवार को हुई। मामले में सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया की प्रथम और द्वितीय जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा गड़बड़ी मामले की जांच अभी चल रही है, जिस पर कोर्ट ने सीबीआई को फ्रेश स्टेटस रिपोर्ट दायर कर इन दोनों मामलों में दर्ज केस की अद्यतन स्थिति बताने को कहा है साथ ही सीबीआई से जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय सिविल सेवा परीक्षा के गड़बड़ी के आरोपियों (राज्य



सरकार के अधिकारियों) के खिलाफ अभियोजन स्वीकृति की क्या स्थिति है, के बारे में भी स्टेटस रिपोर्ट मांगा है।

कोर्ट ने पूछा है कि जेपीएससी प्रथम और द्वितीय जांच के किन-किन आरोपियों के खिलाफ सीबीआई को अभियोजन स्वीकृति मिली है और किनके खिलाफ अब तक अभियोजन स्वीकृति का मामला राज्य सरकार के पास लंबित है। अगली सुनवाई 9 नवंबर को होगी। जेपीएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवार एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की।

दरअसल, कोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में सीबीआई की ओर से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई है। बुद्धदेव उरांव ने जेपीएससी प्रथम एवं द्वितीय की परीक्षा में अंको की हेराफेरी एवं रिजल्ट प्रकाशन में गड़बड़ी की जांच सीबीआई से कराने का आग्रह किया है। वहीं राज्य सरकार की ओर से जेपीएससी द्वितीय के नियुक्त अधिकारियों के खिलाफ एलपीए दायर किया गया है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा ली गई प्रथम एवं द्वितीय जेपीएससी जेपीएससी सिविल सेवा परीक्षा में गड़बड़ी की जांच पहले निगरानी ब्यूरो कर रही थी, बाद में हाईकोर्ट के आदेश पर इसकी जांच सीबीआई को दे दिया गया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने पीड़िता को नौ लाख भुगतान के बाद अग्रिम जमानत देने के झारखंड हाइकोर्ट के आदेश को किया रद्द

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें एक व्यक्ति को अग्रिम जमानत के लिए 9 लाख रुपए पीड़िता को मुआवजा के तौर पर देने का आदेश दिया था। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने हाईकोर्ट द्वारा मेंटेनेंस के लिए तय की गई राशि को 4 हजार रूपए प्रति माह से बढ़ाकर दस हजार रुपए प्रति माह करने का आदेश दिया है। इस संबंध में रोहित जायसवाल ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी दाखिल की थी। जिसपर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एस वी एन भप्ती की बेंच ने सुनवाई की। सुनवाई के दौरान अदालत ने झारखंड हाईकोर्ट के द्वारा अग्रिम जमानत के लिए तय की गई अन्य शर्तों में हस्तक्षेप नहीं किया।

दरअसल रोहित जायसवाल की शादी वर्ष 2020 में हुई थी। लेकिन किसी कारण वश उनके और उनकी पत्नी के बीच वर्ष 2021 में शुरू हुआ विवाद कोर्ट तक जा पहुंचा। रोहित जायसवाल ने झारखंड हाईकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की थी, जिसपर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने यह शर्त रखी थी कि पीड़िता को 9 लाख रुपए के भुगतान के बाद उसे अग्रिम जमानत की सुविधा मिलेगी। हाईकोर्ट के इस आदेश के खिलाफ रोहित ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। जिसपर ये फैसला आया।

## 2052 में खत्म हो जायेगा झारखंड में पारा शिक्षकों का अस्तित्व

- राज्य के स्कूलों में इसके बाद नहीं पढ़ा पढ़ायेंगे पारा शिक्षक
- 2050 में एक हजार से भी कम हो जायेगी राज्य में पारा शिक्षकों की संख्या

**60 वर्ष है सेवानिवृत्ति की उम्र**

झारखंड में पारा शिक्षकों की सेवानिवृत्ति की उम्र 60 वर्ष निर्धारित की गयी है। सेवानिवृत्ति पर शिक्षक कल्याण कोष से इन्हें एकमुश्त राशि देने की तैयारी है। इसके लिए कल्याण कोष का गठन किया जायेगा।

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के सरकारी स्कूलों में वर्ष 2052 के बाद पारा शिक्षक यानि सहायक अध्यापक नजर नहीं आयेंगे। इसके बाद उनका अस्तित्व खत्म हो जायेगा। 2052 के बाद राज्य के सरकारी स्कूलों में पारा शिक्षक नहीं रहेंगे। उनकी जगह सहायक आचार्य लेंगे। झारखंड शिक्षा परियोजना द्वारा तैयार रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2052 तक राज्य के विभिन्न जिलों के सरकारी स्कूलों में कार्यरत पारा शिक्षक सेवानिवृत्त हो जायेंगे। बताते चलें कि राज्य में वर्ष 2011 के बाद से पारा शिक्षकों की नियुक्ति नहीं हो रही है। सरकार के स्तर पर पारा शिक्षकों की नियुक्ति पर रोक लगी दी गयी है। बताया जा रहा है कि वर्तमान में राज्य में 60,303 पारा शिक्षक कार्यरत हैं। अगले दस वर्षों में इनमें से लगभग 18 हजार शिक्षक सेवानिवृत्त हो जायेंगे। वर्ष 2034 तक राज्य में कार्यरत पारा शिक्षकों की संख्या 42,537 बच जायेगी। वर्ष 2045 में शिक्षकों की संख्या दस हजार से कम हो जायेगी। वर्ष 2045 में शिक्षकों की संख्या 9620 रहेगी। वर्ष 2050 में शिक्षकों की संख्या एक हजार से कम रह जायेगी। वर्ष 2052 में 48 पारा शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे। इसके साथ ही विद्यालयों में एक भी पारा शिक्षक नहीं रहेंगे। रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2034 से सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों की संख्या बढ़ेगी। वर्ष 2034 में पहली बार 3000 शिक्षक सेवानिवृत्त होंगे।

### स्पीकर ने राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में कहा

## गरीबी के समाधान के बिना पर्यावरण संरक्षण मुश्किल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्पीकर रबीन्द्र नाथ महतो ने कहा है कि गरीबी के समाधान के बिना पर्यावरण संरक्षण मुश्किल है। महतो गुरूवार को घाना की राजधानी अकरा में आयोजित 66 वें राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने तीन विषयों पर आयोजित परिचर्चाओं में भाग लिया गया। उन्होंने कहा कि जो लोग अपनी आर्थिक कठिनाईयों के कारण प्रदूषित जीवन जीने को विवश हैं। उन्हें पर्यावरण संरक्षण का पाठ नहीं पढाया जा सकता है। इसलिये दुनिया के सभी देशों कि प्राथमिकता गरीबी की समस्या का निदान होना चाहिये। इसमें धनी देशों को गरीब देशों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने महिला आरक्षण पर कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने



अपनी वाणी में महिलाओं को भावनात्मक रूप से पुरुषों से अधिक शक्तिशाली बताया था। उनके बलिदान की क्षमता को पुरुषों से ज्यादा बताया था। उन्होंने संसद में महिलाओं के लिये आरक्षण को आवश्यक बताते हुये अपनी प्रस्तुति रखी। उन्होंने ई संसद के महत्व पर प्रकाश डाला और इस दिशा में झारखंड की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुये नेशनल ई विधान एप्लीकेशन के माध्यम से सदस्यों को स्मार्ट डेस्क पर ले जाना तथा विधानसभा के चलते कार्यवाहियों को लाइव रूप से पब्लिक डोमेन पर उपलब्ध कराये जाना आदि विषयों पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का मुख्य थीम राष्ट्रमंडल चार्टर के दस वर्ष संसदों द्वारा निर्धारित मूल्यों और सिद्धांतों की रक्षा। उदघाटन समारोह को घाना के संसद के बहुमत दल के नेता और घाना के संसदीय कार्य मंत्री ओसी केयी मेन्सा बोन्सु, राष्ट्रमंडल संसदीय संघ के महासचिव स्टीफन ट्विग ने संबोधित किया।


**कार्यालय : असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, रॉंची**
E-mail id – csofficeranchi@yahoo.com

**e-Tender No. : 3742 Date 5.10.2023**

**अति अल्पकालीन ई– निविदा**

सदर अस्पताल, रॉंची के लिए विभिन्न विभाग के लिए मशीन उपकरण के क्रय हेतु निबंधित निर्माणकर्ता/प्रतिष्ठानों/फर्म से दिनांक 20.10.2023 के अपराह्न 5.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित किया जाता है। ई–निविदा से तकनीकि विवरण/स्पेशिफिकेशन/संबंधित नियम/शर्त आदि **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर दिनांक 7.10.2023 से देखा जा सकता है। ई–निविदा से संबंधित किसी प्रकार का परिवर्तन /शुद्धि पत्र **website http://jharkhandtenders.gov.in** पर ही प्रकाशित किया जाएगा।

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,रॉंची

PR308447 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्या:– 08/2023-24/RWD /RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/EE/ RANCHI/ 19/2023-24 | पंचायत भवन भण्डराटोली से दो सिमाना एवं राई टोली भाया हुड़वा रिची पहाड़ तक पथ निर्माण कार्य।, (लं0–5.175 कि0मी0) | 5,51,99,700.00 | पाँच करोड़ एक्यावन लाख निन्यानबे हजार सात सौ रूपये मात्र। | 18 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–11.10.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–25.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
3. (क) मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, झारखण्ड रॉंची अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख) जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–26.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
4. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग 102 द्वितीय तल्ला, अभियंत्रण भवन, कचहरी चौक, रॉंची झारखण्ड–834001 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (26.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–27.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137
8. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **रॉंची** के पक्ष में भुगतेय होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची

PR 308395 REO(23-24)#D



**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 02/2023-24/RWD/EE/KODERMA दिनांक :-04.10.2023

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | RWD/KODERMA /02/2023-24 | पथलडीहा अस्पताल से जगदीश सिंह घर एवं जयनगर आर0सी0डी0 रोड होते हुए आंगनबाड़ी सियारीटांड तक पथ निर्माण। (लं0–2.350 कि0मी0) प्रखण्ड–कोडरमा | 2,39,55,100/- | दो करोड़ उनचालीस लाख पचपन हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 (नौ) माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:–10.10.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–25.10.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. (क)मुख्य अभियंता कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, अभियंत्रण भवन, कचहरी, रॉंची अथवा (ख)जिला नियंत्रण कक्ष, **रॉंची** अथवा (ग) जिला नियंत्रण कक्ष, **कोडरमा** में से किसी भी कार्यालय में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय:–26.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भी कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410 को भेजा जा सकता है। यह निविदाकार की जिम्मेवारी होगी कि स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाने वाला निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि निर्धारित तिथि एवं समय (26.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे तक) से पूर्व प्राप्त हो जाय। अंतिम तिथि एवं समय से पूर्व प्राप्त निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि पर ही विचार किया जायेगा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–27.10.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, कोडरमा झारखण्ड, पिन– 825410
8. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 9801200598
9. निविदा शुल्क झारखण्ड राज्य में अवस्थित भारतीय स्टेट बैंक/राष्ट्रीयकृत बैंक/अनुसूचित बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, **कोडरमा** के पक्ष में एवं **कोडरमा** में भुगतेय जमा करना होगा जो लौटाया नहीं जायेगा।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियन्ता,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,कोडरमा

PR 308373 Rural Work Department(23-24).D


### साहिबगंज में सबसे ज्यादा डेंगू के मरीज, दूसरे पर दुमका और तीसरे स्थान पर देवघर

## झारखंड में डेंगू के डंक मारने की स्वास्थ्य विभाग ने जारी की रिपोर्ट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में डेंगू व चिकनगुनिया के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। विभागीय रिपोर्ट के अनुसार संताल परगना में सर्वाधिक मरीज मिल रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रतिदिन जारी रिपोर्ट के अनुसार जनवरी 2023 से चार अक्टूबर 2023 तक संताल परगना में डेंगू व चिकुनगुनिया के 315 मरीजों की पुष्टि की गयी है। रिपोर्ट के अनुसार, संताल परगना में पहले स्थान पर साहेबगंज जिला है, जहां अबतक 209 डेंगू व चिकनगुनियां के मरीज पाये गये हैं। दूसरे स्थान पर दुमका जिला है, जहां अबतक डेंगू व चिकनगुनिया के 56 मरीज मिले है, जबकि तीसरे नंबर पर देवघर जिला में 27, चौथे स्थान पर पाकुड़ जहां 16 और पांचवें स्थान पर गोड्डा जिला हैं, जहां 07 डेंगू व चिकनगुनिया के मरीजों की पुष्टि की गयी है।



**जामताड़ा में अबतक नहीं हुई एक भी सैंपलिंग**

जामताड़ा जिले में जनवरी 2023 से अबतक डेंगू व चिकनगुनिया के एक भी संदिग्ध मरीज नहीं मिले हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जिले से एक भी सैंपल कलेक्ट नहीं किये गये हैं। इससे पता चलता है कि, जामताड़ा जिले में डेंगू व चिकनगुनिया को लेकर जिले का स्वास्थ्य महकमा कितना गंभीर है।

**संताल परगना में अबतक 1,580 संदिग्ध मरीजों की पहचान**

डेंगू व चिकनगुनिया मरीजों की पुष्टी संदिग्ध मरीजों के ब्लड सैंपल की आइजीएम एमएसी एलाइजा जांच और एनएस वन एंटीजन एलाइजा जांच के बाद ही पॉजिटिव की पुष्टि की जाती है। विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, संताल परगना में अबतक डेंगू व चिकनगुनिया के अबतक 1,580 संदिग्ध मरीजों की निजी क्लिनिकों व अस्पताल से की गयी थी। इनकी रिपोर्ट विभाग को मिली। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की ओर से अबतक 1580 संदिग्धों में से 1,468 लोगों का ब्लड सैंपलिंग कराते हुए जांच कराया गया, जिसमें 315 लोगों को डेंगू व चिकनगुनिया के पॉजिटिव पाये गये हैं।

**क्या कहते हैं पदाधिकारी**

सभी सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया है कि सीएचसी से लेकर अस्पताल तक इलाज के लिए बेड, दवा समेत अन्य सारी व्यवस्थाएं रखने का निर्देश दिया गया है। साथ ही जांच करने की व्यवस्था दुरूस्त रखने को कहा गया है।

## देवघर एम्स ओपीडी में अब हर दिन होगी तीन हजार मरीजों की जांच

### इमरजेंसी सेवा भी होगी शुरू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** देवघर एम्स की स्टैंडिंग फाइनांस कमेटी की ऑनलाइन बैठक बुधवार को हुई थी। इसमें दिल्ली से स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव सुधांशु पंत व गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे जुड़े थे। बैठक में सांसद डॉ दुबे के प्रस्ताव पर निर्णय लिया गया कि देवघर एम्स में आउटसोर्सिंग कंपनियों की ओर से जितनी भी नियुक्तियां की जायेगी, उसमें 80 फीसदी स्थानीय युवाओं को नौकरी दी जायेगी। इसमें देवघर, दुमका व गोड्डा के युवाओं को देवघर एम्स में तृतीय व चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में प्राथमिकता दी जायेंगी। एम्स में स्थानीय आउटसोर्सिंग कंपनियों से भी सेवा लेने में प्राथमिकता दी जायेगी। बैठक में देवघर एम्स की इमरजेंसी सेवा जल्द चालू करने का फैसला लिया गया। इमरजेंसी 24 घंटे चालू रखा जायेगा।

**ओपीडी को नये भवन में शिफ्ट करने का प्रस्ताव :** सांसद ने मरीजों



की बढ़ती संख्या पर बैठक में प्रस्ताव दिया कि ओपीडी को नये भवन में शिफ्ट किया जाये, ताकि अधिक से अधिक मरीजों का इलाज हो सके। बैठक में निर्णय लिया गया कि ओपीडी को नये भवन में शिफ्ट कर अलग-अलग विभाग के डॉक्टरों का इलाज शुरू होगा, जिसमें संबंधित विभाग के मरीज नंबर लगाकर दिखा पायेंगे। इससे प्रति दिन तीन हजार मरीजों को ओपीडी में देखा जा सकेगा। जल्द ही इसकी प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इस दौरान हंसडीहा में निर्मित अस्पताल में एम्स प्रबंधन द्वारा संताल परगना के आदिवासियों में पाये जाने वाली बीमारियों का इलाज करने के लिए रिसर्च शुरू करने का निर्णय लिया गया। बैठक में एम्स के वित्तीय लेखा-जोखा की भी समीक्षा की गयी। ऑनलाइन बैठक में एम्स के प्रेसिडेंट एनके अरोड़ा, एम्स के निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय सहित अन्य सदस्य थे।

## झामुमो, कांग्रेस और राजद ने लगातार झारखंड की भावनाओं से खेला है : बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/भवनाथपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झामुमो, कांग्रेस और राजद ने लगातार झारखंड की भावनाओं से खेला है। मरांडी गुरूवार को नगर उंटारी के हाईस्कूल मैदान में आयोजित संकल्प सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य को अपराध,भ्रष्टाचार और दलाल से मुक्त कराने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस और राजद की तिकड़ी ने वर्षों से जनता और उनकी भावनाओं से खिलवाड़ किया। झारखंड आंदोलन को बेचा और खरीदा है। जनता को दिग्भ्रमित कर जब सत्ता पाई तो राज्य के खनिज, जमीन, बालू,पत्थर को



लूटने की कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने कहा कि आज राज्य की कानून व्यवस्था ध्वस्त है। रोज लूट,हत्या,अपहरण,डकैती की घटनायें हो रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 6 महीनो में 23 व्यापारियों की हत्या हुई है। इसमे 9 ने तो पुलिस को लिखित आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री एसआईटी गठित कर जिम्मेवार और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री ऐसा नही करते तो भाजपा की सरकार में इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर कारवाई होगी।

उन्होंने कहा कि आज थाना ब्लॉक अंचल सभी कार्यालय की बोली लगती है। उन्होंने कहा कि राज्य में भ्रष्टाचार के मामले रोज उजागर हो रहे हैं। कई दलाल, बिचौलिये, बड़े पदाधिकारी जेल में हैं। ईडी बार बार सीएम को समन देकर बुला रही है। उन्होंने कहा कि गरीबों की जमीन लूटी है। गरीबों का अनाज लूट कर तिजोरी भरी है। उन्होंने कहा कि राज्य में जो भी विकास दिखता है वो सब भाजपा सरकार की देन है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने रक्षा बंधन के अवसर पर 200सौ रुपये और फिर 100 रूपया अधिक गैस सिलेंडर पर सब्सिडी दिये।उन्होंने कहा कि एक तरफ मोदी के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान, मजदूर महिला सभी मजबूत करने की लगातार कोशिश हो रही है। दूसरी ओर, देश भर के भ्रष्टाचारी और उनके संरक्षक एकजुट होकर मोदी को हटाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा सरकार बनते ही भवनाथपुर के तुलसीदामर माइंस को चालू कराया जायेगा। सिंचाई की सुविधा को सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया।

## जेएसएससी ने रिजेक्ट किये नगरपालिका सेवा संयुक्त परीक्षा के 45 आवेदन

**रांची।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने झारखंड नगरपालिका सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा के 45 अभ्यर्थियों का आवेदन रद्द कर दिया है। जिन अभ्यर्थियों का आवेदन रद्द हुआ है उनके आवेदन में नाम, पिता का नाम और जन्म तिथि में त्रुटि थी। जेएसएससी ने नोटिस जारी कर कहा कि इस परीक्षा से संबंधित विज्ञापन विवरणिका की कंडिका-13 (सात) के मद्देनजर समान नाम, पिता का नाम एवं जन्म तिथि दर्ज कर एक से अधिक ऑनलाइन आवेदन समर्पित करने वाले आवेदकों का उनके द्वारा अद्यतन अंतिम समर्पित किये गये। आवेदन को वैध मानते हुए पूर्व में समर्पित निम्न रजिस्ट्रेशन संख्या वाले अतिरिक्त आवेदनों को रद्द किया जाता है।

# वरिष्ठ वैज्ञानिकों की उच्चस्तरीय टीम करेगी डीडी स्टील के प्रदूषण की जांच : नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल

**अधिवक्ता रविशंकर पांडेय ने दी जानकारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



अधिवक्ता रविशंकर पांडेय।

जमशेदपुर। सरायकेला-खरसावाँ जिला के गम्हरिया प्रखंड के मुड़िया पंचायत स्थित डी० डी० स्टील एंड पॉवर लिमिटेड के प्रदुषण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है । इस मामले मे माननीय एन जी टी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल), कोलकाता बेंच ने दिनांक 03.10.23 को सुनवाई के बाद तीन सदस्यीय उच्चस्तरीय कमिटी का गठन करते हुए, केंदीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड एवं झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ट वैज्ञानिको देखरेख में चार हफ्तों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। मामले में याचिकाकर्ता के अधिवक्ता रविशंकर पाण्डेय ने बताया की नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस मामले को गंभीर बताते हुए तत्काल केंदीय प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड के वरिष्ट वैज्ञानिक एवं उपायुक्त सरायकेला-खरसावाँ वाली तीन सदस्यीय जांच टीम के गठन का निर्देश जारी किया है यह टीम चार हफ्तों के भीतर डी० डी० स्टील एंड पॉवर लिमिटेड द्वारा पर्यावरण को क्षति पहूँचाने का आकलन करते हुए जुमार्ना राशि का भी निर्धारण करेगी`

**बेटे की जान तक चली गई पर कोई सुनने वाला नहीं : रामेश्वर हो**

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार डी डी स्टील एंड पॉवर लिमिटेड का धुंआ मुड़िया पंचायत के कई ग्रामीणों की जान ले चूका है । कंपनी के धुंए से जान गवां बैठे एक स्थानीय आदिवासी युवक के पिता मुड़िया निवासी रामेश्वर हो ने बताया कि कुछ दिन पहले उनके इकलौते बेटे, डी डी स्टील के धुएं की वजह से दमा और टी बी का शिकार हो गए थे, वे लोग झारखण्ड राज्य प्रदुषण नियंत्रण बोर्ड एवं उपायुक्त सरायकेला को इसकी शिकायत कर कर के थक चुके है पर डी डी स्टील के मालिक पैसे के बल पर अधिकारियों को प्रभावित कर, अबतक पूरे क्षेत्र में जानलेवा प्रदुषण फैलाने का कार्य कर रहे है।

**डी डी स्टील का धुंआ सरायकेला क्षेत्र की जैव विविधता को कर रहा नष्ट : रविशंकर पाण्डेय**

शिकायतकर्ता के वकील ने वर्तमान स्थिति को विष्फोटक बताते हुए एन जी टी से तत्काल कम्पनी को बंद कर पर्यावरण को हुए नुकसान का आकलन करने का अनुरोध किया है। साथ ही साथ डीडी स्टील को पूरे सराइकेला क्षेत्र के जैव विविधता के लिए एक बड़ा खतरा भी बताया।

## स्पीड न्यूज

### पांडेय कांत के कच्चे मकान में दीये से लगी आग, सब खाक



**जमशेदपुर।** गोलमुरी थाना अंतर्गत नेहरू कॉलोनी निवासी पांडेय कांत के कच्चे मकान में गुरुवार सुबह दीये से आग लग गई जिससे घर के सामान, कपड़े सहित नगद रुपये भी जलकर पूरी तरह नष्ट हो गये। आग की विभीषिका से विद्युत तार, पलंग एवं गद्दे तक खाक हो गये। सुबह पूजा करने के उपरांत पांडेय कांत के घर के सदस्य काम पर चले गये। पड़ोसियों एवं स्थानीय युवकों ने घर से तेज धुंआ एवं आग की लपट देखा और फौरन बुझाने के प्रयास में जुट गये। स्थानीय निवासी अमित बाग ने घटना की सूचना पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष दिनेश कुमार को दिया। सूचना मिलते ही दस मिनट के अंदर दिनेश कुमार मौके पर पहुंचें और हालत को देखा एवं स्थानीय पार्टी के नेता राजेश त्रिपाठी और रॉकी सिंह को मौके पर बुलाया। दिनेश और राजेश ने तत्काल अग्नि पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये की वित्तीय सहायता मुहैया कराया। इसके अलावे पुनः अस्थाई निर्माण के लिए 15 फीट की छह रूफिंग शीट एवं लोहे की रॉड का प्रबंध कराया ताकि परिवार को आश्रय मिल सके। मौके से ही दिनेश कुमार ने शौर्य संस्था के संस्थापक अमरजीत सिंह राजा से बात कर आवश्यकता अनुरूप राशन सामग्री और पहनने के कपड़े दिलाने का आग्रह किया। शौर्य संस्था की ओर से तत्काल सारी सामग्री उपबल्ध करवा दी गई है। वहीं निर्माण होने तक आश्रय के लिए स्थानीय मन्दिर के भवन को अग्नि पीड़ित परिवार की मदद के लिए खुलवाया गया है। इधर भाजपा साकची पूर्वी मंडल को भी मामले में उचित सहयोग करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

### एशियाई खेलों के स्पोर्ट्स सेमी फाइनल में पहुंचा टाटा का अमन वर्मा

**जमशेदपुर।** नगर के किशोर अमन वर्मा ने एशियाई खेलों के रॉक क्लाइंबिंग के सेमीफाइनल में पहुंच गया है। यद्यपि मेडल कंफर्म करने के लिए अमन को फाइनल राउंड तक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखना होगा। यह जानकारी टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन के प्रमुख हेमंत गुप्ता ने बताया कि अमन वर्मा ने 118.8 स्कोर के साथ क्लाइंबिंग में आठवां स्थान हासिल किया है जबकि एक अन्य भारतीय क्लाइंबर भरत स्टीफन कामथ पेरेरा97.8 स्कोर लाकर 13 वें स्थान पर रहा। बता दें कि स्पोर्टस क्लाइंबिंग प्रतियोगिता एशियाई खेलों में 2018 में जकार्ता एशियाई खेलों में शामिल किया गया था।

### करीम सिटी कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रो हाजी बदरुद्दीन सुपुर्द-ए-खाक



**जमशेदपुर।** आजादनगर निवासी डॉ अशरफ बद्र के पिता व करीम सिटी कॉलेज कामर्स विभाग के रिटायर प्रो हाजी बदरुद्दीन आज बाद नमाज जोहर जकिरनगर वक्फ मुस्लिम क्रब्रिस्तान मे नम आंखों से के साथ सपुर्द ए खाक किए गए। उनके जनाजे की नमाज स्थानीय बारी मस्जिद के सामने की गई और जनाजे की नमाज हाफिज अब्दुल जब्बार ने पढ़ाई। मरहूम प्रो बदरुदीन लगभग 78 वर्ष के थे। अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री छोड़ गए हैं। जनाजे मे डॅ मुहम्मद जकरिया, प्रो आले अली, डॅ रिजवान खान, डॅ नौशाद अख्तर, हाजी जफर इकबाल, खालिद अनवर, रियाज शरीफ, इकरामुद्दीन, रियाज खान, प्रो जावेद अंसारी, प्रो अहमद बद्र, प्रो कमरुज्मा, नौशाद कमर, हाजी शमशेर हुसैन, नईम अहमद, प्रो फखरुद्दीन अहमद, प्रो आफताब अंसारी, मेहबूब आलम, मुमताज शारिक, हाजी मकबूल अंसारी, डॉ अशरफ बद्र, मोइन अंसारी, सहित सैकड़ों की संख्या मे लोग शामिल हुए। आज प्रात : 8 बजे मरहूम के आवास पर उनके इसाले सवाब के लिए कुल व कुरानख्वानी कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# रोआम औद्योगिक क्षेत्र में उद्योग लगाने में तेजी लायें उद्यमी : उपायुक्त

21 उद्यमियों को आवंटित हुआ प्लॉट, मात्र दो उद्यमी लगा रहे प्लांट

उद्यमियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता से होगा : भजन्त्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


नये औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण करते डीसी मंजूनाथ भजन्त्री।

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार के निर्देशन में जिला प्रशासन मुसाबनी प्रखंड के रोआम में औद्योगिक क्षेत्र के विकास को लेकर कृतसंकल्पित है, उद्यमियों को जो भी अपेक्षायें जिला प्रशासन से है उसपर यथोचित कार्रवाई की जा रही हैं। उक्त बातें उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने मुसाबनी प्रखंड के रोआम में स्थलीय निरीक्षण के दौरान कही। उन्होने कहा कि जियाडा द्वारा 21 उद्यमियों को भखंड आवंटित किया गया है परन्तु स्थल निरीक्षण में सिर्फ दो उद्यमियों का कार्य प्रगति संतोषजनक पाया गया। मौके पर उन्होने भूखंड आवंटित अन्य उद्यमियों को भी निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। जिला दण्डाधिकारी-सह- उपायुक्त ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र के निर्माण से राज्य सरकार का उद्देश्य स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना तथा पलायन रोकना है। यहां के लोगों को रोजगार मिले, क्षेत्र का विकास हो इस दिशा में सभी उद्योगों को जल्द से जल्द धरातल पर उतारा जाना जरूरी है। उन्होने स्पष्ट कहा कि प्रत्येक माह इसमें कार्य प्रगति की समीक्षा की जाएगी। उद्यमियों ने ड्रेनेड, बिजली, सड़क को लेकर मामले संज्ञान में लाया है, इन सभी पर आवश्यक प्रक्रिया जारी है। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी घाटशिला, जिला खनन पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी तथा जियाडा के पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

### डीसी ने एचसीएल के सुरदा माइंस का किया भ्रमण



क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एससीएल के सुरदा माइंस देखने पहुंचे। इस दौरान वे जिला प्रशासन की टीम के साथ माइंस के अंदर जाकर कार्यप्रणाली को देखा। प्रेस प्रतिनिधियों से बातचीत के क्रम में उन्होने कहा कि माइंस के अंदर जाने का अनुभव काफी अलग था, यह एतिहासिक माइंस इस जिले में है जिससे कई लोगों को रोजगार भी मिला है। उन्होने एचसीएल प्रबंधन को जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग को लेकर आश्वस्त किया।

### मुसाबनी : डीसी ने बच्चों से संवाद स्थापित कर पठन-पाठन की ली जानकारी



मुसाबनी क्षेत्र भ्रमण के क्रम में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री मुसाबनी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित हिन्दी उच्च विद्यालय चापड़ी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होने शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति पंजी देखी तथा विभिन्न कक्षाओं में जाकर छात्र-छात्राओं से पठन-पाठन की जानकारी ली। उन्होंने छात्रों से केला, पपीता, मुनगा व इसी तरह से स्थानीय स्तर पर उपलब्ध अन्य फलों और सब्ज़ियों को नियमित पोषक आहार के रूप में लेने की बात कही। उन्होंने छात्रों से उनके घरों में शौचालय की उपलब्ता की जानकारी ली। छात्रों से कहा कि शौचालय का घर में होना स्वच्छ और स्वस्थ जीवन के लिए अनिवार्य है। उन्होंने छात्रों के बीच स्कूल ड्रेस का वितरण की जानकारी ली तथा, मिड डे मिल की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश स्कूल प्रबंधन को दिया।

## बीपीएम हाई स्कूल में त्रिनेत्रम आई हॉस्पिटल ने लगाया नेत्र जांच शिविर



**जमशेदपुर।** गुरुवार को बीपीएम प्लस टू उच्च विद्यालय बर्मा माइन्स में लायंस क्लब की ओर से त्रिनेत्रम आई हॉस्पिटल, आदित्यपुर के द्वारा मुफ्त नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया एवं सब कक्षाओं में जाकर कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को मुफ्त में नेत्र जांच कराई गई। जोन चेयर पर्सन डॉ मंजू रानी सिंह ने कहा की लायंस क्लब ने छात्र-छात्राओं के हित के लिए कल वेंडिंग मशीन लगाने की भी घोषणा विद्यालय में की है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रिंसिपल रंजीत गांधी, कुमुद ठाकुर वेरोनिका ,करनदीप सिंह, सुचिता रूंगटा, ज्वाइट इजर, आभा रुंगटा उपस्थित थे। शिक्षक कुमुद ठाकुर ने सबका आभार व्यक्त करते हुए कहा की बहुत अच्छा आज का कार्यक्रम हुआ की जिसमें सभी छात्र-छात्राओं की मुफ्त में नेत्र जांच हुई।

## जमशेदपुर एफसी ने हैदराबाद एफसी को 1-0 से हराया

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


आक्रमण की मुद्रा में आर ताजिकावा।

**जमशेदपुर।** आर ताचिकावा ने जमशेदफर एफसी की ओर से 9.45 बजे रात्रि में शानदार गोल कर हैदराबाद एफसी के खिलाफ पहला गोल कर अपने फैंस को खुशी से झुमा दिया। इसके पूर्व एक घंटा 44 मिनट के खेल में हैदराबाद पर कई एटैक करने पर भी जमशेदपुर एफसी गोल नहीं कर पा रही थी। दोनों ही टीमें 0-0 पर थीं। दोनों ही टीमें गोल नहीं कर पा रही थीं यद्यपि जमशेदपुर ने गोल करने के कई सुनहरे मौके गवायें और यह देख अंतरिम हेड कोच स्कॉट कूपर मैदान से बाहर बहुत बेचैन थे, किन्तु ताचिकावा के गोल ने जमशेदपुर एफसी को चार्ज कर दिया। रात्रि 10.05 मिनट पर मैच 1-0 से जमशेदपुर एफसी ने जीत लिया। जमशेदपुर एफसी ने अब तक कुल तीन मैच खेले हैं जिसमें एक मैच इस्ट बंगाल के खिलाफ ड्रा रहा जबकि केरला एफसी से उसे शिकस्त झेलनी पड़ी थी। ऐसे में होम ग्राउंड पर जमशेदपुर एफसी को मिली यह जीत बहुत मायने रखती है और अंतरिम हेड कोच स्कॉट कूपर की टीम को इसने चार्ज करने का काम किया है। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड ताजिकावा को सीइओ जमशेदपुर एफसी मुकुल रॉय चौधरी ने दिया।

## सोना देवी विश्वविद्यालय : फार्मेसी विभाग की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में निलय चैंपियन




**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** गुरुवार को सोना देवी विश्वविद्यालय के प्रांगण में फामेर्सी विभाग में प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में विवि के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह जी एवं कुलपति डॉ जे पी मिश्रा एवं रजिस्टर गुलाब सिंह आजाद मौजूद थे इसका संचालक के रूप में उमेश कुमार, अनसूया राय एवं राजन कुमार द्वारा किया गया जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर के प्रतियोगिता में हिस्सा लिया प्रतियोगिता के विजेता रहे निलय, मो समीर, राखी महतो एवं स्नेहा हांसदा रहे बाकी बच्चों द्वारा उत्तम प्रस्तुति रही एवं दो अंको से पीछे रह गए कुल 20 बच्चों ने हिस्सा लिए थे। इस आयोजन को सफल बनाने में विवि के प्रोफेसर गैर शिक्षक कर्मचारी सहयोग से संपन्न कराई गई। आगे भी इस तरह के आयोजन बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए विश्वविद्यालय प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाती रहेगी।

## श्रीनाथ विश्वविद्यालय : सोनल मिस फ्रेशर्स और प्रियांशु को मिस्टर फेशर्स का ताज

अंग्रेजी विभाग ने नये बैच के छात्रों का किया स्वागत


मिस और मिस्टर फ्रेशर्स के साथ अतिथिगण।

जमशेदपुर। श्रीनाथ विश्वविद्यालय, आदित्यपुर के अंग्रेजी विभाग ने विभिन्न कार्यक्रमों के साथ 2023-26 के नए बैच का स्वागत करते हुए 'न्यू होराइजन्स 2023'-वार्षिक फ्रेशर्स पार्टी का आयोजन किया। बॉलीवुड की थीम का पालन करते हुए, फ्रेशर्स बॉलीवुड पात्रों के रूप में तैयार होकर आए। कार्यक्रम की शुरूआत संगीतमय स्वागत के साथ हुई। सेमेस्टर 3 के छात्रों ने नृत्य प्रदर्शन किया। इसके उपरांत विभाग ने सभी छात्र छात्राओ के साथ केक काटा। सीनियर्स ने जूनियर्स का स्वागत किया। फ्रेशर्स ने रैंप वॉक में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वरिष्ठ छात्राओ मे जुनशिखा, निकिता, हृषव और निशा ने नृत्य प्रस्तुतियां दीं। शिक्षकों ने छात्रों को ऐसे आयोजनों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष शिबानी गोराई ने कहा, कि हम हमेशा आपका समर्थन और मार्गदर्शन करने के लिए आपके पास उपस्थित हैं। शालिनी ने वरिष्ठ छात्रों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी, जबकि डॉ पूजा श्रीवास्तव ने छात्रों से अपनी पढ़ाई को संतुलित एवं नियमित करने का आग्रह किया। प्रश्नोत्तरी के साथ शिबानी गोराई, डॉ पूजा और शालिनी चक्रवर्ती के द्वारा कार्यक्रम मे आयोजित प्रतियोगिताओ मे विजेताओं के नामो की घोषणा हुई। सोनल सिंह को मिस फ्रेशर्स का ताज पहनाया गया जबकि प्रियांशु मुखी को मिस्टर फ्रेशर्स का खिताब मिला। सभी विद्यार्थियो के बीच उपहार वितरित किये गये।

# मेडिकल बस्ती के फ्लैट हुए जर्जर, खतरे में हैं रहने वाले

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


फ्लैटवासियों की समस्या सुनते नीरज सिंह।

**जमशेदपुर।** गुरुवार को भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह ने बिस्टुपुर स्थित मेडिकल बस्ती में वहां के स्थानीय लोगो के बुलावे पर आज वहां फ्लैट में रह रहे लोगों का हाल देखा।

जिस फ्लैट में लोग रह रहे हैं वह टाटा प्रबंधन की अनदेखी और मेंटेनेंस के अभाव में वह पूरी तरह से जर्जर हो चूका है। फ्लैट की जर्जर अवस्था और वहां पसरे गन्दगी के अम्बार को देखा और वहां के स्थानीय लोगों ने नीरज सिंह को बताया कि वे लोग अपनी जान को जोखिम में डाल कर यहाँ रह रहें हैं और हमेशा यह डर बना रहता है कि अगले ही पल क्या हो जायेगा। यहां रहने वाले लोग टाटा स्टील के इस शहर में आने से पहले से यहां रह रहें हैं और इनकी लगभग 5 से 7 पीढ़ी यहां रह चुकी है। यहां रहने वाले सभी लोग किसी न किसी रूप में टाटा स्टील या जुस्को के साथ सदियों से जुड़े रहें है। नीरज सिंह ने कहा की इन बस्ती के लोगों को ना जाने किस कारणवश मूलभूत सुविधाओं से वंचित कर रखा गया है। उन्होंने सरकार और स्थानीय विधायक सह मंत्री बन्ना गुप्ता पर निशाना साधते हुए कहा कि मंत्री जी केवल बड़े बड़े वादे करते हैं और शेरो शायरी में जवाब देंतें है। उन्हें क्षेत्र की जनता से कोई लेना देना नहीं है। इस मेडिकल बस्ती के लोगों ने कोरोना काल में अपनी जान की परवाह किये बगैर पुरे जमशेदपुर की सेवा की है और उसके लिए उन्हें ना तो किसी प्रकार की सुविधा दी गयी ना ही उन्हें किसी भी तरह की प्रोत्साहन सरकार की ओर से प्रदान किया गया। और तो और लोग अपने आप को अपने ही घर में असुरक्षित महसूस करते हैं। लोगों की पूरी बात को सुनकर और उनके हालत को देखकर नीरज सिंह ने कहा की जल्द ही टाटा स्टील प्रबंधन, जुस्को के अधिकारियों और जिला प्रशासन की नजर में इस विषय को लाकर जल्द से जल्द सारी मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के साथ साथ यहां के निवासियों के घरों का मरमतिकरण का कार्य जल्द से जल्द प्रारम्भ किया जाये। अन्यथा यहाँ के लोगों के सब्र का बाँध अगर टुटा तो इसका खामियाजा पुरे शहर को झेलना पड़ेगा। अगर टाटा प्रबंधन या जुस्को के द्वारा जल्द से जल्द कार्य नहीं शुरू किया गया तो लोग आंदोलन कर अपनी मांगों को पूरा करवाएंगे और टाटा स्टील और जुस्को की गेट पर आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होंगे। मौके पर भाजपा के संजय तिवारी, विशाल मुखी, पिटेन मुखी, बजरंग करुआ, श्रीकांत मुखी, पिंटू मुखी समेत बस्ती के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# मोबाइल वापस दिलवाने के लिए थैंक्यू एसएसपी साहब!



एसएसपी किशोर कौशल एक बुर्जुग महिला को गुम हुए उसके मोबाइल को वापस करते हुए। गुरुवार को बिष्टुपुर थाना परिसर सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में गुम हुए अथवा छिनतई किए गए 285 मोबाइल वापस उनके असली मालिकों को वापस किया गया। सीनियर एसपी किशोर कौशल ने जब मोबाइल मालिकों को उनकी मोबाइल वापस की तो लाभुकों के चेहरे पर खुशी देखने लायक थी। जमशेदपुर के निवर्तमान एसएसपी प्रभात कुमार ने अपने कार्यकाल में अभियान चला कर मोबाइल चोरों और झपटमारों पर नकेल कसा था। वे जब्त मोबाइलों को समारोह आयोजित कर उसके मालिकों को वापस करते थे। नये एसएसपी किशोर कौशल ने भी इस परम्परा को बरकरार रखा है। अब तक जमशेदपुर पुलिस कुल 1434 मोबाइल उनके असली मालिकों को वापस कर चुकी है। गुरुवार को मोबाइल वापसी का छठा संस्करण आयोजित था।

## खबर एक नजर में

### लौहनगरी पर चढ़ा आइएसएल का जादू




जमशेदपुर में आइएसएल के नये संस्करण का पहला मैच जेआरडी स्पोट्स कंपलेक्स में जमशेदपुर एफसी और हैदराबाद एफसी के बीच खेला गया। रात आठ बजे से शुरु हुए मैच को देखने के लिए बड़ी संख्या में जमशेदपुर एफसी के फैन स्टेडियम पहुंचे। एक परिवार अपने बच्चों की फेस पेंटिंग करवाते हुए।

### सुरभि शाखा की डांडिया धमाल नाइट रामगढ़िया सभा में 13 को



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा डांडिया (गरबा) धमाल नाइट का आयोजन आगामी 13 अक्टूबर शुक्रवार को साकची स्थित रामगढ़िया सभा में होनो जा रहा हैं। इसे सफल बनाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। सुरभि शाखा द्वारा श्री अग्रसेन भवन साकची में कार्यक्रम का पोस्टर लॉन्च किया गया। कार्यक्रम में एंट्री कूपन द्वारा प्रवेश होगा। मौके पर शाखा अध्यक्ष निशा सिंघल और कार्यक्रम संयोजीका पिंकी रिंगसिया व अंजू चेतानी ने बताया कि कार्यक्रम में सोलो डांस, डुएट डांस, ग्रुप डांस एवं बच्चों का बेस्ट ड्रेस अप सहित कई प्रकार के सरप्राइज गिफ्ट भी हैं, जो मुख्य आकर्षण का क्रेन्द्र होंगें। कार्यक्रम में लगभग 600 लोगों के शामिल होने की संभावना हैं। सभी के लिए लजीज व्यंजन की भी व्यवस्था रहेगी। पोस्टर लॉन्च के दौरान प्रमुख रूप से ओम प्रकाश रिंगसिया, उमेश शाह, मुकेश मित्तल, अरुण गुप्ता, महावीर मोदी, बजरंग अग्रवाल, सांवरमल अग्रवाल, निशा सिंघल, कविता अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, पिंकी रिंगसिया, अंजू चेतानी आदि मौजूद थे।

### साकची अग्रसेन भवन में रास गरबा 28 को



जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच आकृति व्हील कालीमाटी शाखा एवं भायली महिला मण्डल सोनारी, जमशेदपुर के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 28 अक्टूबर शनिवार को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में रास गरबा कार्यक्रम का आयोजन होने जा रहा हैं। इस कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन बिष्टुपुर स्थित चेम्बर भवन के भालोटिया सभागार में आज शाम को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि एवं विमोचन कर्ता के रूप में समाज सेविका सुधा गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रुप में सुमन नागेंलिया, सुजाता गोयल एवं मधु बाकरेवाल उपस्थित थी। अतिथियों ने दोनों संस्थाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए रास गरबा कार्यक्रम को सफल बनाने में हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर भायली महिला मण्डल अध्यक्ष कविता अग्रवाल और आकृति व्हील कालीमाटी शाखा की संस्थापक अध्यक्ष अंकिता लोधा ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में प्रवेश एंट्री कार्ड के माध्यम से होगा। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम का सफल संचालन भजन गायक महाबीर अग्रवाल मुन्ना ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुमित्र देवी, अंजलि मित्तल, रिमझिम जैन, अनु प्रसाद, मंजू अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, प्रीति झाझरिया, मैना अग्रवाल, बिमला वर्मा, काजु अग्रवाल, स्वाती अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, अनुराधा केडिया, ज्योति, सोनी, पूजा खंडेलवाल, श्वेता गनेड़ीवाल, श्रुति अग्रवाल, रितु रिंगरसिया, मेघा शर्मा, नेहा भालोटिया, शीतल अग्रवाल, उषा रिंगसिया, अंजू भालोटिया, वर्षा सेकसरिया, वंदना केडिया, पूजा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल आदि उपस्थित थीं ।

### रानी दुर्गावती के जन्मदिवस पर वीरांगना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



जमशेदपुर। अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगना फाउंडेशन के द्वारा भारतीय इतिहास की महान योद्धा रानी दुर्गावती के जन्मदिवस पर जमशेदपुर के साउथ पार्क में वीरांगना प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया । इस मौके पर संगठन की लीगल एडवाइजर एडवोकेट दीपा सिंह ने वीरांगनाओं को उनके अधिकारों के विषय में जानकारियां दी। प्रशिक्षण शिविर में महिलाओं की सुरक्षा और उनके दायित्वों के विषय में भी बताया गया। वीरांगना प्रशिक्षण शिविर में सर्व प्रभा सिंह, सरोज सिंह, सुषमा सिंह, नीलू सिंह, संजू सिंह, मंजू सिंह, रेखा सिंह, नीलम सिंह, ज्ञानति सिंह, कंचन सिंह, पुर्णिमा सिंह, शशिप्रभा सिंह, नीलम सिंह, माधवी सिंह और मारूति सिंह आदि ने भाग लिया।

### भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती मनायी गयी



**जमशेदपुर।** गुरुवार को सुबह होटल मधुबन में कैलाश पति मिश्र सर्वोदय विचार मंच के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह के नेतृत्व में जनसंघ के संस्थापक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुजरात के पूर्व राज्यपाल स्वर्गीय कैलाश पति मिश्र की 100जयंती मनाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महा मंत्री रमेश जी उपाध्यक्ष प्रमोद राय कुमुद रंजन जी वीरेंद्र जी अशोक जी अमितेश अमर जी आलोक श्रीवास्तव जी प्रमोद पाठक जी ठाकुर जी कृष्ण मुरारी झा तथा सभी पार्टी के प्रमुख व्यक्ति उपस्थित संचालन रमेश जी ने की शैलेंद्र जी उनकी जीवनी पर प्रकाश डालें।

# बर्बरता की हद

देश आज फिर उन सवालों का जवाब मांग रहा है जो दिल्ली के बर्बर निर्भया कांड के बाद उपजे थे। दरअसल, निर्भया कांड से उपजे आक्रोश को दबाने के लिये जो उपाय किये गये थे वे कारगर साबित नहीं हुए हैं। तभी हर दिन समाज के मुंह पर कालिख पोतने वाली घटनाएं सामने आती हैं। जो समाज में नैतिक मूल्यों के पतन को भी दशार्ती हैं। कभी दिल्ली, कभी कठुआ तो कभी पटना का नाम आता है मगर बर्बरता एक जैसी है। पिछले दिनों राजस्थान से भी ऐसी दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। राजनेता भी अपनी सुविधा से विरोध करते हैं। राजनीतिक दल वहीं मुखर नजर आते हैं जहां उनकी सरकार नहीं होती है। अपने दल की सरकार में उनकी व्याख्या अलग होती है। मगर आंकड़े डराने वाले हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार, कड़े कानून बनाये जाने के बाद भी पिछले एक दशक में महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों में सतासी फीसदी की वृद्धि हुई है। यह आंकड़ा किसी भी सभ्य समाज को शर्मसार करने वाला है कि वहां हर बीस मिनट में दुराचार का एक मामला सामने आता है। यह विचारणीय प्रश्न है कि देश में यौन हिंसा के उफान की असली वजह क्या है? कुछ जानकार इसे इंटरनेट पर अश्लील सामग्री के सैलाब का परिणाम बताते हैं, जिसके चलते यौन कुंठित लोग समाज में बच्चियों व कमजोर महिलाओं को अपना शिकार बनाते हैं। दूसरे नशे के अंधाधुंध प्रचलन ने भी आग में घी का काम किया है। पिछले कुछ वर्षों में जघन्य यौन हिंसा करने वाले अपराधियों ने स्वीकारा कि वारदात से पहले उन्होंने मोबाइल पर अश्लील फिल्में देखी। या फिर अपराध करते वक्त नशे का सेवन किया हुआ था। बहरहाल, जिस देश में नारी को पूजने की बात होती थी वहां लगातार ऐसे भयावह मामलों का प्रकाश में आना समाज व सरकार की गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए।

# ड्रोन से बढ़ता खतरा

हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर और पंजाब की पाक से लगी सीमा पर सुरक्षा बलों ने जहां कई ड्रोनों को खदेड़ा, वहीं बड़ी मात्रा में आधुनिक हथियार और गोला-बारूद बरामद किया। समस्या यह है कि ड्रोन को भारतीय सीमा में विषम मौसम और देर रात भेजा जाता है। कोहरे और सर्दियों में इनकी निगरानी करना अपने आप में चुनौती है। फिर इनसे हथियार आदि दुर्गम इलाकों में गिराये जाते हैं जहां आतंकवादियों के स्थानीय मददगार पहुंच रखते हैं। जम्मू-कश्मीर में सर्दियों के मौसम में बर्फबारी के कारण घुसपैठ संभव नहीं हो पाती, ऐसे में ड्रोन को पाकिस्तान कारगर हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है। हाल के दिनों में अमृतसर में एक अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा हुआ जो ड्रोन की आपूर्ति व निर्माण से जुड़ा था, जिसके संपर्क पाकिस्तान तक थे। छापों के बाद कई लोग गिरफ्तार किये गये। इस गिरोह के सदस्य देश की राजधानी में ड्रोन की खरीद-बेच और उसके निर्माण में जुटे थे। निस्संदेह यह देश की सुरक्षा के लिये बड़ी चुनौती है। ड्रोन के जरिये देश के महत्वपूर्ण और संवेदनशील इलाकों को आतंकी वारदात का शिकार बनाया जा सकता है। ड्रोनों के पंजीकरण और उन्हें उड़ाने की वैधता के लिये सरकार की तरफ से पहल तो हुई है, मगर इस संवेदनशील विषय में सतर्कता के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। आधुनिक तकनीक से देश के भीतर ड्रोनों की गतिविधियों की निगरानी की जा सकेगी। निस्संदेह सुरक्षा के मद्देनजर देश में बेहतर ड्रोन नियामक सिस्टम बनाने और आधुनिक तकनीक के जरिये इनके निगरानी कार्यक्रम को जल्दी अंतिम रूप देने की जरूरत है। साथ ही देश की सीमाओं पर उच्च तकनीक वाले संवेदनशील यंत्र लगाने की जरूरत है जो पाक की ओर से आने वाले ड्रोनों की निगरानी कर सकें और उन्हें निष्क्रिय बना सकें। इसके मुकाबले के लिये तैयारी जरूरी है।

# जाति आधारित गणना कराना मास्टर स्ट्रोक है?



बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने जाति आधारित गणना करवा कर उसके आंकड़े जारी कर दिये हैं। बिहार सरकार के इस कदम को बहुत बड़ा मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है और दावा किया जा रहा है कि 2024 के लोकसभा चुनाव परिणाम पर इसका व्यापक असर पड़ सकता है। जो लोग नीतीश कुमार सरकार के इस कदम को मास्टर स्ट्रोक बता रहे हैं उन्हें समझना होगा कि यह मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार को पिछड़ेपन से आजादी मिल जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में स्कूलों की हालत सुधर जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में अस्पतालों की हालत सुधर जाती, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में गुंडाराज और माफिया राज का खात्मा हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में पेपर लीक होना बंद हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में बेरोजगारी समाप्त हो जाती और पलायन रुक जाता, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतें बंद हो जातीं, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में सड़कों की हालत सुधर जाती। मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में उद्योग-धंधे लग जाते, मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में नौकरी की मांग पर पुलिस लाठीचार्ज होना बंद हो जाता। मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार भी जीएसटी संग्रहण में कुछ योगदान कर पाता। इसलिए नीतीश कुमार का यह फैसला मास्टर स्ट्रोक नहीं बिहार को पीछे धकेलने का प्रयास है।



-नीरज दूबे

> मास्टर स्ट्रोक तब होता जब बिहार में स्कूलों की हालत सुधर जाती, जब बिहार में अस्पतालों की हालत सुधर जाती, जब बिहार में गुंडाराज और माफिया राज का खात्मा हो जाता, जब बिहार में पेपर लीक होना बंद हो जाता, जब बिहार में भ्रष्टाचार समाप्त हो जाता, जब बिहार में बेरोजगारी समाप्त हो जाती और पलायन रुक जाता, जब बिहार में शराबबंदी के बावजूद जहरीली शराब पीने से होने वाली मौतें बंद हो जाती।

यह बात सही है कि सरकार के पास जनसंख्या संबंधी विस्तृत आंकड़े होंगे तो विकास योजनाएं बनाने में आसानी होगी लेकिन जब जाति जनगणना के आंकड़े जल्द ही होने वाली राष्ट्रीय स्तर पर जनगणना से भी हासिल किये जा सकते हैं तो राज्यों को अपनी मशीनरी का इस्तेमाल जाति आधारित राजनीति के लिए करने से बचना चाहिए। हम आपको बता दें कि बिहार मंत्रिमंडल ने पिछले साल दो जून को जाति आधारित गणना कराने की मंजूरी देने के साथ इसके लिए 500 करोड़ रुपये की राशि आवंटित की थी। जरूरत इस बात की थी कि नीतीश कुमार अपने लंबे कार्यकाल में किये गये कार्यों का रिपोर्ट कार्ड जारी कर अपनी उपलब्धियां बताते लेकिन उन्होंने जाति आधारित गणना करवा कर चर्चा को दूसरी ओर मोड़ने का प्रयास किया है।

बिहार सरकार में शामिल नेता अब हुंकार भर रहे हैं कि वह राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना के लिए माहौल बनाएंगे। कुछ लोग इसे मंडल पार्ट-2 कह रहे हैं। ऐसे नेताओं को याद रखना चाहिए कि मंडल भाग-1 के दौरान कुछ लोगों द्वारा जिस तरह की राजनीति की गयी थी उससे समाज को बहुत नुकसान हुआ था और देश में अशांति फैली थी इसलिए बिहार सरकार ने जो कुछ किया उसे मंडल पार्ट-2 की संज्ञा देकर माहौल को बिगाड़ा नहीं जाना चाहिए। आज जब देश तरक्की के रास्ते पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। दुनिया भर में मंदी के माहौल के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार मजबूत हो रही है और हम विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर कदम बढ़ा चुके हैं, ऐसे में विकास की बात ना कर जाति को महत्व देना गलत है। जरा दुनियाभर में नजर उठा कर देखिये किस विकसित देश ने आगे बढ़ने के लिए जाति या धर्म को महत्व दिया है? देखा जाये तो मोदी सरकार का यह कहना पूर्णतया तर्कसंगत था कि जनगणना करते समय अन्य पिछड़ी जातियों की गणना नहीं की जाएगी। जहां तक पिछड़ों की गणना का सवाल है, पहली बात तो यह है कि अक्सर हर जाति के लोग अपने आप को पिछड़ा बताने के लिए तैयार हो जाते हैं, क्योंकि नौकरियों में आरक्षण का लाभ मिलेगा। उसका नतीजा यह होता है कि किसी प्रदेश के एक जिले में जो जाति सवर्ण है, वही दूसरे प्रदेश के अन्य जिले में पिछड़ी है।

हम आपको यह भी बता दें कि देश में आखिरी बार सभी जातियों की गणना 1931 में की गई थी। 1931 की जनगणना में जातियों की संख्या पूरे भारत में 4147 थी लेकिन 2011 की जनगणना में उनकी संख्या छलांग मारकर 46 लाख तक पहुंच गई। देखा जाये तो किसी भी व्यक्ति की जाति को निर्धारित करने का कोई निश्चित वैज्ञानिक पैमाना नहीं है। वह जो कह दे, वही सही है। सच्चाई तो यह है कि पिछड़ा, पिछड़ा होता है। उसकी कोई जाति नहीं होती। हर जाति में पिछड़े हैं और हर जाति में अगड़े हैं। इसीलिए जनगणना करने वाले बाबू लोग कभी-कभी बड़े विभ्रम में पड़ जाते हैं। वे देखते हैं कि गांवों के बड़े-बड़े जमींदार, जिनके बच्चे विदेशों में पढ़ रहे हैं, वह अपनी जाति के आधार पर अपने को पिछड़ों में शामिल करवा लेते हैं। हम आपको यह भी याद दिला दें कि सरकार ने 2011 में पिछड़ेपन का सर्वेक्षण करवाया था। उसमें जाति संबंधी जानकारी भी मांगी गयी थी लेकिन 2010-11 में चले ह्यमेरी जाति हिंदुस्तानीह्ण आंदोलन ने इतना तगड़ा दबाव बनाया कि सरकार ने उन आंकड़ों को जारी ही नहीं किया था।

बहरहाल, मोदी सरकार का यह संकल्प स्वागत योग्य है कि वह जातीय जनगणना नहीं करवाएगी। वैसे भी जाति जनगणना पिछड़ों के भले के लिए नहीं नेताओं ने अपने भले के लिए कराई है ताकि हिंदू समाज को बांट कर अपने राजनीतिक हितों को साधा जाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तो इस मुद्दे पर विपक्ष पर हमला यह कहते हुए बोल ही दिया है कि कांग्रेस ने गरीबों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है और छह दशकों तक देश को जाति के आधार पर विभाजित किया है और यह ₹पाप₹ वह अब भी कर रही है। जो लोग इस बात की गलतफहमी पाले बैठे हैं कि जाति आधारित गणना के चलते अगले लोकसभा चुनावों के लिए माहौल पूरी तरह भाजपा के खिलाफ हो जायेगा, उन्हें यह समझना होगा कि देश का कोई एक भाग भले जाति आधारित राजनीति के कुचक्र से अब तक बाहर नहीं निकला हो लेकिन बाकी देश विकास की मुख्यधारा से जुड़कर आगे बढ़ रहा है और चुनाव में मतदान देशहित से जुड़े मुद्दों को देखते हुए ही करेगा।

## खास बात

### न लव न जेहाद, क्रूरतम हत्या

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**वास्तव** में आफताब ने श्रद्धा की जो बर्बरतापूर्ण हत्या की है, उसकी जितना निंदा की जाए, वह कम है। आफताब को तुरंत इतनी कड़ी सजा इस तरीके से दी जानी चाहिए कि हर भावी हत्यारे के रोंगटे खड़े हो जाएं लेकिन उसे ह्यलव जिहादह्ण कहने की तो कोई तुक नहीं है। आफताब और श्रद्धा के बीच न ह्यलवह्ण था और न ही 'जिहाद'। दोनों के बीच प्रेम होना तो अपने आप में बड़ी बात है, अगर उनमें थोड़ी भी आत्मीयता होती तो उनके पिछले तीन साल में क्या बार-बार इतने जानलेवा झगड़े होते? जब सचमुच का प्रेम होता है तो प्रेमी और प्रेमिका एक-दूसरे के लिए अपने प्राण भी न्यौछावर कर देते हैं। और जहां तक जिहाद का सवाल है, जिहादे-अकबर का अर्थ होता है- अपने काम, क्रोध, मद, लोभ और वासनाओं पर विजय पाना।

यह, जो दोनों के बीच सहवास संबंध हुआ (लिविंग टुगेदर), वह जिहाद का एकदम उल्टा है। यदि जिहादे-असगर का अर्थ आप को यह लगता है कि धर्म-परिवर्तन के लिए मुसलमान लोग हिंदू लड़कियों को अपने चक्कर में फंसा लेते हैं तो इसमें ज्यादा दोष किसका है? क्या वह व्यक्ति मूर्ख नहीं है जो ऐसे चक्कर में फंस जाता है? ऐसे मूर्खों की हानि पर कोई अफसोस क्यों व्यक्त करे? मैं भारत और विदेशों में ऐसे दर्जनों परिवारों को निकट से जानता हूं, जिनमें पति और पत्नी विभिन्न धर्मों के हैं लेकिन उनमें कोई विवाद नहीं होता। या तो वे लोग सभी धर्मों को पाखंड मानते हैं या फिर वे अपने आप को इनसे ऊपर उठा लेते हैं। जो लोग धर्मनिष्ट होते हैं, वे अपने-अपने धर्म को सहज भाव से मानते हैं लेकिन आजकल पश्चिमी राष्ट्रों की नकल पर हमारे यहां भी लिव इन रिलेशनशिप (सहवास) का रिवाज चल पड़ा है। याने शादी किए बिना साथ-साथ रहना। श्रद्धा और आफताब का मामला भी वैसा ही था। ऐसे मामलों में लव-जिहाद के नाम पर वासना की भूमिका ज्यादा तगड़ी होती है। ऐसा संबंध व्यभिचार और दुराचार को बढ़ाता है। यह परिवार नामक पवित्र संस्था का विलोम है। ऐसे संबंधों का समर्थन किसी भी धर्म में नहीं है।

# मनुष्य, अनंत शक्ति का भंडार

## विचार-प्रवाह



**श्रीराम शर्मा आचार्य**

मनुष्य अपने आप में एक परिपूर्ण इकाई है। उसमें वे समस्त शक्तियाँ और संभावनाएँ जन्मजात रूप में विद्यमान हैं, जिनके आधार पर किसी भी दिशा में पूर्णता एवं सफलता के उच्च-शिखर पर पहुँचना संभव हो सकता है।

समस्त दैवी शक्तियों का प्रतिनिधित्व मनुष्य की अंतः चेतना करती है। प्रसुप्त पड़ी रहने पर वह भले ही अपना गौरव प्रकट न कर सके, पर जब वह जाग जाती है तो यही अंतःचेतना व्यक्तित्व में अगणित ऐसे सद्गुण प्रस्फुटित करती है, जिनसे किसी दिशा में चमत्कार प्रस्तुत किये जा सकते हैं।

बाहरी हानि-लाभ, सहयोग और अवरोध मनुष्यता की प्राप्ति एवं अवगति के उतने बड़े कारण नहीं, जितने कि अपने आंतरिक सद्गुण एवं दुर्गुण । व्यक्ति स्वयं ही अपने उत्थान, पतन का उत्तरदायी है। जिसने अपने को समझा, सम्भाला और बढ़ाया, वह निश्चित रूप से प्रगति के पथ पर अग्रसर हुआ है। अपने भीतरी शक्ति-कोष को जगाने पर मनुष्य अपरिमित दिव्य-शक्तियों से विभूषित हो सकता है।

बाहरी सहायता की अपेक्षा करने की तुलना में यह अच्छा है कि मनुष्य अपने भीतर छिपी सत्प्रवृत्तियों को ढूँढ़े एवं उभारे। प्रगति का सारा आधार व्यक्ति की अंतः चेतना और भावनात्मक स्फुरणा पर ही तो अवलंबित है।


**इस** राज्य में खान संपदा की भी आयु है। एक दिन वो भी खत्म हो जाएगा, तब कृषि ही एक सतत विकल्प है जो इस राज्य के इकॉनमी को सम्भालेगा। इसकी तैयारी हमें आज से करनी होगी।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## आपके ट्वीट

जीवन की हर नई चुनौती अपने साथ उचित अवसर, नई संभावनाएँ व विकास की विविध विधाएँ भी साथ लाती हैं ।अतः लक्ष्य को सर्वोपरि रखें और कठिन परिस्थितियों में शांत, मजबूत तथा संतुलित रहने का प्रयास करें !

**– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





यह है मोदी का नया भारत !चाहे पानी हो या बरसात,धीमी नहीं पड़ती विकास की रफ्तार।

राँची में भारी बारिश के बावजूद रातू रोड में निर्माणधीन एलिवेटेड कॉरिडोर की रफ्तार में कोई कमी नहीं आई। कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। **– संजय सेठ**

## कार्टून वर्ल्ड




साभार : कार्टून मूवमेंट

## लेटर टू एडिटर

### जागरूक हों

**आज** शहरों, गांवों में लोग कूड़े-कर्कट और प्लास्टिक आदि के ढेर में अनावश्यक रूप से आग लगाकर वायु को प्रदूषित कर रहे हैं। वाहनों से निकलने वाला प्रदूषण क्या कम था कि जंगलों में घास के ढेर को आग लगाकर जीवित वृक्षों तक को जलाने में नहीं चूकते। समाज को जागरूक होना होगा। जब तक प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक नहीं होगा तब तक वायु प्रदूषण ऐसे ही बढ़ता रहेगा। **–अशोक वर्मा, रांची**

### मिलजुल कर समाधान

**वायु** गुणवत्ता सूचकांक खतरनाक स्थिति पर पहुंचने पर सरकारों के तुगलकी फरमान जारी हो जाते हैं। उद्योग निर्माण व यातायात पर प्रतिबंध लगाए जाते हैं जिससे सबसे ज्यादा श्रमिक वर्ग प्रभावित होता है। हर नागरिक को चाहिए कि अपने आसपास ज्यादा से ज्यादा पेड़ पौधे लगाएं और उनका रखरखाव भी करें। जब तक जागरूकता और जनभागीदारी न हो। **–पूनम कश्यप, गुमला**

# अदालतों से मिलने वाली लताड़ की अब ममता सरकार को आदत-सी पड़ गयी है

## सामयिक

**योगेंद्र योगी**

पश्चिम बंगाल की ममता सरकार शायद यह भूल गई कि बहुमत से सत्ता में आने का मतलब यह नहीं है कि देश की मौजूदा संवैधानिक व्यवस्था से खिलवाड़ किया जा सके। कानून को अपनी सुविधा और फायदे के लिए तोड़ा-मरोड़ा नहीं जा सकता।

कानून-व्यवस्था से खिलवाड़, भ्रष्टाचार और वोट बैंक के लिए सरेआम तुष्टिकरण जैसी नीतियों के कारण पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार ने हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से जितनी लताड़ खाई है, उतनी देश के किसी अन्य राज्यों की सरकारों ने शायद ही कभी खाई हो। आश्चर्य की बात यह है कि अदालतों से मिली मुकदमों में हार और फटकार के बावजूद ममता सरकार ने कोई सबक नहीं सीखा। ममता सरकार का रवैया संविधान के कायदे-कानूनों का उल्लंघन करना रहा है। विपक्षी दलों ने ममता सरकार की इस प्रवृत्ति पर कभी पुरजोर तरीके से विरोध नहीं किया। सत्ता में होने का बेजा फायदा उठाने की लगातार बढ़ती पुनरावृत्ति पर अदालतों ने अंकुश लगाया है। ममता सरकार का रवैया ऐसा रहा है जैसे पश्चिम बंगाल भारत के संवैधानिक दायरे से अलग कोई देश हो।

नया मामला पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकायों में भर्ती घोटाले से जुड़ा है। पश्चिम बंगाल सरकार को अन्य मामलों की तरह इसमें भी एक बार फिर सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में स्थानीय निकाय मामले में दखल देने से इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि स्थानीय निकाय भर्ती और शिक्षक भर्ती घोटाले में लिंक है। इन दोनों मामले में वो सीबीआई और ईडी जांच का सामना कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली तीन जजों की पीठ ने कथित घोटाले में सीबीआई और ईडी जांच को चुनौती देने वाली पश्चिम बंगाल सरकार की अर्जी पर राहत देने से इंकार कर दिया। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदी वाला और जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने इस दलील को मान लिया कि ये सब बड़ी साजिश का हिस्सा हो सकता है। सीबीआई जांच काफी आगे पहुंच गई है। अब इसमें दखल देते हुए रोकना उचित नहीं है। इससे पहले भी ममता सरकार भ्रष्टाचार सहित कई दूसरे महत्वपूर्ण मामलों में सुप्रीम कोर्ट से हार का सामना करना पड़ा है। सुप्रीम कोर्ट मिली लताड़ और हार के बावजूद ममता सरकार के रवैये में कोई विशेष सुधार नहीं आया। सरकार की ना तो कार्यशैली बदली और न ही तृणमूल कांग्रेस में कोई तब्दीली नजर आई। पूर्व में सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल सरकार की बिना यूपीएससी के दखल के पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति की अनुमति देने की याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने डीजीपी के मामले में कहा था कि हमारे पिछले आदेश में बदलाव की कोई जरूरत नहीं है। कोर्ट ने बार-बार एक ही तरह की याचिका दाखिल करने के लिए पश्चिम बंगाल सरकार पर नाराजगी जताई। कोर्ट ने कहा था कि इस तरह के आवेदन कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग है।

सुप्रीम कोर्ट एक पुराने आदेश में कह चुका है कि हर राज्य को डीजीपी की नियुक्ति से पहले यूपीएससी से योग्य अधिकारियों की लिस्ट लेनी होगी। उसी लिस्ट में से चयन करना होगा। पश्चिम बंगाल सरकार का कहना था कि यह व्यवस्था गलत है। राज्य सरकार को चयन का पूर्ण अधिकार मिलना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट की इस व्यवस्था को लेकर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों की राज्यों सरकारों को कोई आपत्ति नहीं जताई। इन मामलों की तरह ही इस साल पश्चिम बंगाल में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुई हिंसा मामले में ममता सरकार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा था। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा।

# वायु सेना 2.5-3 लाख करोड़ रुपये की सैन्य उपकरण से लैस होगी

## रक्षा

भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने कहा कि देश की वायु सेना अगले सात-आठ वर्षों में 2.5-3 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए सैन्य उपकरण खरीदने पर विचार कर रही है। वायु सेना वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी), खासतौर पर पूर्वी लद्दाख में हालात पर लगातार नजर रख रही है।

एलसीएच (हल्के लड़ाकू हेलिकॉप्टर), एलसीए (हल्के लड़ाकू विमान) मार्क 1ए, एचपीआर (शक्तिशाली रडार), और सीआईडब्ल्यूएस (नजदीक से हमला करने वाले हथियार की प्रणाली) खरीद का अनुबंध करार आखिरी चरण में है और इसकी लागत करीब 1.72 लाख करोड़ रुपये है।इस साल सालाना नकदी खर्च करीब 41,180 करोड़ रुपये का है। इस वित्त वर्ष के अनुबंध करार की बात करें तो केवल घरेलू स्तर की खरीद पर ही लगभग 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वायु सेना ने 97 तेजस मार्क 1ए हल्के लड़ाकू विमान खरीदने की योजना बनाई है और इसके अलावा इसने हिंदुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के साथ 40 तेजस मार्क1 और 83 तेजस मार्क आईए लड़ाकू विमानों की खरीद पर मुहर लगाई है।

एक सवाल के जवाब में एयर चीफ मार्शल ने जानकारी दी कि भारतीय वायु सेना ने रूस से जमीन से हवा में निशाना साधने वाली तीन मिसाइल एस-400 मंगा ली है और अगले साल तक ऐसी दो और मिसाइलें मिल जाएंगी। भू-राजनीतिक स्थिति (भारत के पड़ोस में) में काफी अनिश्चतता है ऐसे में एक मजबूत सेना की आवश्यकता है।

भारतीय वायु सेना, स्वदेशी विमान परियोजनाओं का तेजी से विकास और संचालन, लगातार निगरानी की क्षमता, सेंसर और शूट के समय में कमी करना, लंबी दूरी के सटीक हमले और कई डोमेन वाली क्षमता के विकास पर जोर दे रही है। पिछले महीने भारतीय वायु सेना की 11 स्क्वाड्रन में पहले सी-295 मध्यम स्तर के परिवहन विमान को शामिल किया गया जो भारत के रक्षा उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण पड़ाव है।पूरी परियोजना के तहत स्पेन में 16 सी-295 विमान और भारत में 40 विमान बनाये जाने हैं। इससे करीब 42.5 लाख मानव श्रम के घंटे की गुंजाइश बनेगी और प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष तरीके से करीब 6,000 रोजगार और कौशल रोजगार के अवसर तैयार होंगे। सात राज्यों में फैले लगभग 125 सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम, 13,400 से अधिक पार्ट्स, 4,600 सब-असेंबली और सात प्रमुख कंपोनेंट असेंबली निर्माण शामिल होगा।

वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भविष्य के लिए तैयार रहने के मकसद से सशस्त्र बलों का अनुसंधान एवं विकास (आरऐंडडी) जरूरी है। उन्होंने कहा कि रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचार (आईडीईएक्स) और मेक प्रोग्राम ने रक्षा क्षेत्र से जुड़े आरऐंडडी के लिए ह्यमेक इन इंडिया पहल को रफ्तार दी है।

वायु सेना ने आईडीईएक्स प्रोग्राम के तहत यूएएस (मानव रहित हवाई प्रणाली) रोधी समझौते पर हस्ताक्षर कर स्वदेशीकरण की पहल की है। उन्होंने कहा, ह्यहम इस रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं और हाल ही में स्वार्म अनमैन्ड म्युनिशन सिस्टम्स का अनुबंध किया गया है जो भारतीय वायु सेना द्वारा शुरू की गई बेहद सफल मेहर बाबा स्वार्म ड्रोन प्रतियोगिता का परिणाम है।ह्ण

भारतीय वायु सेना ने लघु अवधि के लिए एयरमैन की भर्ती वाली अग्निपथ योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कुरसे में चला स्वच्छता अभियान



**भदानीनगर (रामगढ़)।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत कुरसे गांव में गुरूवार को स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान कुरसे गांव में फैले कूड़ा-कचरों की साफ-सफाई की गई। मुखिया संदीप उरांव के नेतृत्व में रैली निकालकर स्वच्छता के प्रति ग्रामीणों को जागरूक भी किया गया। उरांव ने कहा कि स्वच्छता के बल कई संक्रामक बीमारियों से बचा जा सकता है। कन्या मध्य विद्यालय में स्वच्छता विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें कुरसे में घर, आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूल, पंचायत भवन, शौचालय के उपयोग और स्वच्छता पर जोर दिया गया। प्रतियोगिता में शामिल बच्चों को उपहार स्वरूप सांत्वाना पुरस्कार से नवाजा गया। बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि यहां के बच्चे प्रतिभा के धनी हैं। ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखरती है। साथ ही बच्चों में नये ऊर्जा का भी संचार होता है। मौके पर उप मुखिया अजय तुरी, युनिसेफ के सुरजीत कुमार, शिक्षक सुषमा सिंह, वार्ड सदस्य मनोहर मुंडा, सती देवी, जनार्दन मुंडा, संतोष यादव, आगनबाड़ी सेविका किरण सिंह, कुंती देवी, कबिता देवी आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### रामगढ़ में शौर्य रथ का भव्य स्वागत



**रामगढ़ ।** अयोध्या में बन रहे भव्य श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त राष्ट्रव्यापी शौर्य जागरण रथ यात्रा का गुरुवार को रामगढ़ पहुंचा। रथ की अगवानी कर रहे मोटरसाइकल सवार सैकड़ों रामभक्तों के जयघोष से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। फूल अक्षत और धूप जलाकर श्रद्धापूर्वक श्रीराम मंदिर के प्रतीक चिन्हों से सुसज्जित रथ का भव्य स्वागत स्थानीय महिला पुरुषों ने किया । कुजू, नायामोड़ होते हुए रथ सांडी पहुंचा जहां जीवन रेखा अस्पताल के समीप स्कूली बच्चों के द्वारा आरती कर रथ का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा में साथ चल रहे श्रद्धालुओं के बीच अस्पताल प्रबंधक द्वारा चाय,शरबत का वितरण किया गया। जिला मंत्री छोटू वर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह ये रथ भुरकुंडा,पतरातु होते हुए रामगढ़ जिले की सीमा से विदा हो जाएगी। उन्होंने 8 अक्तूबर को धुर्वा मैदान में आयोजित धर्मसभा हेतु सभी माताओं बहनों और रामभक्त सनातनियों से भारी संख्या में शामिल होने का आग्रह किया।

### समाज से बड़ा पार्टी नहीं: छोटेलाल



**रजरप्पा।** बुंडू अनुमंडल कार्यालय (रांची) के समक्ष लोहरा-करमाली समाज समन्वय समिति द्वारा 09 अक्टूबर को आयोजित होने वाली धरना को लेकर समाज के पदाधिकारियों ने क्षेत्र में दौरा किया और बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। समिति के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष छोटेलाल करमाली ने रजरप्पा प्रोजेक्ट, बड़कीपोना, छोटकीपोना, बोरोबिंग, लारी, सांडी आदि क्षेत्र में कार्यक्रम को लेकर प्रचार प्रसार किया। उन्होंने कहा कि धरना कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का राजनीति मुद्दा नहीं रहेगा। वहां केवल समाज के हितों की बात होगी। समाज से बड़ा कोई नेता नहीं और समाज से बड़ी कोई पार्टी नहीं है। मौके पर प्रकाश करमाली, मुखिया रविंद्र करमाली, स्कृष्णा करमाली, जिला प्रवक्ता गौतम करमाली, राजेंद्र करमाली, महंगु करमाली सहित समाज के लोग मौजूद रहे।

### उत्क्रमित मवि में पेंटिंग प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुरकुंडा में आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम अंतर्गत संकल्प सप्ताह के तहत गुरुवार को स्वच्छता से संबंधित विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता हुआ। भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान के नेतृत्व में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में कक्षा 5 से 8 तक के तमाम छात्र-छात्राएं शामिल हुए। साफ-सफाई अभियान और स्वच्छता रैली से संबंधित इस प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों ने अपने-अपने पेंटिंग के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता भरा संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता औचक निरीक्षण करने को ले स्कूल पहुंचे। जहां विद्यार्थियों द्वारा सादे कागज पर उकेरे गए पेंटिंग की जमकर सराहना की। बीडीओ मनोज गुप्ता ने कहा कि बच्चों को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए ऐसी प्रतियोगिताएं मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा की बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पढ़ाई के साथ-साथ ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। ताकि बच्चों की प्रतिभा और निखर सके। मौके पर मुखिया अजय पासवान, पंचायत सचिव सावित्री, शिक्षक अशोक राय, सतीश कुमार, प्रेमलता सहित दर्जनों विद्यार्थी मौजूद थे।

### शौर्य रथ का कुजू में भव्य स्वागत



**कुजू।** विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल द्वारा संयुक्त रूप से चतरा से निकाली गई शौर्य जागरण रथ गुरुवार को कुजू पहुंची। यात्रा को विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं व धर्मप्रेमियों द्वारा चरही से केसरिया झंडों व गगनभेदी जयघोष के बीच आगवानी करते हुए शिव मंदिर कुजू लाया गया। श्री राम मंदिर के प्रारूप का पूजन किया गया। साथ ही पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही रथ चालक सूरज जी व सवार सुरेंद्र जी को सम्मानित किया गया। इस दौरान अयोध्या में बन रहे प्रभु श्री राम के दिव्य व भव्य मंदिर के संबंध में जानकारी दी गई। बाद में शौर्य जागरण यात्रा को रांची के लिए रवाना किया गया। मौके पर जयकुमार ओझा, राकेश कुमार रॉक, जयकुमार ओझा, अरविंद साहू, रवि साहू, आकाश सिंह, श्रवण साव, ऋषभ सहाय, विकास सिंह, फूदन मिश्रा, नरेश प्रसाद, सागर कुमार, प्रेम पटेल, पवन साहू, अभिषेक पासवान, शिववचन सिंह, वीरेंद्र करमाली, शुभम सिंह, अमित केशरी आदि शामिल थे।

# नमो फुटबॉल टूर्नामेंट का शानदार समापन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पुरुष वर्ग में कटकमसांडी और महिला वर्ग में कस्तूरबा विद्यालय की टीम बनी विजेता**





**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा आयोजित नमो फुटबॉल टूर्नामेंट-2023 के चर्तुथ चरण का 21 दिनों के बाद कटकमसांडी प्रखंड में गुरुवार को शानदार समापन हुआ। इस टूर्नामेंट में पुरुष वर्ग में कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र की कुल 75 टीम और महिला वर्ग में कुल 4 टीमों ने भाग लिया। पुरुष टीम का फाइनल कटकमसांडी बनाम बंझिया के बीच खेला गया।

दोनों टीमों के बीच बेहद रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबला हुआ जिसमें मध्यांतर के बाद कटकमसांडी की टीम ने 1 गोल दागकर बंझिया की टीम को पराजित किया और इस टूर्नामेंट का खिताब मेजबान कटकमसांडी की टीम ने 1-0 गोल से अपने नाम कर लिया। वहीं इससे पूर्व महिला टीम में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम बनाम डाटो प्लस टू हाई स्कूल टीम के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। जिसमें दोनों टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया और अंततः प्लेंटी शूटआउट के जरिए निर्णय हुआ जिसमें 1 गोल से आगे रहकर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कटकमसांडी की टीम विजयी हुई और टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता, उपविजेता टीमों और उत्कृष्ट खिलाड़ियों को विधायक मनीष जायसवाल की ओर से पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। टूर्नामेंट में मेन ऑफ द सिरीज शुभम कच्छप, गोल्डन बूट रामजीत उरांव और बेस्ट गोलकीपर साजन सिंह बने। पुरुष वर्ग के विजेता टीम को 30 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को 20 हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी और बालिका वर्ग के विजेता टीम को तीन हजार का चेक और आकर्षक नमो ट्रॉफी एवं उपविजेता टीम को दो हजार नगर एवं आकर्षक नमो ट्रॉफी भेंट किया गया। मौके पर विशेषरूप कटकमसांडी प्रमुख संगीता कुमारी, विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा, कटकमसांडी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष रितलाल यादव, कटकमसांडी पूर्वी मंडल अध्यक्ष जीवन प्रसाद मेहता, मुखिया रामकुमार मेहता, महामंत्री राकेश कुमार सिंह, भाजपा युवा मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष सुमन राय,प्रेम चंद प्रसाद , राजकुमार यादव, जयप्रकाश केशरी, विजय दांगी ,अनुराग मित्तल, लेखराज यादव, सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित सैकड़ों अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# रोहाने कोल कंपनी को ले डीसी से मिली अंबा प्रसाद

**1.33 एकड़ भूमि रैयतों को वापस दिलाने की मांग की**

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बड़कागांव।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरिया में मेसर्स रोहाने कोल कंपनी प्राइवेट लिमिटेड के नाम से अधिग्रहित भूमि संबंधित भू रैयतों को वापस दिलाने में हो रहे अड़चन को दूर कराकर संबंधित ग्रामीणों को उनकी भूमि वापस दिलाने की मांग को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय से मुलाकात की। इस दौरान जिप सदस्य पूर्वी गीता देवी, समाजसेवी दीपक करमाली सहित कई रैयत साथ मौजूद थे। विधायक अंबा प्रसाद ने उपायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि माननीय मंत्री झारखंड सरकार के विविध वाद संख्या 09/2021-22 के आलोक में आदेश पारित हुआ था जिसमें बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पसेरीया की लगभग 1.33 एकड़ भूमि संबंधित रैयतों को वापस करने का आदेश पारित किया गया था। लेकिन उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया है। जिसके कारण वर्तमान में संबंधित भूमि के मालिकों को जमीन वापस नहीं हो पाई है। विधायक ने उपायुक्त से मांग किया कि सभी अडचनों को दूर करके रोहाने कोल कंपनी द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि को संबंधित रैयतों को वापस करने हेतु आवश्यक कार्रवाई की जाए। वही उपायुक्त ने अंबा प्रसाद को आस्वस्त किया कि शीघ्र ही इस संबंध में न्यायोचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।मौके पर महेंद्र मांझी,सुमन हंसदा,बसंत उरांव,महेंद्र गंझु,चरकू मांझी,दिलीप तिर्की,गोपाल बेसरा,सुरेंद्र मुंडा मौजूद थे।

### एस्पायर के छात्र का दो नौकरियों में चयन





**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पूरे रामगढ़ जिला का नंबर वन कोचिंग संस्थान रिभर साईड और पटेलनगर भुरकुंडा स्थित एस्पायर कोचिंग सेंटर का छात्र आमिर सोहेल ने दो नौकरियों में सफलता अर्जित कर माता-पिता, संस्थान व कोयलांचल का मान बढ़ाया है। आमिर की सफलता पर गुरूवार को संस्थान में समारोह का आयोजन किया गया। कोचिंग के निदेशक रत्नेश कुमार ने छात्र को उपहार देकर उज्जवल भविष्य की कामना की। निदेशक रत्नेश कुमार ने बताया कि सोहेल का एमसीएल झारसुगोड़ा में ओवरमैन के पद एवं एनसीएल में माइनिंग सरदार के पद पर चयन हुआ है।

### एनटीपीसी भूमि मुआवजा घोटाला की जांच के लिए पीआईएल खारिज

**हजारीबाग।** हजारीबाग में एनटीपीसी के लिए हुए भूमि अधिग्रहण के दौरान कथित रूप से हुए तीन हजार करोड़ के भूमि-मुआवजा घोटाला की जांच के लिए दायर याचिका हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है। अदालत ने इस केस के याचिकाकर्ता मंटू सोनी पर एक लाख का जुर्माना भी लगाया है। सुनवाई के दौरान अदालत में एनटीपीसी की ओर से उपस्थित वरीय अधिवक्ता अजित कुमार ने कोर्ट को बताया कि मंटू सोनी पर आपराधिक मामले दर्ज हैं और उसकी जानकारी छिपाकर उन्होंने यह याचिका दाखिल की है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। दरअसल वर्ष 2016 में हजारीबाग में भूमि-मुआवजा से संबंधित गड़बड़ियों के सामने आने के बाद तत्कालीन डीसी मुकेश कुमार की अनुसंशा पर राज्य सरकार ने रिटायर्ड आईएएस अधिकारी देवाशीष गुप्ता की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय एसआईटी टीम गठित की थी। एसआईटी की टीम ने राज्य सरकार को अपनी रिपोर्ट में 3000 करोड़ के भूमि मुआवजा घोटाले किए जाने और 300 करोड़ मुआवजा बांट दिए जाने की जानकारी दी थी।

# चरही : झामुमो का प्रखंड कमिटी गठित



**चरही।** सीसीएल ऑफिसर क्लब चरही में गुरुवार को चुरचू प्रखंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिला संयोजक मंडली के सदस्य नीलकंठ महतो और संचालन दिनेश्वर रविदास कर रहे थे।जबकि बतौर मुख्य तिथि झामुमो के केंद्रीय सचिव सह संयोजक मंडली के सदस्य संजीव बेदिया और विशिष्ट अतिथि राजकुमार महतो और रामकिशोर मुर्मु,बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो उपाध्यक्ष लखीराम मांझी और मनु टुडु,गौरव पटेल और कुर्बान अंसारी थे। मुख्य अतिथि ने कहा कि पार्टी के रीढ़ कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के लोग प्रत्येक पंचायत में जा-जाकर छुटे लोगों को जोड़ने का कार्य करें। पार्टी के केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो ने कहा कि भाजपा के शासन काल में विकास कार्य शून्य के बराबर था। भ्रष्टाचार ही भ्रष्टाचार फैली हुई थी।आने वाले समय में भाजपा और आजसू को झारखंड से सफाया कर दिया जाएगा। केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू ने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार में राज्य में विकास की बायर बह रही है। कई योजनाएं संचालित हो रहे हैं। लोग इसका सीधे लाभ ले सकते हैं। सम्मेलन के बादचुरचू प्रखंड कमेटी का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष दीप नारायण महतो, उपाध्यक्ष सहदेव किस्कु,सचिव आनंद मरांडी और कोषाध्यक्ष मुजफ्फरूल अंसारी को चयन किया गया। मौके पर दीपनारायण महतो,धरज मांझी,गुड्डू महतो,परमेश्वर सिंह भोक्ता, लखीराम मांझी,रोहन ठाकुर, दिनेश्वर रविदास,दशरथ महतो, रविंद्र कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# परिवार ही राष्ट्र एकात्मता का सूत्र : जोशी



**रामगढ़।** रामगढ़ के गणक मैरिज हॉल में मंगलवार को कुटुंब प्रबोधन सह परिवार स्नेह मिलन हुआ।मार्गदर्शन के लिए राजस्थान के जोधपुर से वरीय प्रचारक नंदलाल जोशी ने संबोधन दिया था। इस दौरान जिले से लगभग 200 परिवार शामिल हुए थे। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुआ । इसके लिए सरस्वती वंदना आराध्या वशिष्ठ और रितिका वशिष्ठ ने किया। जोशी ने कहा कि भारत समृद्धशाली इसलिए है क्योंकि भारत की आत्मा परिवारों में बसती है। राष्ट्र की एकात्मता का सूत्र भारतीय परिवार व्यवस्था ही है। इस व्यवस्था के कारण ही यहां की सांस्कृतिक व्यवस्था अक्षुण्ण बनी हुई है। यही कारण है कि पूरा विश्व आज भारत की संस्कृति को अपनाता जा रहा है। पूरे विश्व में भारतीय लोग कहीं भी जाते हैं तो अपनी संस्कृति अपने साथ लेकर चलते हैं जिसके कारण उन्हें हर जगह सम्मान मिलता है। उन्होंने कहा कि जिसने भी अपनी संस्कृति अपने संस्कार छोड़ दिए उसका पतन निश्चित है। इस कार्यक्रम में सहयोगियों के रूप में सुरेश गणक द्वारा परिसर सहयोग के रूप में दिया गया था। इस कार्यक्रम की तैयारी एक महीने से की जा रही थी जिसमें जिले भर के स्वयंसेवकों के साथ जिले के कई लोग भी उपस्थित हुए।

### लायंस क्लब ऑफ ने किया पौधारोपण

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विश्व लायंस सेवा सप्ताह के तहत लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा ने गुरूवार को भुरकुंडा उच्च विद्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में पौधारोपण किया । इसकी शुरूआत क्लब की अध्यक्ष माला शर्मा, सचिव रेखा वर्णवाल, कोषाध्यक्ष अंजू देवी ने पौधारोपण कर किया। क्लब के सदस्यों द्वारा करीब 51 फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। साथ ही पौधों के संरक्षण का सामुहिक संकल्प भी लिया गया।

# आकाशदीप कॉलोनी में एक माह से पानी की किल्लत



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** चीफ हाउस पंचायत के आकाशदीप कॉलोनी और चीफ हाउस में पिछले एक माह से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। पानी की समस्या से जुझे रहे ग्रामीणों को दिनचर्या के कार्यों को पूरा के लिए दूर-दराज क्षेत्रों से पानी लाना पड़ रहा है। जिसके कारण बच्चों का पठन-पाठन भी बाधित हो गया है। आकाशदीप कॉलोनी के आक्रोशित महिला-पुरूषों से गुरूवार को सीसीएल प्रबंधन के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए जल्द से जल्द पानी की समस्या को दूर करने की मांग करते दिखें। मामले की सूचना मिलते ही ओवरसियर आकाशदीप कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि एक माह पूर्व कार्य के दौरान पाइप लाइन फट गई थी। जिसके बाद से ही पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है। चीफ हाउस पंचायत के मुखिया विकाश पांडेय ने ओवरसियर को बताया कि उक्त कॉलोनी में कुल 60

**पांच दिन में समाधान नहीं हुआ तो सड़क पर उतरेंगे लोग : विकाश**

घरों में लगभग 300 लोग निवास करते हैं। 60 में 45 घरों में सीसीएलकर्मी रहते हैं। बावजूद इसके पानी की समस्या लोग परेशान हैं। ओवरसियर महली ने कहा कि जल्द से जल्द आपकी समस्याओं का समाधान हो जायेगा। साथ ही कुंआ जमे गंदगी को ब्लीचिंग डालकर साफ-सफाई भी कराई जायेगी। ताकि कुंआ से पानीयुक्त पानी ग्रामीणों को मिल सके। ओवरसियर के सकारात्मक आश्वासन के बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। मौके पर मुखिया विकाश पांडेय ने कहा कि 4 से 5 दिनों के अंदर सुचारू रूप से जलापूर्ति शुरू नहीं हुई तो चीफ हाउस पंचायत व आकाशदीप कॉलोनी के दर्जनो महिला-पुरूष व विद्यार्थी सड़क पर उतर शांतिपूर्वक ट्रांसपोर्टिंग ठप आंदोलन करेंगे। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। मुखिया श्री पांडेय ने यह भी कहा कि आकाशदीप कॉलोनी व चीफ हाउस के बीच सड़क पवर ठोकर नहीं रहने के कारण व ओवरलोड हाईवा के तेज रफ्तार की वजह से आये दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं घटती रहती है।

## एक नजर में

### लोस चुनाव को ले निर्वाचन कर्मियों की बैठक



**बड़कागांव।** लोकसभा चुनाव को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी बालेश्वर राम के नेतृत्व में प्रखंड सभागार भवन में बैठक सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी बीएलओ एवं पर्यवेक्षिकाओ को सोशल मीडिया से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्य कम से कम 80फीसदी मतदान करवाने की तैयारी करने को कहा गया।साथ ही साथ घर-घर जाकर सर्वे करना, जिसमें 80 वर्ष से ऊपर के मतदाता को चिन्हित करने, प्रिवोटर को लेकर काम करने ,मृत्यु हुई वोटर को वोटरलिस्ट से बाहर करने के साथ-साथ स्थानांतरित वोटर की पहचान करने को कहा गया एवं समय सीमा के अंदर कार्य को पूर्ण करने की बात दोहराई गई। किसी प्रकार की परेशानी होने पर पर्यवेक्षकों को सीधे तौर पर संपर्क करने को कहा गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि रंजन, कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज,पर्यवेक्षिका अनुराधा कुमारी,रुखसाना परवीन, पूजा राय, सहयोगी शशि कुमार के साथ-साथ सैकड़ों बीएलओ मौजूद थे।

### सदर विधायक से मिली दारू प्रखंड प्रमुख

**दारू।** हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र के दारु प्रखंड क्षेत्र की प्रमुख कुमारी श्वेता ने गुरुवार को हजारीबाग विधायक सेवा कार्यालय पहुंचकर हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल से मुलाकात की और लागातार जनसेवा के कार्यों में मुस्तैद रहने हेतु उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर बधाई दिया। दारू प्रखंड प्रमुख कुमारी श्वेता ने विधायक मनीष जायसवाल से क्षेत्र के विकास को लेकर विस्तार से चर्चा- परिचर्चा की। विधायक मनीष जायसवाल ने जनकल्याण और विकास कार्यों में हरसंभव मदद का भरोसा भी जताया।

### पंसस ने अपने खर्च से कराया सड़क मरम्मत



**बरही।** पसंस जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने बरही के गया रोड स्थित वीर कुंवर सिंह पथ में मिट्टी मोरम डालकर मरम्मत कराया ।बताते चलें कि विभाग की लापरवाही एवं भारी वर्षा के कारण सड़क की हालत काफी खराब हो गयी थी ।आमजनों के अलावे स्कूली बच्चों का आना जाना दूभर हो गया था ।स्थानीय लोगों ने कई जनप्रतिनिधियों एवं विभाग को आवागमन संबंधी कठिनाइयों से अवगत कराया ।परंतु किसी जनप्रतिनिधि ने स्थिति को गंभीरता को समझने का प्रयास नही किया। सड़क की दुर्दशा को देखते हुए तत्काल पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य उर्फ जीतू ठाकुर ने अपने निजी खर्च से मिट्टी मोरम गिराकर सड़क को आवागमन लायक बनाया। पंसस स्वयं श्रमदान करते हुए सड़क को ठीक किया। वह अपने स्तर से मिट्टी मोरम गिराकर सड़क को दुरुस्त कराने में सहयोग प्रदान किया। इसे देखते हुए ग्रामीणों ने पंचायत समिति सदस्य जीतू ठाकुर का आभार व्यक्त किया। साथ ही ग्रामीणों ने मांग किया कि जल्द से जल्द सड़क का पक्कीकरण हो जाये।

### चरही में रथयात्रा का किया गया स्वागत



**चरही।** चरही में विश्व हिंदू परिषद और बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे एवं फूलों से सजाकर रथ को स्वागत किया गया। बताते चलें कि करोड़ो हिंदुओ के आराध्य भगवान श्री राम अपनी जन्मभूमि अयोध्या धाम में भव्य,दिव्य राम मन्दिर में अपने बाल स्वरूप में 22 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पूरे सनातन परंपरा के साथ विराजमान होंगे। इस ऐतिहासिक क्षण को यादगार और सभी की भागीदारी के उद्देश्य से झारखंड में चार स्थानों से जिसमे चतरा से शहीद मंगल पांडेय की धरती फांसी तालाब से बजरंग दल द्वारा शौर्य जागरण यात्रा के रूप में बन रहे। राममंदिर के स्वरूप को सभी के सामने रखा गया। रथयात्रा चतरा से गिरिडीह होते हुए हजारीबाग के चरही चौक पर विश्वहिंदू परिषद के कार्यकताओं एवं बजरंग दल के कार्यकताओं द्वारा गाजेबाजे एवं फूलों से रथ का स्वागत किया गया।

### बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण का पहला बैच संपन्न

**विष्णुगढ़।** प्रखंड संसाधन केंद्र विष्णुगढ़ में झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में 'बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम' का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण शिविर बुधवार को संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में कक्षा एक और दो में हिंदी भाषा पढ़ाने वाले 90 शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के आठ घटकों की विस्तार से जानकारी दी गयी। इस संबंध में जानकारी देते हुई मास्टर ट्रेनर सतीश कुमार ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न सत्रों में मौखिक भाषा विकास, ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया गया। इस दौरान रूम टू रीड के जिला समन्वयक कार्तिक प्रेवेल, कृष्ण कुमार, रंजीत सिंह, प्रशांत मिश्रा और नूतन कुमारी ने कहा कि एफएलएन किट का समुचित प्रयोग, शिक्षक संदर्शिका, नई किरण का व्यवहारिक उपयोग किया जाए ताकि बच्चे आसानी से पढ़ना-लिखना सीखे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी बंशीघर राम ने वर्ण, मात्रा और हिंदी भाषा पर विस्तृत जानकारी दी। बीपीएम कुणाल कुमार चौरसिया, बीआरपी जलेश्वर प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

### चरही में बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण संपन्न

**चरही।** चुरचू प्रखंड के बीआरसी चरही में शिक्षा विभाग और रूम टू रीड इंडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में 'बुनियादी साक्षरता सुदृढीकरण कार्यक्रम' का 3 दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण पहला बैच संपन्न हुआ। जिसमें प्रखंड के 34 हिंदी भाषा के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बुनियादी साक्षरता के 8 घटकों मौखिक भाषा विकास,ध्वनि जागरूकता, वर्ण ज्ञान, शब्द भंडार, धारा प्रवाह पठन, समझ, लेखन और स्वतंत्र पठन समय पर विस्तार से समझ बनाने का कार्य किया गया। प्रशिक्षण में, शिक्षकगण को बताया गया कि कैसे वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं। इसके अलावा, सभी 8 घटकों को विस्तार से प्रस्तुत किया गया, जिनमें बच्चों को पढ़ाने के तरीके को दशार्या गया ताकि वे निपुण भारत के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकें। यह प्रशिक्षण में प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी श्री नागेश्वर सिंह के देखरेख में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण का मुख्य प्रशिक्षक असलम आजाद, दुर्गानंद सिंह, रविन्द्र कुमार और 'रूम टू रीड' से सुजीत कुमार भी उपस्थित रहे।

## स्पीड न्यूज

### लोगों को संस्कृति से जोड़ता है त्यौहार

**भंडरा।** आचार्य भजन पंडित ने बताया कि दुर्गा पूजा एक धार्मिक त्योहार और यह हिंदुओं का एक महत्वपूर्ण त्योहार है। जिसके दौरान देवी दुर्गा की पूजा की जाती है। दुर्गा पूजा हिंदू कैलेंडर के अनुसार आश्विन के महीने में होता है। उन्होंने बताया कि लोगों के लिए यह एक पारंपरिक अवसर है, जो लोगों को भारतीय संस्कृति और रीति-रिवाजों से जोड़ता है। अधिकतर लोग इस पर्व को पूरे पांच, सात या नौ दिन तक मनाते हैं। लोग षष्ठी के साथ दुर्गा देवी की मूर्ति की पूजा करना शुरू करते हैं, जो दशमी पर समाप्त होती है।

### लोकसभा समन्वय समिति की बैठक आज

**लोहरदगा।** 6 अक्टूबर को 2 बजे लोहरदगा परिसदन में लोहरदगा कांग्रेस लोकसभा समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक रखी गयी है। जिसकी अध्यक्षता लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत करेंगे। इस बैठक में लोहरदगा लोकसभा के संयोजक प्रदीप तुलस्यान, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के द्वारा मनोनीत लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति के सदस्यों में मंत्री, सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण, जिला प्रभारी, विधानसभा प्रभारी, विधानसभा के एलडीएम को-ऑर्डिनेटर, जिलाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष, लोहरदगा, गुमला एवं रांची के वरिष्ठ कांग्रेस जन, अग्रणी मोर्चा के अध्यक्ष समेत कई नेतागण शामिल होंगे। जानकारी लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत ने दी।

### पंचायत में स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम



**लोहरदगा।** संकल्प सप्ताह अंतर्गत जिला के आकांक्षी प्रखंड किस्को में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लोहरदगा ने कई कार्यक्रम आयोजित किये। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता एक संकल्प कार्यक्रम प्रखंड की सभी पंचायतों में किया गया। जिसके तहत कई गतिविधियां हुईं। सभी पंचायतों में स्वच्छता शिविर लगे। स्वच्छ घर, गांव एवं ग्राम पंचायत अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता रैली, वाक प्रतियोगिता तथा चित्रकला प्रतियोगिता की गयी। कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी सहायक अभियंता, नोडल पदाधिकारी ने कार्य किया। इस कार्यक्रम में कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लोहरदगा एवं जिला समन्वयक रइट आयोजित विभिन्न कार्यक्रम में भाग लिये।

### भाजपा एसटी मोर्चा घाघरा प्रखंड के सदस्यों ने मनायी रानी दुर्गावती जयंती



**घाघरा।** भाजपा घाघरा कार्यालय में एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरिलाल उरांव के नेतृत्व में गुरुवार को रानी दुर्गावती की जयंती मनायी गयी। इस क्रम में रानी दुर्गावती के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष हरिलाल उरांव ने कहा कि रानी दुर्गावती भारत की एक प्रसिद्ध वीरांगना थी। जिन्होंने मध्य प्रदेश में शासन किया। उनका राज्य गोंडवाना था। 5 अक्टूबर 1524 को उनका जन्म हुआ था। दुर्गा अष्टमी के दिन जन्म होने से उनका नाम दुर्गावती रखा गया था। वह ऐसी वीर योद्धा थी, जिन्होंने अकबर को कई बार हराया था और कई मंदिर धर्मशाला, मठ बनवायी थीं। मौके पर मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर पाठक, तेंबू उरांव, राजू बेक, पप्पू बड़ाईक, जीवन तुरी, अशोक लोहरा, सुमेश्वर उरांव समेत कई लोग भी थे।

### पाइप लाइन में लिकेज के कारण मेन रोड में हो रही है गंदे पानी की सप्लाई



**गुमला।** चेंबर ऑफ कॉमर्स का पेयजल विभाग का उप समिति का प्रतिनिधि मंडल संयोजक मुनीलाल साहू की अगुवाई में विभाग के कार्यपालक अभियंता मंटुस कुमार मणी से मुलाकात कर शहर में पेयजल संबंधी समस्या के समाधान की मांग की। मुनीलाल ने मेन रोड में पटेल चौक से लेकर केसरी भवन तक में सप्लाई पानी का पाइप लीकेज होने की जानकारी देते हुए कहा कि लिकेज के कारण दूषित पानी लोगों के घरों तक पहुंच रहा है। जिसे शीघ्र ही ठीक कराने की मांग की। कार्यपालक अभियंता ने तुरंत संज्ञान लेते हुए कनीय अभियंता को आदेश किया कि दशहरा शुरू होने से पहले इसे ठीक करा दें। मौके पर राजेश सिंह, मोहम्मद इम्तियाज ने भी कई शहर की कई समस्या रखी। प्रतिनिधिमंडल में पेयजल विभाग उपसमिति के संयोजक मुनिलाल साहू के अलावा चेम्बर उपाध्यक्ष राजेश सिंह, अभिजीत जायसवाल, मीडिया प्रभारी मो. इम्तेयाज, कार्यकारी सदस्य राहुल केसरी आदि शामिल थे।

### नवागढ़ दुर्गा पूजा समिति के पास सोलर जलापूर्ति दो माह से खराब

**गुमला।** भाजपा के पूर्व प्रदेश महामंत्री विनय कुमार लाल ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को ज्ञापन सौंपकर रायडीह प्रखंड के नवागढ़ पतराटोली में खराब पड़े जलमीनार को ठीक कराने की अपील की है। श्री लाल ने कहा कि नवागढ़ दुर्गा मंदिर परिसर के पास स्थित सोलर जलापूर्ति मीनार से दो माह से पानी स्थानीय लोगों को नहीं मिल रहा है। तकनीकी खराबी के कारण मीनार से जलापूर्ति बाधित है। जलमीनार से जलापूर्ति बाधित होने के कारण ही घर नल से जल योजना भी बेकार साबित हो रही है।

### टास्क फोर्स समिति की समीक्षा बैठक

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में गुरूवार को खरीफ सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए विशेष टास्क फोर्स समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त ने किसानों को खरीफ मौसम में आए सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए किसानों को किस प्रकार से आर्थिक सहायता प्रदान किया जाये इससे संबंधित समीक्षा हुई। उपायुक्त ने सुखाड़ के कारण आर्थिक क्षति का सामना करने वाले किसानों को मुख्य रूप से झारखंड राज्य सुखाड़ राहत योजना से जोड़ने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने अधिक से अधिक किसानों को केसीसी ऋण से जोड़ने का भी निर्देश दिया।

# डायरिया की चपेट में घाघरा प्रखंड का देवाकी कुसुमटोली गांव

**पत्रकारों को सुनायी आपबीती**

**हमेशा गाली सुनने वाले झोला छाप डॉक्टरों के भरोसे ही हो रहा है मरीजों का इलाज**

## डेढ़ से पांच वर्ष के बच्चों समेत 16 ग्रामीण हैं डायरिया से पीड़ित

- गांव के वृद्ध महिला-पुरुष में तेजी से फैल रही है बीमारी
- इलाज के लिए जाना पड़ रहा है गुमला और लोहरदगा के निजी अस्पताल
- चुआं का संक्रमित पानी पीने से लोग पड़ रहे बीमार
- गांव में जगह-जगह पसरा है गंदगी का अंबार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड क्षेत्र के देवाकी कुसुमटोली गांव में लगभग डेढ़ दर्जन लोग डायरिया की चपेट में आने से बीमार हो गये हैं। कई लोगों की तो हालत इतनी खराब हो गयी है कि गत रात्रि आनन-फानन में लोहरदगा, गुमला या फिर रांची के निजी अस्पतालों में इलाज के लिए ले जाना पड़ा। ग्रामीणों ने इस बाबत गुरुवार की शाम 4 बजे पत्रकारों को बताया कि एक सप्ताह पूर्व एक महिला में डायरिया के लक्षण मिले और इसके बाद फिर तेजी से गांव में यह बीमारी फैलती जा रही है। अभी तो आलम यह है कि डेढ़ वर्ष की बच्ची समेत करीब 16 लोग डायरिया की चपेट में आ चुके हैं। जिसमें कुछ लोग अस्पतालों में इलाज कर रहे हैं और कुछ तो आर्थिक तंगी के कारण घर पर ही झोला छाप डॉक्टरों के सहारे इलाज कराने को मजबूर हैं।

**ये हैं डायरिया पीड़ित**

कुसुमटोली का बुधवा उरांव (65), उनकी पत्नी बुधनी उरांव (60), मंगरु उरांव (50), अंजलि उरांव (25), सोनामी उरांव (55), मंगरो उरांव (60), प्रतिमा उरांव (35), रामा उरांव (70), उनकी पत्नी सुखमनिया उरांव (63), एतामुनी देवी (43), पुष्पा उरांव (40), प्रतिमा लोहार (20), दुर्गी लोहार (18), 5 वर्षीय सूर्यांश उरांव और सुशांत उरांव (डेढ़ वर्ष)

**मरीजों की सुध लेनेवाला कोई नहीं :** बताते चलें कि इतनी तेजी से कुसुमटोली गांव में फैल रही बीमारी के मरीज का हाल जानना भी घाघरा स्वास्थ्यकर्मी मुनासिब नहीं समझ रहे हैं। उनकी सुध लेने वाला कोई भी नहीं है। ज्यादातर मरीज भगवान भरोसे ही लोकल दवा लेकर स्वस्थ होने की आस में पड़े हुए हैं।

**पेयजल की घोर समस्या से जूझ रहा कुसुमटोली :** डायरिया पीड़ितों में कुछ लोगों की हालत गंभीर होती जा रही है। यहां बता दें कि कुसुमटोली गांव में पेयजल की घोर समस्या है। पीने के पानी के लिए महिलाएं खेत के बीचोंबीच मौजूद एक दाड़ी का पानी को उपयोग में लाते हैं। बताते चलें कि बरसात के दिनों में खेत का दूषित पानी इस दाड़ी में प्रवेश कर जाता है और इस पानी को पीने के लिए कुसुमटोली गांव के ग्रामीण उपयोग में लाते हैं। ग्रामीणों का मानना है कि पीने के लिए स्वच्छ पानी का अभाव भी डायरिया बीमारी को फैला रहा हैं। वहीं गांव के कई स्थानों पर जल जमाव है और सड़क पर भी कचरा पसरा हुआ है।



भयभीत ग्रामीण

**क्या कहते हैं बीडीओ**

इस संबंध में बीडीओ दिनेश कुमार से पूछने पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द स्वास्थ्य विभाग के टीम को गांव में कैंप करने का निर्देश दिया जायेगा। जब तक गांव की स्थिति सामान्य न हो जाये तब तक स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप करेगी। वहीं डायरिया फैलने के कारणों को गांव में जाकर पता किया जायेगा और स्वास्थ्य पानी, साफ सफाई सहित मूलभूत सुविधा मुहैया करायी जायेगी।

### डीसी ने एसएस+2 उवि गुमला का किया निरीक्षण

# 10वीं-12वीं के 100% रिजल्ट के लिए उपायुक्त ने बनायी रणनीति

- नियमित टेस्ट और परीक्षा लेने को उपायुक्त ने बताया महत्वपूर्ण
- अब विद्यार्थियों का ग्रुप बना कर उनके शैक्षणिक गुणवत्ता में करेगा सुधार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत गुरूवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने एसएस+2 उच्च विद्यालय गुमला का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा पूर्व में किये गये विद्यालय निरीक्षण के क्रम में दिये गये निर्देशों के अनुपालन संबंधित समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला शिक्षा अधिकारी, विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं शिक्षक - शिक्षिकाओं की उपस्थिति में विद्यालय में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के नियमित उपस्थिति से संबंधित जानकारी ली। साथ ही उन्होंने विद्यालय में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं के इंटरनल टेस्ट एवं मॉक एग्जाम में नियमितता से संबंधित जानकारी ली। उन्होंने नियमित परीक्षा एवं टेस्ट को महत्वपूर्ण बताया। वहीं उपायुक्त ने वीक बच्चों के बेहतर रिजल्ट को लेकर रणनीति बनायी।



निरीक्षण के दौरान परीक्षा दे रहे बच्चों के बीच उपायुक्त।

**खास बातें :** उपायुक्त ने 7 नवंबर से पूर्व सभी वीक विद्यार्थियों को चिह्नित करते हुए उन्हें उनके निवास क्षेत्र के अनुसार ग्रुप में डिवाइड करने का निर्देश दिया। ताकि बच्चे ग्रुप डिस्कशन करते हुए अपने शिक्षा के स्तर को बेहतर कर सके एवं शिक्षकों द्वारा 5- 5 ग्रुप्स को मॉनिटर किया जायेगा। सभी विद्यार्थियों का मॉडल क्वेश्चन प्रैक्टिस अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश दिया गया।

# जिले के प्रसिद्ध बाबा टांगीनाथ धाम में गेस्ट हाउस का सांसद ने किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**डुमरी, गुमला।** बाबा टांगीनाथ धाम डुमरी में 48 लाख रुपये की लागत से बने नवनिर्मित गेस्ट हाउस भवन का उद्घाटन सांसद सुदर्शन भगत ने किया। वहीं लोगों की सुविधाओं को देखते हुए इस भवन का निर्माण किया गया हैं कई लोग दूर दराज से पूजा करने बाबा टांगीनाथ धाम पहुंचते हैं। इस मौके पर श्री भगत ने कहा कि गेस्ट हाउस तैयार हो गया है। आप सभी लोगों की सुविधाओं का ख्याल रखते हुए इस भवन का निर्माण किया गया है। मौके पर मंडल अध्यक्ष विजय प्रसाद केशरी, संसद प्रतिनिधि अनिरुद्ध चौधरी, डुमरी उड रेशमा रेखा मिंज, भोला चौधरी, शत्रुघ्न सिंह, नितेश गुप्ता (प्रिंस), पवन केसरी, राजेश केसरी, विवेक सिंह, चंचल कुमार, ब्रजेंद्र पांडे, बीरेंद्र जयसवाल, स्थानीय मुखिया ज्योति बहेर एवं अन्य लोग उपस्थित थे।



गेस्ट हाउस का उद्घाटन करते लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत व अन्य।

### पेड़ गिरने से घर क्षतिग्रस्त, कोई हताहत नहीं

**डुमरी (गुमला)।** थाना के सामने बारिश से एक विशाल आम का पेड़ जड़ के पास से ही टूट कर गिर गया है। जिससे बगल के दो मिट्टी के घर क्षतिग्रस्त हो गये। वहीं थाना आने जाने की सड़क भी जाम है। साथ ही जुबैदा खातून एवं सबीरून बीबी के घर क्षतिग्रस्त हो गये। घटना शाम साढ़े पांच बजे की है। इस विशाल पेड़ के गिरने से कोई हताहत नहीं हुई है परंतु घर पर रखे सामान पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं। पीड़ित सबीरून बीबी ने कहा कि क्षतिग्रस्त घर की मरम्मत कराने में असमर्थ हूं। मदद करें।

### लोकसभा चुनाव और सीएसआर 2024 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, बोले

# बुजुर्गों के वोटर कार्ड में भी सुधार करते हुए उन्हें सुविधानुसार पोलिंग बूथ से करें टैग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में आगमी लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला उपनिर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि डोर टू डोर सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्राप्त प्रपत्रों 6,7 एवं 8 के एंट्री करने का कार्य किया जा रहा है। जिसपर उपायुक्त ने मतदाता सूची संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाने को कहा। साथ ही सभी ब्लॉक स्तरीय एइआरओएस को उनके अधीनस्थ कार्यरत बीएलओ एवं सुपरवाइजर के साथ नियमित बैठक करते हुए एसएसआर कार्य को शत प्रतिशत कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने ओल्ड एज होम अंतर्गत सभी बुजुर्गों का वोटर आईडी कार्ड में भी आवश्यकता अनुसार बदलाव हेतु सहायता करने का निर्देश दिया। वहीं 80 + उम्र के बुजुर्गों के वोटर कार्ड में भी सुधार करते हुए उन्हें सुविधा अनुसार पोलिंग बूथ से टैग करने की बात कही। आगामी चुनाव के मद्देनजर उपायुक्त ने सभी वैसे पोलिंग बूथ जिसका रिलोकेशन किया जाना है। उन क्षेत्रों का निरीक्षण करें।



बैठक में कागजातों की जांच करते उपायुक्त।

### बैंक के बाहर वाहन से जाम व दुर्घटना की आशंका

**गुमला।** चेंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपकर शहर के बैंकों में पार्किंग सुविधा नहीं होने पर ध्यान आकृष्ट कराया। श्री कुमार ने कहा कि शहर के अशिकांश बैंक शहर के मुख्य मार्ग में है। बैंक में पार्किंग सुविधा नहीं होने के कारण बैंक जाने वाले लोग सड़क पर ही वाहन खड़ा कर देते हैं। जिसे जाम के साथ दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है। गुमला की सड़के पुराने समय पर बनी है। जिसका चौड़ाई निर्धारित है। बैंकों के बाहर सड़क पर वाहन लगने से हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। उन्होंने उपायुक्त से जाम के इस संकट से छुटकारा दिलाने की गुहार लगायी।

### चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप आठ को गुमला में

**गुमला।** चर्म एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ डॉ संदीप 8 अक्टूबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

### चार शिक्षकों की नियुक्ति को दी गयी स्वीकृति



**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में हुई। जिसमें झारखंड कर्मचारी चयन आयोग, रांची ने संयुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक प्रतियोगिता परीक्षा 2016 (मुख्य) के राज्य स्तर के मेधा सूची के आधार पर शारीरिक शिक्षक विषय के तीन एवं अंग्रेजी विषय में 01 शिक्षक समेत कुल 04 शिक्षकों की नियुक्ति हेतु प्राप्त अनुशंसा पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से सभी शिक्षकों की नियुक्ति हेतु स्वीकृति दी। साथ ही, स्क्रीनिंग के लिए एक समिति बनायी गयी। बैठक में डीडीसी जय ज्योति सामंता, जिला शिक्षा पदाधिकारी अपरूपा पॉल चौधरी और जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम उपस्थित थे।

### आंधी-पानी से गिरे कई ग्रामीणों के घर



**कैरो।** अंचल क्षेत्र में बीते दिनों हुई लगातार बारिश व तूफान के कारण कई लोगों का मकान व खेती बर्बाद हो गया। जिसमें हनहट निवासी अमित उरांव, खरता निवासी मुचलु महली, शानिचरवा उरांव, साधुचरण टाना भगत, शंभू तिवारी, मनिया उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों का कच्चा मकान गिर गया जिस कारण पीड़ितों के पास रहने की समस्या उत्पन्न हो रही है। वहीं कई किसानों के खेत मे लगे टमाटर, धनिया, मिर्चा, मकई सहित अन्य फसल भी बर्बाद हो चुका है। मामले पर अंचल अधिकारी कमलेश उरांव का कहना है कि जिन किसानों या ग्रामीणों का नुकसान हुआ है वे अपने आवेदन, फोटो व कागजात अंचल कार्यालय में जमा कर दें मदद के लिए उच्च अधिकारी को अवगत कराते हुए उचित लाभ दिलाने का काम किया जायेगा।

## पूर्वजों से मिले सांस्कृतिक धरोहर को बचाकर रखने की जरूरत : सतवंती

- घाघरा के पोढ़ा गांव में इंद मेला के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** प्रखंड के रुकी पंचायत के पोढ़ा गांव में इंद मेला पर सांस्कृतिक कार्यक्रम गुरुवार को हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन जिप सदस्य सतवंती देवी, भाजपा नेता अशोक उरांव, श्याम साहू और पहान पुजार ने फीता काटकर किया। इस क्रम में नागपुरी कलाकारों ने कई सांस्कृतिक नृत्य गीत प्रस्तुत किये। मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी ने कहा कि पूर्वजों के धरोहर को हमें संजोग कर रखने की जरूरत है। मेला में आपसी भाईचारा बना रहता है। लोग एक दूसरे से मिलते हैं। वहीं भाजपा नेता अशोक उरांव ने कहा कि मेले के आयोजन से दूर दराज में रहने वाले मेहमान आते हैं। मेला एक मेल मिलाप का स्थल रहता है। हमें अपने संस्कृति सभ्यता को एक सूत्र में बांध के रखना है। इसके पूर्व अतिथियों का पारंपरिक रीति रिवाज के साथ स्वागत करते हुए मंच तक लाया गया।

## शीला अग्रवाल विद्या मंदिर के अंश पांडेय को जिला में मिला दूसरा स्थान

- शिक्षा के विकास से उग्रवाद पर नियंत्रण संभव : बिपिन कुमार दास

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** बलिदानी अजय कुमार सिंह के बलिदान दिवस पर जिला प्रशासन द्वारा नक्सलवाद : एक गंभीर समस्या विषय पर नगर भवन में आयोजित व्याख्यान माला में शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के कक्षा नवम के भैया अंश पांडेय ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जिला का मान बढ़ाया।

जिला प्रशासन द्वारा इन्हें इस उपलब्धि पर 3000 रुपये का नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिह्न प्रदान करके सम्मानित किया गया। विद्यालय की वंदना सभा में प्रधानाचार्य विपिन कुमार दास ने इस पुरस्कार की घोषणा करके उन्हें प्रदान किया। इस मौके पर उन्होंने अपना वक्तव्य देते हुए कहा कि- बलिदानी एसपी अजय कुमार सिंह ने नक्सलमुक्त और युवाओं की ऊर्जा सकारात्मक दिशा में खर्च करने का जो सपना देखा था उसे साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।



### नेट मार्केटिंग बनाम लोकल मार्केटिंग विषय पर हुई प्रबुद्ध जनों की बैठक

# ईस्ट इंडिया कंपनी की याद दिला रही है इंटरनेट मार्केटिंग : अजय पपलू

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** नेट मार्केटिंग बनाम लोकल मार्केटिंग विषय पर गुरूवार को कचहरी परिसर में प्रबुद्ध जनों का बैठक आयोजित किया गया। बैठक अधिवक्ता अजय पपलू, वरिष्ठ अधिवक्ता राजबल्लव मिश्रा, अधिवक्ता विनोद शुक्ला एवं अधिवक्ता ज्योति मिंज के आग्रह पर हुआ। जिसमें नेट मार्केटिंग से समाज पर बढ़ते दुष्परिणामों को रेखांकित किया।

कार्यक्रम के संयोजक अधिवक्ता अजय पपलू ने कहा कि इंटरनेट मार्केटिंग ईस्ट इंडिया कंपनी की याद दिला रही है जो करीब 70 साल के प्रयास से भारत के घरेलू उद्योग को समाप्त कर पूरे भारतीय बाजार पर अपना कब्जा कर लिया था। आज लोकल मार्केट बेदर्दी से घाटे की ओर जा रहा है। जिसका नतीजा है बेरोजगारी बढ़ रही है और अच्छे-अच्छे व्यापारी भी बैंक करप्ट हो रहे हैं। अधिवक्ता राजबल्लभ मिश्रा ने कहा कि आज कोई देश किसी पर भौतिक रूप से शासन नहीं करता।



बैठक में शामिल प्रबुद्ध जन।

**खास बातें :** सरकार के केंद्रीय कृत राजस्व कलेक्शन की सोच से मल्टीनेशनल कंपनियों को इंटरनेट मार्केटिंग की सुविधा प्रदान की गई। जिसका नतीजा है कि आज छोटे-छोटे शहरों में भी लोग बिना सोचे समझे थोड़ा आलस- अज्ञानता के कारण कम दाम में सामान मिल जायेगा की सोच से ग्रसित हैं। जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है जितने दाम पर इंटरनेट से सामान मंगाया जा सकता है। उतने दाम पर लोकल मार्केट में भी सामान उपलब्ध हो जाते हैं। यदि आप नगद खरीदने हैं तो कम से कम लोगों को जो सामान खरीदना हो उसका लोकल मार्केट में एक बार दाम पता कर लेना चाहिए। यदि दाम में बहुत का फर्क हो तभी नेट मार्केटिंग का उपयोग करना चाहिए।

# 56 साल पुराना है दुर्गा पूजा का इतिहास

### स्थानीय थानेदार डी लाल की पहल से 1967 में शुरू हुई थी पूजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** प्रखंड में दुर्गा पूजा का इतिहास 56 साल पुराना है। प्रखंड मुख्यालय बस्ती में थाना के समीप वर्ष 1967 में तत्कालीन भंडरा के थानेदार डी. लाल ने स्थानीय ग्रामीण स्व जगनिवास शर्मा, स्वर्गीय गौरी नंदन शर्मा, गोवर्धन अधिकारी व बोधन महतो,स्व सुरेश साहू के सहयोग से पूजा की शुरूआत की थी।

इसके बाद से लेकर आज तक युवा लगातार पूजा का आयोजन करते आ रहे हैं। अब प्रखंड में स्थानीय लोगों के सहयोग से दिनों-दिन पूजा पंडाल की भव्यता और दुर्गा पूजा में रौनक बढ़ती ही जा रही है। वर्ष 1967 में दुर्गा पूजा की शुरुआत साधारण सी झोपड़ी नुमा पंडाल का निर्माण कर किया गया था। जो अब भव्य पंडाल और विद्युत सज्जा से सुशोभित होता है। कमेटी का निर्माण कर वर्ष 1983 से रावण दहन का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया था।

**रावण दहन से पहले होती थी रामलीला**



रावण दहन से पूर्व स्वर्गीय गौरी नंदन शर्मा द्वारा रामलीला कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाता था। अब प्रखंड में दुर्गा-पूजा की भव्यता काफी बढ़ गयी है। जिसे देखने के लिए प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र के गांव से भी काफी संख्या में ग्रामीण पहुंचते है। इस वर्ष भंडरा में नवयुवक संघ दुर्गा पूजा समिति के अलावे थाना परिसर के समीप में सिद्धिदायनी दुर्गा मंदिर निर्माण समिति द्वारा भव्य रुप से दुर्गा पूजा करने की तैयारी की जा रही है। इसके तहत प्रतिमा निर्माण के साथ-साथ पंडाल का निर्माण का कार्य भी चल रहा है। प्रखंड मे भंडरा के अलावे बेदाल, मसमानो, चट्टी, भौरों गांव मे भी ग्रामीण पंडाल निर्माण कर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर भव्य रूप से पूजा अर्चना करते हैं।

## स्पीड न्यूज

### महाप्रबंधक के साथ सीएमयू की वार्ता सफल



खबर मन्त्र संवाददाता

**टंडवा।** आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के महाप्रबंधक अमरेश कुमार सिंह, अधिकारी कार्मिक अशोक कुमार, एवं आलोक रंजन के साथ सीएमयू के नेता के नेता विनय सिंह (मानकी), आम्रपाली चंद्रगुप्त क्षेत्र के अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा, विजय कुमार हेमरॉम, सतीश कुमार साहू, निखिल आनंद, अभिषेक कुमार, गीता देवी, सरिता देवी, ने मीटिंग किया, जिसमे प्रोडक्शन से संबंधित, सेफ्टी से संबंधित, पिछले दिनों महाप्रबंधक द्वारा यूनियन के नेताओं को शो कोउज को खत्म करने पर विशेष चर्चा की गई, एवम संडे पी एच डी अहम विषयों पर चर्चा की गई अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा ने बताया कि महाप्रबंधक से विभिन्न विषयों पर की गई वार्ता संतोषजनक रही।

### ग्रामीणों को किया गया जागरूक



खबर मन्त्र संवाददाता

**कान्हाचट्टी।** सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत कुराग, सहातु, बैंगोकला गांव में पुलिस व वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों को अफीम खेती न करने की सलाह दी गई। मौके पर थाना प्रभारी भोलानाथ दास ने ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा की अफीम खेती के काफी दुष्परिणाम है, इसके साथ ही अफीम खेती करना कानून अवैध है। अफीम खेती करने वाले के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत सजा का प्रावधान है। मौके पर अजीत कुमार, समरेश गांझू, अवधेश कुमार, अरुण कुमार, नरेश कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की प्रखंड स्तरीय कमेटी गठित



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय परिसर में पंचायत समिति की एक बैठक बुलाई गई जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने किया संचालन प्रीतम यादव ने किया। प्रखंड प्रमुख अनीता यादव ने बताया कि प्रखंड स्तरीय एक कमेटी गठित की गई है। अध्यक्ष पद के लिए सर्व समिति से सरीता देवी को अध्यक्ष तथा श्रीमती प्रियांशु देवी को सचिव श्रीमती रहती प्रवीण को कोषाध्यक्ष पद के लिए चुना गया। मौके उपस्थित कामेश्वर भुईया भुईया गुड़िया देवी सरिता देवी प्रियांशु देवी रहती परवीन सभी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे।

### 18 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के गिद्धौर थाना पुलिस ने 18 ग्राम ब्रॉउन शुगर के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हाथ लगी है। गिरफ्तार तस्करों में सौरभ कुमार दांगी, कृष्णा कुमार दांगी शामिल है। पुलिस ने उसके पास से 18 ग्राम ब्रॉउन शुगर, एक एसपी साइन मोटरसाईकिल, तीन पीस स्मार्ट फोन के अलावा 2040 रुपये नकद बरामद किया है। यह जानकारी सिमरिया एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी ने गिधौर थाना में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति काला रंग का बाइक से गिध्दौर से ब्राउन शुगर लेकर हजारीबाग की ओर जाने वाले हैं। इस सूचना का सत्यापन व आवश्यक कारवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सिमरिया के नेतृत्व मे एक छापामारी दल को भेजा गया था। टीम ने दतुआ जंगल चतरा हजारीबाग मुख्य मार्ग पर एन्टी क्राइम चेंकिग किया जा रहा था। एन्टी क्राईम चैकिंग के क्रम मे दो व्यक्ति को अवैध ब्राउन शुगर जिसका वजन करीब 18 ग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया । अभियान में एसडीपीओ अशोक प्रियदर्शी, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, पुलिस अवर निरीक्षक, रामदेव वर्मा के अलावा पुलिस बल जवान शामिल थे।

### मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत लोगों ने कलश में भरी मिट्टी

**सिमरिया।** प्रखंड में गुरुवार को मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का समारोह पूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीआरपीएफ और नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में आयोजित किया गया। इस दौरान कलश में मिट्टी भरा गया और मिट्टी से भरा कलश भारत माता की जयघोष के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह को समर्पित किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि देश में वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गये। कार्यक्रम के तहत मेरी माटी मेरा देश का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मिट्टी इकट्ठा कर कलश में भरा और प्रखंड कार्यालय को समर्पित किया। मिट्टी के कलशों को जिला मुख्यालय फिर प्रदेश मुख्यालय और अंत में देश का मुख्यालय दिल्ली भेजा जाएगा।

## इडी के समन के बाद भी भागते फिर रहे हैं हेमंत

# जब कुछ गड़बड़ नहीं की तो डर कैसा : बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा/श्री बंशीधर नगर।** भाजपा का आयोजित संकल्प यात्रा में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी गुरूवार को गढ़वा पहुंचे। इस दौरान मरांडी ने श्री बंशीधर नगर के पीडब्ल्यूडी मैदान में तथा गढ़वा के चेतना में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान श्री मरांडी का भव्य स्वागत किया गया। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने गलत तरीके से नामी, बेनामी संपत्ति अर्जित किया है। ईडी के समन के बाद भी वे भागते फिर रहे है। जब कुछ गड़बड़ नहीं किया है तो फिर उन्हें किस बात का डर है। श्री मरांडी ने हेमंत सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि पूरी सरकार करप्शन में डूबी हुई है। अपराध चरम पर है। गृह विभाग का डेटा कहता है कि प्रदेश में हर दिन औसतन 5 हत्याएं हो रही है। बहु-बेटी सुरक्षित नहीं हैं। जनता इस सरकार से पूरी तरह त्रस्त है। उन्होंने कहा कि पुलिस वाले विधि व्यवस्था की जगह सड़क के किनारे खड़े होकर बालु ट्रैक्टर का इंतजार करते हैं। उन्होंने कहा कि बालू की नीलामी करवाई जाए या गांव वालों को सौंप दिया जाए। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जो भी पदाधिकारी गलत काम कर रहे हैं भाजपा की सरकार आते ही जांच कराकर ऐसे लोगों को दंडित किया जाएगा। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन पर भी प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की जनविरोधी कार्यो को बताने आपके पास आये है। बाबूलाल मरांडी ने कहा की देश और प्रदेश के विकास का विजन सिर्फ भाजपा के पास है। भाजपा गरीब, किसान, दलित, वंचित लोगो की दर्द को समझती है। 2014 में नरेंद्र मोदी की सरकार बनते ही अमीरी और गरीबी की खाई को पाटने का काम किया है। उन्होंने कहा कि दुख के साथ कहना है कि हेमंत सरकार गरीबो का नियमित अनाज नही पहुंचा पा रही है।

### संकल्प यात्रा में गढ़वा पहुंचे बाबूलाल मरांडी



मंचासीन बाबूलाल मरांडी व अन्य।



उपस्थित लोग।

### हेमंत सरकार ने तुलसीदामर खदान को बंद किया : भानू

जनसभा को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि हेमंत सरकार से आम जनता त्रस्त हो गयी है। इस सरकार में करप्शन चरम पर है। अपराधियों का मनोबल काफी उच्चा हो गया है। विधानसभा क्षेत्र के 3 हजार लोगों को रोजगार देने वाला तुलसीदामर और घाघरा खदान को इस सरकार ने बंद करने का काम किया है।

### बाबूलाल मरांडी का कार्यकाल प्रदेश का गोल्डेन काल : केशरी

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने कहा कि बाबू लाल मरांडी के साथ उन्होंने 28 महीने साथ रहकर काम किया है। उनके कार्यकाल में कई ऐसे कार्य किये गए जो आज भी जनता के दिलो दिमाग में है। कार्यक्रम को रबट्र्सगंज विायक भूपेश चौबे, पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह, सत्येंद्रनाथ तिवारी, भाजपा प्रदेश महामंत्री बाल मुकुंद सहाय, पूर्व सांसद ब्रजमोहन राम, प्रभात भुइयां, जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केशरी, सूरज गुप्ता, अमित तिवारी, उमेंद्र यादव, विपिन चंद्रवंशी सहित कई लोगो ने संबोधित किया। **कार्यक्रम में उपस्थित लोग** : शारदा महेश प्रताप देव, विजय केशरी, अलखनाथ पांडेय, जवाहर पासवान, रिंकु तिवारी, लक्ष्मण राम, नगर पंचायत अध्यक्ष विजयालक्ष्मी, लवली आनंद, विकास स्वदेशी, मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विकास पांडेय, अशोक सेठ, राकेश चौबे, करुणा सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न, दिये कई दिशा-निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद की बैठक संपन्न हुई। बैठक में पूर्व बैठक में लिये गये निर्णय पर हुई कार्रवाई की जानकारी प्राप्त की। तत्पश्चात् जिला पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम द्वारा उपायुक्त को पर्यटन विभाग द्वारा प्राप्त आवंटन की जानकारी दिया गया। वहीं बैठक में पर्यटक स्थलों के विकास के लिए योजनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। जिसमें चंचाल पहाड़ी के रास्ते का सुदृढ़ीकरण व पेयजल व्यवस्था, तिलैया डैम का सौंदर्यीकरण, करमा बाबा धाम के रास्ते का सुदृढ़ीकरण व पेयजल व्यवस्था, घोड़सिमर मंदिर का सुंदरीकरण, झरनाकुंड धाम स्थित तालाब का गहरीकरण पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने पेट्रो जलप्रपात की साफ-सफाई करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ध्वजाधारी धाम में सीढ़ी, रेलिंग, शेड आदि निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार करने का निदेश दिया। साथ ही तिलैया डैम में रिसोर्ट निर्माण को लेकर प्रस्ताव तैयार करने को कहा गया। वहीं घोड़सिमर मंदिर को पर्यटन के क्षेत्र में विकसित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में एसपी अनुदीप सिंह, डीएफओ सूरज कुमार सिंह, जिप अध्यक्ष रामधन यादव, डीडीसी ऋतुराज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत समिति के सदस्य मौजूद थे।

### मुखिया पति के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**कान्हाचट्टी।** प्रखंड के मदगड़ा पंचायत की मुखिया सुप्रिया कुमारी के पति रंजन साहू के योजनाओं के चयन में मनमानी रवैये के खिलाफ पंचायत के 8 वार्ड सदस्यों ने उपयुक्त को एक सामूहिक आवेदन सौंपा है। वार्ड सदस्यों ने बताया कि बिना प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक कर ही योजनाओं का चयन कर लिया जाता है और धमकी दी जाती है कि योजनाओं का चयन और क्रियान्वयन इसी तरह होगा, जिसे जहां जाना हो जा सकते हैं।

### मरकच्चो में लाखों के जेवर व कपड़े की चोरी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नवाडीह 1 में बुधवार की रात्रि लाखों के जेवर व कपड़े अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई। इस संबंध में रामचंद्र राम नावाडीह 1 निवासी ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर बताया है कि घर में ताला बंद कर सभी परिवार अपने बहन के यहां कोडरमा बर्थ-डे पार्टी में गए थे।

### नहाय खाय के साथ जिऊतिया पर्व शुरू

**मरकच्चो (कोडरमा)।** नहाय खाय के साथ जिऊतिया पर्व शुरू हो गया है। महिलाएं अपनी संतानों की लंबी उम्र की कामना को लेकर किया जाने वाला जिऊतिया पर्व गुरुवार से नहाय खाय के साथ शुरू हो गया है। वहीं शुक्रवार को महिलाएं 24 घंटे का निर्जला उपवास रखकर संध्या पूजा अर्चना करेंगी तथा भगवान जीत वाहन की कथा का पंडितों से श्रवण करेंगी। इसके बाद शनिवार की सुबह पूजा अर्चना कर बरतिया पारण करेंगी।

# उपायुक्त ने की समीक्षा बैठक, दिये कई निर्देश



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में लघु सिंचाई विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भवन प्रमण्डल, झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड परियोजना ईकाई, एनआरईपी, पथ प्रमण्डल, ग्राविवि प्रमण्डल, लघु सिंचाई प्रमण्डल, ग्रामीण कार्य प्रमण्डल कार्य विभाग, खनन विभाग, समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक किया गया। इसके साथ ही विकास निधि, डीएम.एफटी. मद एवं सीएसआर मद एवं विभागीय क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 में जिला योजना अनाबद्ध निधि अन्तर्गत कार्यान्वित की जा रही योजनाओं और वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त आवंटन एवं जिला योजना समिति द्वारा पारित की गई योजनाओं की स्वीकृति पर विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने उक्त सभी विभागों में संचालित योजनाओं तथा पुलिया निर्माण, पीसीसी सड़क निर्माण, स्वास्थ्य केन्द्र का सौंदर्यीकरण, विद्यालय का मॉडलीकरण, आंगनबाड़ी केंद्र का मॉडलीकरण, विद्यालय भवन में चारदीवारी निर्माण, सड़क निर्माण, नाला निर्माण समेत के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

# पूर्व सीएम ने बंशीधर मंदिर में मत्था टेका जिले समेत प्रदेश में खुशहाली की कामना की

खबर मन्त्र संवाददाता



श्री बंशीधर जी की तस्वीर प्रदान करते ट्रस्ट के सदस्य।

**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को सातवें चरण के संकल्प यात्रा पर 81 भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के श्री बंशीधर नगर पहुंचे। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध ऐतिहासिक भगवान श्री कृष्ण राधा जी की प्रतिमा के समक्ष मत्था टेका। इस दौरान मंदिर के विद्वान आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूर्व सीएम को विधिवत पूजा अर्चना कराया।

पूजा अर्चना के पश्चात श्री बंशीधर सूर्य मंदिर ट्रस्ट की ओर से प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को चुनरी ओढ़ाकर एवं श्री बंशीधर जी की तस्वीर और बंशीधर मंदिर के इतिहास की किताब भेंट किया गया। इस दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा की ऐतिहासिक श्री बंशीधर मंदिर होने के बाद भी समुचित विकास नहीं होना दुर्भाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर नगर में विराजमान भगवान श्री राधाकृष्ण की 32 मन शुद्ध सोने की अलौकिक और मनमोहनी प्रतिमा पूरे विश्व में नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार भगवान बंशीधर जी का दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा की श्री बंशीधर की नगरी में आकर मुझे काफी सुकून मिलता है, क्योंकि यहां स्वयं भगवान श्री बंशीधर जो विराजमान है, यहां आने पर एक अलग अनुभूति होती है। भगवान श्री बंशीधर जी ने मुझे बहुत कुछ दिया है। मैं राज्य की जनता खासकर गरीब, किसान के घर परिवार में सुख शांति एवं खुशहाली की कामना करता हूं। इधर बंशीधर मंदिर में दर्शन पूजन करने के बाद मंदिर के बगल में डॉ. भीम राव अम्बेडकर एवं संत रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। मौके पर क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही, पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, भाजपा जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केशरी, अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, बंशीधर मंदिर के सुरेश विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

### जीयर स्वामी से मिले पूर्व सीएम, लिया आशीर्वाद

**श्री बंशीधर नगर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने स्वामी जी से यज्ञ को लेकर विस्तृत चर्चा की। यहां बताते चलें कि जीयर स्वामी जी महाराज पाल्हे जतपुरा में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर चातुर्मास व्रत में हैं। 23 अक्टूबर को जलयात्रा के साथ यज्ञ प्रारंभ होगा। 27 अक्टूबर को धर्म सम्मेलन होगा। 28 अक्टूबर को यज्ञ की पूर्णाहुति होगी। मौके पर विायक भानू प्रताप शाही, भाजपा नेता बालमुकुंद सहाय, ओमप्रकाश केसरी, अमित तिवारी, प्रफुल्ल सिंह, समिति के संरक्षक पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, शारदा महेश प्रताप देव, रघुराज पांडेय, सचिव अनीश शुक्ला, उपायक्ष अमित कुमार शुक्ला, मथुरा राम, उपसचिव कैप्टन सुनील कुमार चौबे, उमेश शुक्ला, राकेश चौबे, गुड्डु शुक्ला, राजू सिंह, शिवकुमार पांडेय, राजेन्द्र गुप्ता, समेत समिति के कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### उच्च न्यायालय, मानवाधिकार एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले की समीक्षा बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त चतरा अबु इमरान के निदेर्शानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में माननीय उच्च न्यायालय/ मानवाधिकार(राष्ट्रीय एवं राज्य मानवाधिकार आयोग) एवं लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में माननीय उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए डीआरडीए निदेशक ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। डीआरडीए निदेशक ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन के कार्य में तेजी लाई जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

### जिला पर्यटन संवर्धन परिषद के साशी निकाय की बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निदेर्शानुसार डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (समिति) शासी निकाय की बैठक की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार रॉय द्वारा चतरा जिला अंतर्गत अधिसूचित पर्यटक स्थलों के बारे में बताया गया कि इटखोरी मंदिर, कौलेश्वरी मंदिर, तमासीन जलप्रपात, बागेश्वरी मंदिर बलबल दुवारी, लक्ष्मणपुर भेड़ी फॉर्म डेम, गोवा जलप्रपात, खैवा-बनारू जलप्रपात, महादेव मठ पुराना राजा का किला अधिसूचित पर्यटक स्थलों में शामिल है।

तमासीन जलप्रपात में पर्यटकों के लिए सुरक्षित क्षेत्र में सेल्फी प्वाइंट, रेलिंग, पर्यटक सेड और गोवा जलप्रपात में पर्यटक सेड, पर्यटको के लिए पेय जल की व्यवस्था करने समेत कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। वहीं उक्त मौके पर वित्तीय वर्ष 2019 - 2020 में पर्यटन मद अंतर्गत स्वीकृत योजनाओं के अध्तन स्थिति की भी बिंदवार समीक्षा की गई।

### गौ माता की परिक्रमा से संपूर्ण तीर्थ के परिभ्रमण का मिलता है फल : आचार्य अनिरुद्ध



खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** गौ वंशो के संरक्षण और संवर्धन एवं गौशाला से जुड़े लोगों के पितरों के तर्पण के लिए श्री कोडरमा गौशाला परिसर में साप्ताहिक श्रीमद् भागवत मूल पाठ का आयोजन किया गया है। वृंदावन के आचार्य अनिरुद्ध शर्मा जी एवं आचार्य भरत शर्मा जी के द्वारा पाठ किया जा रहा है। साप्ताहिक श्रीमद् भागवत मूल पाठ के चौथे दिन गुरुवार को अष्टम स्कंध के 24 अध्याय, नवम स्कंध के 24 एवं दशम स्कंध के 3 अध्याय का पाठ किया गया। वृंदावन के आचार्य अनिरुद्ध शर्मा ने कहा कि सनातन की मूल आधार ही गौ माता है। शास्त्रों में बताया गया है कि जिसने एक गौ माता की परिक्रमा की वह संपूर्ण तीर्थ के परिभ्रमण का फल प्राप्त करता है। जिसने गौमाता का दर्शन कर लिया वह गोविंद का दर्शन कर लिया। सनातन, गोविंद एवं गौ माता सभी एक दूसरे के पर्यायवाची शब्द हैं। उन्होंने कहा कि गौ माता की महिमा इतनी बड़ी है कि उसका वर्णन करना भी संभव नहीं है।

सनातन धर्म में बिना गौ पूजन के किसी भी पूजा का कोई लाभ नहीं मिलता है। उन्होंने कहा कि दूध नहीं देने वाली गौ माता को घर से निकाल कर सड़कों पर छोड़ना सबसे बड़ा पाप और जीवन में विपत्ति को आमंत्रित करने वाला कदम है। उन्होंने कहा कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने के लिए बड़े-बड़े संत इस प्रयास में लगे हुए हैं।

### जेनरेटर चोरी मामले में चार युवक गिफ्तार, भेजे गये जेल



खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत महूंगाय में मंगलवार को हुई चोरी में चोरी के समान के साथ चार चोरों को मरकच्चो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। बताते चलें कि स्थानीय चौकीदार ने गुप्त सूचना दिया था की थाना क्षेत्र के महुंगाय से 5 एचपी जनरेटर को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। वहीं सूचना के आधार पर थाना गस्ती वाहन एवं थाना प्रभारी लव कुमार ने महुंगाय से गादी जाने वाली सड़क पर वाहन चेकिंग लगाया गया। उसी रास्ते से एक टाटा मैजिक डब्लूबी91/4808 आ रही थी, जो पुलिस को देखकर वाहन में सवार दो लोग भागने लगे। जिसे वाहन में लोड जनरेटर के साथ पकड़ा गया। वहीं वाहन में लोड जनरेटर के साथ दोनों लोगो को थाना लाया गया, जहां पुछताछ के दौरान लोगों ने 5 एचपी की जनरेटर चोरी करने तथा दो लोग और संलिप्त होने की बात सामने आई। वहीं थाना प्रभारी लव कुमार ने विजय कुमार साव पिता सोना साव, नौशाद आलम पिता सरफुदीन आलम दोनों साकिन पिपराडीह थाना मरकच्चो, 24 वर्षीय मो. इस्माइल पिता मों हकीम, 26 वर्षीय मो. मुख्तार अंसारी पिता मो. हसन साकिन जलवाबाद थाना कोडरमा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

स्पीड न्यूज

## बरवाडीह और छेंचा पंचायत कमेटी का हुआ गठन

**बरवाडीह।** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के प्रखण्ड अध्यक्ष अफजल अंसारी द्वारा प्रखण्ड क्षेत्र में लगातार पार्टी का सदस्यता अभियान युद्धस्तर पर चलाया जा रहा हैं। इसी क्रम में गुरुवार को बरवाडीह और छेंचा पंचायत में सदस्यता अभियान चलाते हुए पंचायत कमेटी का गठन किया गया। बरवाडीह में पंचायत अध्यक्ष के रूप में फिरोज सिद्दीकी का चयन किया गया। वहीं सचिव नसीम खान, उपाध्यक्ष शमशाद आलम और मो.अमजद के अलावा गोवर्धन प्रसाद, मनोज कुमार और नजाम अंसारी को सदस्य बनाया गया। वहीं छैंचा पंचायत अध्यक्ष के रूप में संदीप रजक, सचिव सलाउद्दीन खां, उपाध्यक्ष सागर पासवान और उमेश सिंह को बनाया गया। जहां कमेटी का गठन करने के उपरांत अफजल अंसारी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को माला पहनाकर बधाई दी तथा पंचायत स्तर पर पार्टी को मजबूत बनाने का आह्वान किया।

## छात्र-छात्राओं ने मंत्री बादल पत्रलेख का किया स्वागत

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में झारखंड के कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का मेदनीनगर से रांची जाने के क्रम में आगमन हुआ जहां पर कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन के छात्र-छात्राओं व कांग्रेस के कार्यकताओं ने बुके दे कर उनका स्वागत किया। वहीं मंत्री बादल पत्रलेख ने कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन में निशुल्क शिक्षा प्रदान कर रहे शिक्षक संदीप पासवान को बधाई दिया और शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य के लिए कामना किए। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान ने मंत्री बादल पत्रलेख से कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन की भूमि का सीमांकन करवाने ताकि कार्तिक उरांव पुस्तकालय भवन का चार दिवारी का कार्य आरंभ हो सके,पलामू प्रमंडल सुखाड़ से ग्रसित है जिसे लेकर किसानों को राहत पहुंचाने और नेशनल हाईवे सड़क निर्माण में जा रहे रैयतों के भूमि का पैसा सड़क निर्माण से पहले मुहैया कराने का मांग किया। वहीं मंत्री बादल पत्रलेख ने आश्वासन दिया कि इस विषय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात कर आपकी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करने का प्रयास करेंगे।

## जल संकट को आमंत्रण दे रहा है आउटलेट का टूटा हुआ वॉल

**महुआडांड़।** झारखंड के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल नेतरहाट की प्राकृतिक सुंदरता से आकर्षित पर्यटक सालों भर घूमने आते रहते हैं। नेतरहाट पर्यटक स्थल विशेष कर अपने सूर्योदय और सूर्यास्त प्वाइंट के लिए प्रसिद्ध है। लेकिन बारिश के दौरान बादलों और जाड़ों में कोहरे की वजह से सूर्योदय और सूर्यास्त के समय प्राकृति के अद्भुत नजारों का लुप्त नहीं उठा पाते हैं, और इसी नजारे को देखने में गर्मी में आते हैं। लेकिन इस गर्मी पर्यटकों और वहां के स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ सकती है। क्योंकि नेतरहाट की लाइफ लाइन कहीं जाने वाली एकमात्र डेम जहां से पूरे क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जाती है। अत्यधिक गर्मी पड़ने से पानी का स्तर बिल्कुल ही नीचे चला जाता है। और ऐसे में बरसात के समय में डेम में बने आउटलेट की दीवार तीन से चार फीट तोड़ दिए जाने से डैम में तीन से चार फीट पानी कम ही रह जाएगा जो की आने वाले गर्मी के समय में जल संकट को आमंत्रण दे रहा है।

## झारखंड आंदोलनकारी कोर कमेटी की बैठक संपन्न

**बरवाडीह।** गुरुवार को झारखण्ड आंदोलनकारी कोर कमेटी की बैठक चिन्हित आंदोलनकारी मुरली प्रसाद की अध्यक्षता में बरवाडीह बाजार शेड में आहूत की गई। बैठक में पिछले 30 नवंबर को प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम दिए गए 20 सूत्री मांगपत्र पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि अगर सरकार सभी समस्याओं पर शीघ्र निर्णय लेकर कारवाई नही करती है, तो छठ महापर्व के बाद दुबियाखाड़ के समीप एनएच 75 को अनिश्चितकाल के लिए जाम कर दिया जाएगा।

### वन अधिकार समिति गठन को लेकर चकला में चल रहा है विवाद

# दो युवकों के साथ मारपीट के बाद चकला में तनाव प्रशासन ने समझा बूझाकर मामला कराया शांत

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड के चकला पंचायत में गुरुवार को दो युवकों के साथ एक गुट के कुछ लोगों के द्वारा रोक कर मारपीट किए जाने के बाद चकला में स्थिति तनावपूर्ण हो गई। दो आदिवासी युवकों के साथ पिटाई की घटना के बाद आसपास के कई गांव के सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष चकला गांव पहुंचकर मारपीट घटना को लेकर कड़ा रोष प्रकट किया। सूचना के बाद चंदवा पुलिस तुरंत हरकत में आ गई व चकला पिकेट के जवान की टीम को स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भेजा गया, लेकिन स्थिति को बिगड़ता देख चंदवा पुलिस की टीम व मुखिया रंजीता एक्का भी मौके पर पहुंची व आक्रोशित लोगों को समझा बूझकर किसी प्रकार मामला शांत कराया। हालांकि आदिवासी समाज के लोग पिटाई करने वाले लोगों की गिरफ्तारी और कड़ी कार्रवाई करने की मांग पर डटे थे। लोगों को कहना था कि इस प्रकार की घटना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



घायल युवक।



मौके पर मौजूद ग्रामीण।

वन अधिकार समिति गठन को लेकर चकला में कई दिनों से चल रहा है विवाद

ग्रामीणों ने बताया कि बीते 3 अक्टूबर को वन अधिकार समिति गठन को लेकर ग्राम सभा आयोजित थी, लेकिन भारी बारिश के कारण ग्राम सभा को स्थगित हो गयी थी। ग्राम सभा के दौरान हीं चकला के कुछ लोगों के द्वारा ग्रामीणों के साथ दुर्व्यवहार किया गया था, इसके बाद नोकझोंक की घटना हुई थी। पंचायत में शांति व्यवस्था कायम रहे इस बात को लेकर गुरुवार की सुबह अरंडीया टांड में ग्रामीणों की बैठक हुई थी व ग्रामीण मामले को समाप्त करने को लेकर आ रहे थे, लेकिन प्रतिशोध स्वरूप चकला गांव से गुजर रहे उमेश उरांव व संजय उरांव के साथ मारपीट की गयी।

मामले को लेकर प्रभारी थाना प्रभारी धर्मेंद्र कुमार महतो ने बताया कि मामला संज्ञान में है, लेकिन अब तक कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन प्राप्त होने के उपरांत जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## पंचमुखी दुर्गापूजा स्थल पर शेड और चबूतरा का होगा निर्माण : रामचंद्र सिंह

### विधायक ने पूजा पंडाल पहुंच पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को अपने समर्थकों के साथ बरवाडीह बाजार पहुंच पंचमुखी मंदिर दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात की। इस दौरान कोलकाता के मूर्तिकारों द्वारा बनाई जा रही मां दुर्गा समेत अन्य देवी देवताओं की अद्भुत प्रतिमा व पूजा पंडाल का जायजा लिया। इस दौरान विधायक ने पूजा समिति के सदस्यों को पूजा स्थल पर शेड, चबूतरा और स्टोर रूम का निर्माण कार्य शीघ्र कराने को लेकर आश्वस्त किया। उन्होंने मौके पर ही इंजिनियर से शेड और चबूतरा निर्माण को लेकर नापी कराते हुए अतिशीघ्र प्राकलन तैयार करने जा निर्देश दिया। विधायक ने यह भी कहा कि सभी निर्माण कार्य पूजा समिति के द्वारा ही कराया जाएगा। वहीं विधायक ने दुर्गा मंडप के समीप स्थित विद्यालय के जर्जर भवन को हटवाने की बात कही। इस मौके पर पूजा समिति के अध्यक्ष राजेश वर्मा, उपाध्यक्ष दीपक राज, सचिव प्रिंस गुप्ता व अजीत कुमार, उप सचिव नागेंद्र प्रसाद नागा, कोषाध्यक्ष सुभम दुबे, निखिल गुप्ता और मुकेश कुमार, संरक्षक पंकज गुप्ता व संजय यादव के साथ-साथ वरिष्ट नेता अनिल सिंह, रविंद्र राम, शिवानंद तिवारी, अजय सिंह, अवधेश मेहरा, रविंद्र पासवान, पंडित राकेश मिश्रा, रविंद्र प्रसाद और सुजीत गुप्ता समेत कई लोग उपस्थित थे।



दुर्गापूजा समिति के लोगों से वार्ता करते विधायक।

जर्जर शेड की कराई जाएगी मरम्मती : रामचंद्र सिंह

इसके बाद विधायक रामचंद्र सिंह ने बरवाडीह व्यवसायिक समिति के पदाधिकारियों के साथ बाजार स्थित जर्जर शेड का भी निरीक्षण किया और जल्द से जल्द इसके मरम्मती कराने को लेकर व्यवसायिक समिति को आश्वस्त किया। वहीं मौके पर मौजूद कनीय अभियंता को शेड मरम्मती को लेकर भी शीघ्र प्राकलन तैयार करने के निर्देश दिए। मौके पर व्यवसायिक समिति के अध्यक्ष दीपक राज, महासचिव जैकी चौरसिया, सलाहकार बिरेंद्र ठाकुर, सतीश कुमार, सिराज अहमद, राजन अंसारी, इम्तियाज अहमद, वकील, सोनू और रतन गोस्वामी समेत कई दुकानदार मौजूद थे।

## बाबूलाल मरांडी झूठी कहानी सुनाकर लोगों को कर रहे हैं भ्रमित : अजीत पाल कुजूर

### विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से महुआडांड़ में आयी बिजली

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** बालूमाथ में आयोजित संकल्प यात्रा के दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा महुआडांड में बिजली लाने संबंधी बयान को लेकर महुआडांड़ प्रखंड कांग्रेस के कांग्रेस पंचायतीराज के प्रदेश जोनल कॉडिनेटर सह युवा नेता अजीत पाल कुजूर ने एतराज जताते हुए कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। श्री कुजूर ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का महुआडांड़ में बिजली लाने में कोई योगदान नहीं है। वे झूठी कहानी बता कर लोगों को दिग्भ्रमित करने का कार्य कर रहे हैं। वर्तमान विधायक रामचंद्र सिंह के प्रयास से ही महुआडांड़ में बिजली आई थी। महुआडांड़ में नेतरहाट से बिजली लाने के लिए वर्ष 2000 में लोकप्रिय विधायक रामचंद्र सिंह अपने विधायक मद से 22 लाख रुपए दिये थे। उस समय उनके कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से नेतरहाट से महुआडांड़ में बिजली पहुंची थी। जिसका उद्घाटन उस समय विधायक रामचंद्र सिंह ने कराकर एक सोची समझी रणनीति के तहत तत्कालीन मुख्यमन्त्री बाबूलाल मरांडी से कराया गया। श्री कुजूर ने कहा कि उद्घाटन के समय सबसे दिलचस्प बात ये हुई की उस समय बिजली लाईन ही कट गई थी तब आनन-फानन में जनरेटर स्टार्ट करके बल्ब जलाकर बिजली का उद्घाटन किया गया था।



अजीत पाल कुजूर।

## जिला खेल स्टेडियम मे ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम मे आयोजित ग्रामीण तथा स्वदेशी जनजातीय खेल प्रतियोगिता के शुभारंभ के मौके पर एसडीओ शेखर कुमार ने संबोधित करते हुए कहा की हमारे बीच में एक यूनिक और अलग तरह का प्रतियोगिता शुभारंभ किया गया है। जिसमे हमलोगो ने देखा की आप लोग बहुत जिम्मेदारी के साथ मे प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट किए है और आपलोगो की जो सहभागिता है देखते ही बनता है और कोई भी प्रतियोगिता जब होता है उसमे हमलोग को 100 प्रतिशत एफर्ट देना पड़ता है। फर्स्ट, सेकेंड, थर्ड यही गिनाते है। उन्होंने कहा की लेकिन जो अन्य बच्चे क्वालीफाई नहीं कर पाते है। इसका मतलब ये नहीं की वे फिसड्डी किस्म के होंगे। उनकी भी अंदर मे इच्छा होनी चाहिए। की जब कभी भी नेक्स्ट टाइम प्रतियोगिता होगी। तो हम पार्टिसिपेट कर के उस स्थान को प्राप्त करे। उन्होंने प्रतिभागियों को हमेशा जिले मे होने वाले प्रतियोगिता मे भाग लेने की अपील की है। इस अवसर पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार, कार्यपालक दंडाधिकारी, जिला परिषद सदस्य विनोद उरांव, जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार को बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। मंच का संचालन वॉलीबॉल प्रशिक्षक प्रवीण मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को अनुमंडल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी समेत सभी अतिथियों ने गुलेल चलाकर शुभारंभ किया। वहीं विजेताओं को मेडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय द्वारा संचालित डे बोर्डिंग एवं आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षक तरसीयूश कुजूर, सरिता खलखो, अमित रंजन मिंज, जीवन किशोर मिंज, सुधीर खाखा, ने अहम भूमिका निभाई।



गुलेल चलाकर शुभारंभ करते एसडीओ व अन्य।

## आज नहाय-खाय के साथ जितिया व्रत शुरू

**महुआडांड़।** पुत्रों की दीघायु की कामना को लेकर जिउतिया पर्व गुरुवार को नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। छठ व्रत की तरह जितिया व्रत में भी नहाय-खाय का विधान है। नहाय-खाय व्रत से एक दिन पहले किया जाता है। इसमें व्रती सुबह उठकर पवित्र नदी में स्नान करती है। लेकिन नदी स्नान संभव न हो तो आप घर पर भी पानी में गंगाजल मिलाकर स्नान कर सकते हैं। स्नान के बाद पूजा-पाठ किया जाता है और फिर भोजन किया जाता है। आज नहाय-खाय में व्रती माताएं झिंगली, खमरूआ, सतपुतिया, नोनी का साग और मड़ुआ की रोटी खाती हैं। वहीं कल शुक्रवार को माताएं निर्जला व्रत रखेंगी।

## खाधान्न वितरण गड़बड़ी में डीलर पर होगी कड़ी कार्रवाई : रशमी लकड़ा

**लातेहार।** खाद्यान्न वितरण में गड़बड़ी का मामला लागातार सुनने को मिल रही है कहीं कटौती कर वितरण की मामले सामने आ रही है तो कहीं जनवितरण प्रणाली के दुकान संचालक के द्वारा कुछ महीने की खाद्यान्न गमन करने की मामले लागातार सामने आ रही है। यहां तक कि इसको लेकर लाभुक धरना प्रदर्शन करने को मजबूर हैं। इस मामले में लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रशमी लकड़ा ने अपने कार्यालय कक्ष में पत्रकारों को बताया की सरकार के द्वारा कार्ड धारी को दी जाने वाली राशन अगर डीलर कम देती है या किसी भी तरह कि शिकायतें मिलती है तो वैसे डीलर अब बक्से नहीं जाएंगे। वैसे डीलरों को निलंबन के साथ साथ उन पर कानूनी कार्रवाई भी किया जाएगा।

## मंत्री पत्रलेख से मुलाकात कर बारियातू में टमाटर सोस यूनिट लगाने के लिए सौंपा आवेदन

**बारियातू।** कांग्रेस युवा नेता लाल आशिस नाथ शाहदेव ने गुरूवार को रांची पहुँच कर कृषि मंत्री बादल पत्रलेख से मंत्री आवास मे मुलाकात कर टमाटर की उपज को देखते हुए सोंस युनिट लगवाने के लिए आवेदन सौंपा। आवेदन के माध्यम से बताया की बारियातू प्रखंड के पुरे क्षेत्र में किसानों द्वारा वर्षों से टमाटर की खेती बड़े पैमाने पर की जाती है। क्षेत्र से हजारों टन टमाटर विभिन्न राज्य बिहार बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, युपी, दिल्ली सहित कई अन्य राज्यों में टमाटर व्यापारियों के माध्यम से औने पौने भाव में ले जाया जाता है। जिससे किसानों को खेती और मेहनत के अनुसार मजदुरी भी नहीं निकल पाता है।

# सड़क के अभाव में प्रसूति को खाट पर लेकर पीएचसी पहुंचे ग्रामीण

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड के माल्हन पंचायत अंतर्गत गनियारी गांव के दालचुआं टोले के ग्रामीणों को आजादी के 7 दशक बाद भी सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। सड़क का अभाव होने के कारण ग्रामीणों को समय पर एम्बुलेंस भी नही मिल पाती है जिस कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को अचानक प्रसव पीड़ा उठने के बाद दीपक गंझू की पत्नी प्रमिला देवी को परिजनों ग्रामीणों के द्वारा लगभग 3 किलोमीटर चारपाई (खाट) पर लेकर लोहरसी स्थित पीएचसी अस्पताल के लाना पड़ा। इस दौरान प्रसव पीड़ा जूझ रही महिला दर्द से तड़पती रही, परिजन बेबस होकर किसी प्रकार उबर खाबड़ पथरीले रास्ते से पीएचसी अस्पताल पहुंचे, जहां महिला का इलाज प्राथमिक उपचार किया गया, प्राथमिक उपचार के बाद गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्रसूति को रेफर कर दिया गया, जिसके बाद परिजन उसे लेकर चंदवा के एक निजी अस्पताल पहुंचे, जहां उसका उपचार चल रहा था। ग्रामीण दिनेश गंझू, कांति देवी, मानती देवी, रवीना देवी, दीपक गंझू, जगेशर गंझू, सुकरी देवी, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश नाथ लोहार ने कहा कि चंदवा प्रखंड मुख्यालय से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित माल्हन पंचायत अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य गनियारी गांव का दालचुआ, धेंगरा टांड़ व टटबिनवा टोला है जहां आज भी आवागमन का कोई रास्ता नही है। रास्ता नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में टोलों का संपर्क प्रखंड मुख्यालय से कट जाता है व गांव के ग्रामीण गांव में ही कैद होकर रह जाते हैं ऐसे में ग्रामीण की तबीयत खराब हो गई तो स्थिति विकट हो जाती है, क्योंकि गांव में एंबुलेंस पहुंच ही नहीं पाती है। समस्या को देखते हुए कई बार उन्होंने प्रशासन व सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया लेकिन इसका कोई फायदा नहीं हुआ।



खाट पर ले जाते लोग।

### एक नजर में

## सरकारी स्कूल में लगे दो सोलर प्लेट की चोरी



जानकारी देते शिक्षक।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के राजकीय मध्य विद्यालय बालुभांग में बीते मंगलवार रात्री लगे जल मीनार से दो सोलर प्लेट की अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। चोरी के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बताया की विद्यालय के कुछ विद्यार्थी जब पानी पीने के लिए उक्त जलमीनार के पास पहुंचे तो देखा की दो सोलर प्लेट गायब है। विद्यार्थियों ने इसकी जानकारी विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपेंद्र कुमार को दिया। एचएम कुमार ने विद्यालय परिसर मे काफी खोज-बीन किया पर कुछ पता नहीं चला। सोलर प्लेट चोरी होने की जानकारी स्थानीय मुखिया केदार गंझु को दिया गया। वहीं बताया कि मंगलवार को जब विद्यालय से छुट्टी हुई थी तो सोलर प्लेट लगे हुए थे। कयास लगाया जा रहा है कि देर रात चोरों द्वारा चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है। वहीं मुखिया गंझु ने बताया कि राजकीय मध्य विद्यालय बालुभांग में पीएचइडी विभाग द्वारा लगाए गए सोलर जल मीनार में लगे दो सोलर प्लेट की चोरी कर ली गई है। एच एम द्वारा मामले की जानकारी संबंधित विभाग व थाना को देने की बात कही।

## जेजेएमपी के पप्पू लोहरा के घर पर पुलिस ने चिपकाए इश्तेहार



**लातेहार।** लातेहार पुलिस के द्वारा गुरुवार को प्रतिबंधित जेजेएमपी के उग्रवादी संगठन के प्राथमिकी अभियुक्त पप्पू लोहरा पिता बिरजू उर्फ गरजू उर्फ रामवृक्ष लोहरा ग्राम बिनगड़ा कोने थाना जिला लातेहार के घर में फरार रहने की स्थिति इश्तेहार चिपकाया गया। इनके खिलाफ लातेहार थाना कांड संख्या 109/2022, दिनांक 20.04.2022 धारा 25(1-बी)ए, 25(6), 26, 35 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के प्राथमिकी अभियुक्त हैं।

## राज्य कर विभाग की टीम ने अभिजीत प्लांट में की जांच-पड़ताल

**चंदवा।** चंदवा के बाना चकला स्थित परीसमापन की प्रक्रिया में चल रही अभिजीत पावर प्लांट की जांच को लेकर गुरुवार को राज्य कर विभाग झारखंड सरकार रांची अंचल की टीम प्लांट पहुंची। हालांकि प्लांट पहुंचने के बाद मुख्य प्रवेश द्वार से टीम को एंट्री नहीं दी गई, इसके बाद टीम चकला मोड़ के समीप बनी गेट से अंदर गई। खबर लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि आयकर विभाग की टीम किस मामले की जांच करने पहुंची थी। इधर प्लांट के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राज्य कर विभाग की टीम लगभग एक दशक पूर्व के किसी बकाए आयकर से सम्बंधित मामले की जांच करने पहुंची थी। प्लांट में जब निर्माण कर चल रहा था, उस दौरान सिंपलेक्स नामक एक कंपनी कार्य कर रही थी, जिनके द्वारा कर का भुगतान नहीं किया गया था, सिम्पलेक्स के द्वारा विभाग को जानकारी दी गयी थी, उनका बकाया अभिजीत प्लांट में फंसा है, जिसके बाद टीम प्लांट पहुंच कर इसकी तहकीकात की।

## विधायक बैद्यनाथ राम ने कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का किया स्वागत



मुलाकात करते मंत्री व विधायक।

**लातेहार।** पलामू से रांची लौटने के क्रम में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख ने स्थानीय विधायक बैद्यनाथ राम से उनके आवास में जा कर मुलाकात की। विधायक श्री राम ने मंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मंत्री पत्रलेख व विधायक आपस में स्थानीय एवं प्रदेश की समस्याओं के बारे में बातचीत करते दिखायी पड़े विधायक ने पलामू मेधा डेयरी के प्लांट का उदघाटन करने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिया। कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार क्षेत्र की समस्याओं का निदान करने के लिए तत्पर है। बेरोजगार को नौकरी एवं स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में तेजी से काम हो रहे है। विभिन्न योजनाओं का संचालन कर जरूरतमंदों को इसका लाभ दिया जा रहा है। मंत्री श्री पत्रलेख ने कहा कि किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रदेश में काम किया जा रहा है। मौके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आफताब आलम, विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, युवा नेता अंकित पांडेय व विवेक कुमार गुप्ता आदि उपिस्थत थे। बता दें कि मंत्री पत्रलेख पलामू में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में भाग ले कर रांची लौट रहे थे।

## पंचायत स्तरीय प्रतिभा खोज फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



शुभारंभ करते अतिथि।

**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी सरना खेल मैदान में ब्राइट फ्यूचर एकेडमी के द्वारा आयोजित पंचायत स्तरीय बालक-बालिका प्रतिभा खोज फुटबॉल टूनार्मेंट का शुभारंभ गुरुवार को हुआ। बतौर मुख्य अतिथि चंदवा पूर्वी जिप प्रतिनिधि रोहित यादव, विशिष्ट अतिथि कृषि एवं गव्य विकास सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, पंसस बलकु मुंडा व अनुरोध कुजूर व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटने के उपरांत फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन के मौके पर आयोजन समिति के प्रयास की सराहना करते हुए रोहित यादव ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर प्रतिभाओं को मंच मिल सके इस दिशा में ब्राइट फ्यूचर एकेडमी का प्रयास काफी सराहनीय है। प्रत्येक वर्ष इस प्रकार का आयोजन होने से गांव के युवा लाभान्वित हो रहे हैं। इधर उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला मरमर व लुकुईया के बीच खेला गया, जिसमें लुकुईया की टीम 1-0 से विजयी रही। उद्घाटन के मौके पर संजीव आजाद, माल्हन मुखिया जतरु मुंडा, शिवनाथ यादव, इरशाद मुन्ना, मणिलाल यादव, किशुन उरांव, सन्दीप विश्वकर्मा, कुश यादव, रिकी वर्मा, अनिल यादव, राजेश यादव, अबुल मियां, प्रेम यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

## कार्यक्रम में भाग लेंगे पांच हजार कार्यकर्ता : हर्षवर्धन

**बरवाडीह।** बरवाडीह में सात अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबू लाल मरांडी के संकल्प यात्रा के दौरान होने वाले महाअधिवेशन सह कार्यकर्ता मिलन समारोह में करीब पांच हजार कार्यकर्ता भाग लेंगे। भाजपा मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली गई है। कार्यक्रम स्थल पर टेंट निर्माण आदि की व्यवस्था की जा रही है। भाजपा टीम के द्वारा कार्यक्रम स्थल का मुआयना भी की गई। सभी कार्यकर्ता कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट गए हैं। । मण्डल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह ने कार्यकताओं के साथ बैठक कर सभी को अपनी जिम्मेवारी निभाने के लिए कहा है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि कन्हाई सिंह, उपाध्यक्ष सुनील सिंह, प्रदीप सिंह, मनोज प्रसाद, मनोज यादव, उपेंद्र सिंह, ननदेव सिंह, पवन कुमार, उपेंद्र प्रसाद समेत कई लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## एसडीओ के नेतृत्व में तीन खनन पट्टों की हुई जांच

**पाकुड़।** उपायुक्त के निर्देश के आलोक में जिला टास्क फोर्स टीम के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी हरिवंश पंडित के नेतृत्व में जिला खनन पदाधिकारी, खान निरीक्षक एवं हिरणपुर अंचल के निरीक्षक एवं अमीन के द्वारा तीन खनन पट्टों का जाँच किया गया। हिरणपुर अंचल अन्तर्गत तालपाहाड़ी मौजा में मनोज स्टोन के धारित खनन पट्टा की जाँच की गई। जाँच के समय खनन कार्य बंद पाया गया एवं स्थल पर ग्रामीणों के द्वारा बताया गया की ये खदान बहुत दिनों से बंद है और इसमें खनन कार्य नहीं किया जा रहा है। बाबजूद नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के लिये जिला खनन पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। तालपाहाड़ी मौजा में जिशन स्टोन वर्क्स के द्वारा धारित खनन पट्टा की जाँच की गई। जाँच के समय खदान में खनन कार्य किया जा रहा था एवं पट्टेधारी स्थल पर मौजूद पाये गये उनके द्वारा खदान से संबंधित पेपर दिखाया गया। अनुमंडल पदाधिकारी के द्वारा पट्टेधारी को विस्फोटक का उपयोग के संबंध में और सस्टेनेबल खनन करने करने हेतु निर्देशित किया। प्रतापपुर मौजा में फॉर स्टोन वर्क्स के द्वारा धारित खनन पट्टा की जांच की गई एवं जाँच दौरान खनन कार्य किया जा रहा था एवं पट्टेधारी के द्वारा खदान से संबंधित आवश्यक पेपर दिखाया गया।

## राशन वितरण की शिकायतों पर विशेष जांच दल का गठन

**गोड्डा।** आज उपायुक्त, गोड्डा जिशान कमर के द्वारा जिला आपूर्ति शाखा के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में अगस्त एवं सितंबर महीनों में गोदाम से राशन के उठाव एवं पीडीएस डीलरों द्वारा जन वितरण प्रणाली के दुकानों के माध्यम से राशन कार्ड धारकों में वितरण की जानकारी प्राप्त की गई। राशन के वितरण में विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त हो रही अनियमितता संबंधी शिकायतों के आलोक में उपायुक्त द्वारा अगस्त एवं सितंबर महीनों में राशन के उठाव एवं पीडीएस दुकानों से वितरण की जांच के आदेश दिए गए। इसके लिए जिला स्तर पर विशेष दलों का गठन किया जाएगा।

## लगातार बारिश से बढ़ा जलस्रोतों में जलस्तर

**गोड्डा।** जिला प्रशासन द्वारा निर्गत निर्देश के आलोक कहा गया है कि जिले में विगत कई दिनों से गोड्डा अनुमंडल एवं महागामा अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में लगातार सघन वर्षा हो रही है, जिससे गोड्डा, अनुमंडल क्षेत्र एवं महागामा, अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में पड़ने वाले नहर, तालाब, कूप, नदी एवं चेकडेम आदि बरसात के पानी से भर गए है। आए दिन विभिन्न क्षेत्रों से बच्चे / बड़े व्यक्तियों के डूबने की सूचना प्राप्त हो रही है। अतः उक्त के आलोक में जिले वासियों से अपील की जाती है कि, शहरों एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगातार हो रही बरसात के कारण अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले नहर, तालाब, कूप, नदी, चेकडेम एवं अन्य जलश्रोतों में जलस्तर काफी बढ़ गया है, अपने बच्चों, बच्चियों, बड़े व्यक्तियों पर विशेष ध्यान देंगे, सतर्कता बरतेंगे तथा उन्हें जलश्रोतों के निकट जाने से मना एवं उन्हें रोकेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित नही हो।

## एसकेएमयू के वित्त पदाधिकारी बने डॉ डीएन गोराई

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के नए वित्त पदाधिकारी बनाए गए गणित शिक्षक डॉ डी एन गोराई। राजभवन के निर्देशानुसार कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने गणित विभाग के एसोसियेट प्रोफेसर डॉ देब नारायण गोराई को विश्वविद्यालय का वित्त पदाधिकारी नियुक्ति का अधिसूचना जारी किया। इनकी नियुक्ति एक वर्ष या जेपीएससी से वित्त पदाधिकारी नियुक्त होने तक होगी। डॉ गोराई गणित विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष रह चुके हैं। वर्तमान में वे गणित विभाग के शिक्षक के अलावा सेंट्रल लाइब्रेरी के डायरेक्टर का पद भी सम्भाल रहे हैं। डॉ गोराई वित्तीय मामलो के जानकार माने जाते हैं और विश्वविद्यालय के विभिन्न समितियों में उन्होंने पूर्व में योगदान दिया हुआ है। डॉ गोराई वित्त पदाधिकारी का प्रभार डॉ राजीव कुमार से ग्रहण करेंगे।

# जातिगत गणना में केवल एमवाई गिना गया, धर्म जाति में बांट रहे नीतीश, भाजपा का करारा प्रहार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी ने अपने दिवंगत नेता कैलाशपति मिश्र की 100वीं जयंती पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान पटना के बापू सभागार में बीजेपी नेताओं ने कैलाशपति मिश्र के कार्यकाल के दौरान बीजेपी में मजबूती से काम करने वाले 14 कार्यकताओं का जोरदार स्वागत किया गया। सबसे पहले पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद और इसके बाद बारी- बारी से बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के अतिरिक्त कई नेताओं ने इनके कार्यों की सराहना करने के लिए सबों स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में बीजेपी के कार्यकताओं की मौजूदगी में पंडित कैलाशपति मिश्र की पुत्रवधु दिलमणि देवी बीजेपी में शामिल हो गईं। उन्हें प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भाजपा की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने राज्य सरकार को कठघरे में खड़ा किया और जातिगत जनगणना रिपोर्ट पर सवाल खड़े किए। सम्राट चौधरी ने कहा, बिहार में जातीय सर्वेक्षण अधूरा है क्योंकि तुष्टीकरण को छोड़ सभी जातियों को कम दिखाया गया. केवल ट- (मुस्लिम-यादव) को गिनने का काम हुआ है। लालू यादव ने 15 साल राज किया किसी को आरक्षण नहीं दिया। आरक्षण दिया तो राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव और मिशा भारती को। बीजेपी नेता ने दावा किया कि बिहार में केवल बीजेपी ही पिछड़ों, अतिपिछड़े और दलित को सम्मान दिया है। अब आगामी 24 जनवरी 2024 को कपूर्री ठाकुर की जयंती इसी तरह बड़े पैमाने पर मनाई जाएगी। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कैलाशपति मिश्र की आदमकद मूर्ति लगाने का संकल्प लिया। पटना के बापू सभागार में इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और गिरिराज सिंह के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सांसद सुशील मोदी, नंद किशोर यादव, राधामोहन सिंह, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मंगल पांडे सहित कई नेताओं की मौजूदगी रही। इस दौरान अपने संबोधन में सुशील कुमार मोदी ने कैलाशपति मिश्र को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री रहते अति पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया। सुशील मोदी ने कहा, कपूर्री ठाकुर की सरकार में पिछड़ों को बिहार में सबसे पहले आरक्षण दिया गया। आज जो लोग जाति आधारित गणना रिपोर्ट आने के बाद जो लोग जाति और आरक्षण की सियासत कर रहे हैं वो अति पिछड़ा को बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी देने का साहस नहीं रखते। आज बीजेपी के साथ मंडल भी है और कमंडल भी है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा, आज जो लोग जाति की बात कर रहे हैं उनके घर में इनकी जाति के सामान्य लोग जा भी सकते हैं क्या? लालू के बाद राबड़ी, तेजस्वी, मुलायम के बाद अखिलेश और ममता दीदी के बाद उनके भतीजे। रविशंकर प्रसाद ने यह भी आशंका जाहिर की कि 2024 में बीजेपी की जीत के बाद बिहार में सरकार कितने दिन चलेगी पता नहीं। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह का जाति आधारित गणना रिपोर्ट पर हमला करते हुए कहा, जाति बंटवारे में गड़बड़ी की गई है। 215 जातियों का सर्वे कराया, लेकिन 190 ऐसी जातियां हैं जिनकी आबादी एक फीसदी से कम है। 26 ऐसी जातियां हैं जिनकी आबादी एक हजार से कम है। नीतीश कुमार धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांट रहे हैं। नीतीश कुमार कम आबादी वाली जातियों के लिए क्या करेंगे? कौन सी नीति बनायेंगे? केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर कहा, कैलाश जी ना होते तो लालू यादव सीएम नहीं होते। मैं उसका चशमदीद गवाह हूं। हिम्मत है लालू यादव मेरी बात काट दें। लालू यादव समर्थन मांगने आए थे। कैलाशपति मिश्र और कपूर्री ठाकुर ने सबसे पहले आरक्षण दिया। नीतीश कुमार और लालू यादव को कैलाशपति मिश्र ने सीएम बनाया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लालू यादव पर परिवारवाद को लेकर हमला करते हुए कहा, लालू यादव जेल जाने के समय किसी दूसरे यादव को सीएम क्यों नहीं बनाया? क्यों राबड़ी देवी को सीएम बनाया? इन लोगों को सिर्फ परिवार से मतलब है, गरीब, पिछड़े, दलित से कोई लेना देना नहीं है.पटना के बापू सभागार में इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और गिरिराज सिंह के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद शामिल हुए। इस कार्यक्रम में सांसद सुशील मोदी, नंद किशोर यादव, राधामोहन सिंह, पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मंगल पांडे सहित कई नेताओं की मौजूदगी रही। इस दौरान अपने संबोधन में सुशील कुमार मोदी ने कैलाशपति मिश्र को याद करते हुए कहा कि उन्होंने राज्य सरकार में उपमुख्यमंत्री रहते अति पिछड़ों को आरक्षण देने का काम किया। सुशील मोदी ने कहा, कपूर्री ठाकुर की सरकार में पिछड़ों को बिहार में सबसे पहले आरक्षण दिया गया। आज जो लोग जाति आधारित गणना रिपोर्ट आने के बाद जो लोग जाति और आरक्षण की सियासत कर रहे हैं वो अति पिछड़ा को बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी देने का साहस नहीं रखते। आज बीजेपी के साथ मंडल भी है और कमंडल भी है। इस कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री रवि शंकर प्रसाद ने कहा, आज जो लोग जाति की बात कर रहे हैं उनके घर में इनकी जाति के सामान्य लोग जा भी सकते हैं क्या? लालू के बाद राबड़ी, तेजस्वी, मुलायम के बाद अखिलेश और ममता दीदी के बाद उनके भतीजे। रविशंकर प्रसाद ने यह भी आशंका जाहिर की कि 2024 में बीजेपी की जीत के बाद बिहार में सरकार कितने दिन चलेगी पता नहीं। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री आरसीपी सिंह का जाति आधारित गणना रिपोर्ट पर हमला करते हुए कहा, जाति बंटवारे में गड़बड़ी की गई है। 215 जातियों का सर्वे कराया, लेकिन 190 ऐसी जातियां हैं जिनकी आबादी एक फीसदी से कम है। 26 ऐसी जातियां हैं जिनकी आबादी एक हजार से कम है। नीतीश कुमार धर्म और जाति के नाम पर समाज को बांट रहे हैं। नीतीश कुमार कम आबादी वाली जातियों के लिए क्या करेंगे? कौन सी नीति बनायेंगे? केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने इस अवसर पर कहा, कैलाश जी ना होते तो लालू यादव सीएम नहीं होते। मैं उसका चशमदीद गवाह हूं। हिम्मत है लालू यादव मेरी बात काट दें। लालू यादव समर्थन मांगने आए थे। कैलाशपति मिश्र और कपूर्री ठाकुर ने सबसे पहले आरक्षण दिया। नीतीश कुमार और लालू यादव को कैलाशपति मिश्र ने सीएम बनाया। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने लालू यादव पर परिवारवाद को लेकर हमला करते हुए कहा, लालू यादव जेल जाने के समय किसी दूसरे यादव को सीएम क्यों नहीं बनाया? क्यों राबड़ी देवी को सीएम बनाया? इन लोगों को सिर्फ परिवार से मतलब है, गरीब, पिछड़े, दलित से कोई लेना देना नहीं है।

## सांसद व विधायक ने किया निर्माण कार्य का शिलान्यास



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**पाकुड़।** सांसद विजय हांसदा व विधायक दिनेश मरांडी ने संयुक्त रूप से गुरुवार को हिरणपुर प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनने वाले दो सड़क व अमड़ापाड़ा प्रखंड में दो पुल निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास किया। सांसद व विधायक मोहनपुर मोड़ निकट आसनजोला से बाबूपुर तक 7.100 किमी लम्बी सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। जिसका प्राक्कलित राशि 5.90 करोड़ है। वही देवपाड़ा से बाबूपुर पथ का फीता काटकर व नारियल फोड़कर कार्य का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे । जहाँ सांसद व विधायक का परम्परागत रूप से स्वागत किया गया । शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि राज्य में हेमंत सरकार अपने सभी वायदे को पूरा कर रहे है। चारों तरफ सड़को की जाल बिछा रहे है। ग्रामीणों के लिए विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है। जिसका लाभ सीधा स्थानीय लोगो को मिल रही है। वही विधायक ने कहा कि सड़क काफी जर्जर अवस्था मे था। इसको लेकर प्रयास किया गया। यह सड़क इस क्षेत्र के लिए काफी उपयोगी है। सड़क निर्माण कार्य मे आमलोगों की सहभागिता आवश्यक है। निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण हो , इसको लेकर सभी जवाबदेही को समझे। इसके बाद अमड़ापाड़ा प्रखंड के बारगो गांव में दो पुल निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस मौके पर कार्यपालक अभियंता प्रयाग कुमार, जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक कुमार भगत, उप प्रमुख अब्दुल गनी, मुखिया जंतु सोरेन, सरबजीत सिंह, लड्डू भगत, गुलशेल अंसारी, छोटू मोमिन, पप्पूअंसारी, जब्बार अंसारी, सतार मोमिन आदि मौजूद थे।

## जिउतिया पर्व को लेकर तैयारी जोरों पर

**गोड्डा।** गोड्डा सहित अन्य प्रखड़ों के साथ ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र में भी दिग्घी, मानिकपुर, भगैया, तेतरिया माल, अमरपुर, माल मंडरो, मोरडीहा, चांदा, चपरी, खरखोदिया, मिश्र गंगटी, फुलबड़ीया, रूंजी, बनियाडीह, पंजराडीह पंचायत के विभिन्न गांव में गुरुवार को जिऊतिया का पर्व का नहाए मनाया गया।इस अवसर पर महिलाओं के निकट के नदी तालाब बांध आदि जगहों में स्नान करने की परंपरा चली आ रही है। उसके बाद ही महिलाएं अपने घर में आकर पूजा पाठ करती है और अधिक से अधिक प्रकार की सब्जी के साथ रुचिकर भोजन पकाकर खुद भी ग्रहण करती है।

## लगातार हो रही बारिश से नदियों का बढ़ा जलस्तर

**पाकुड़।** जिले भर में लगातार हो रही बारिश से नदियों का जलस्तर काफी बढ़ गया है। जिले हिकर गुजरने वाली बाँसलोई, तोड़ाई, परगला व अन्य नदियां उफान पर है। नदियों का जलस्तर बढ़ने व खेतो में जमा पानी के कारण किसानों की बैचेनी बढ़ गई है। अधिक दिनों तक खेतो में पानी जमा होने पर धान को नुकसान पहुँच सकता है। अबतक धान की स्थिति ठीक है। मौसम विभाग के अनुसार वर्ष 2022 की अपेक्षा इस वर्ष अक्टूबर माह में अधिक बारिश होने की संभावना है। अधिक बारिश के कारण नदियो का जलस्तर बढ़ता ही जा रहा है। यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में जिले के मुफ्फसिल इलाके में निवास करने वाले लोगों की परेशानी बढ़ सकती है।

## पूर्व डीएसडब्ल्यू के निधन पर शोकसभा कर दी श्रद्धांजलि



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को शोक सभा का आयोजन कांफ्रेंस हॉल में आयोजित हुई। शोकसभा विश्वविद्यालय के पूर्व डीएसडब्ल्यू और स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष डॉ शेषनाथ राय के निधन पर आयोजित हुई। शोक सभा का संचालन करते हुए कुलसचिव डॉ संजय कुमार सिन्हा ने डॉ राय के विश्वविद्यालय के विभिन्न पदो पर उनके योगदान को बताया। सामाजिक विज्ञान संकाय के डीन सह राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव ने उन्हें एक उत्कृष्ट शिक्षक बताते हुए विभाग में उनके योगदान को याद किया। डीएसडब्ल्यू डॉ संजय कुमार सिंह ने कहा कि डॉ राय सामाजिक और छात्र संगठनों से काफी निकट से जुड़े हुए थे। छात्रों के विभिन्न गुटों के बीच उन्होंने समन्वय स्थापित कर विश्वविद्यालय का माहौल सकारात्मक बनाया।डॉ अजय सिन्हा ने डॉ राय से जुड़े कई संस्मरण को याद कर उनके निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बतलाया। परीक्षा नियंत्रक डॉ राजीव रंजन सिन्हा ने उनके सरल और स्नेहपूर्ण व्यवहार को याद किया। कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि डॉ राय के बारे में उन्होंने जितना सुना और जाना है उससे पता चलता है की वह ना सिर्फ एक आदर्श शिक्षक थे, बल्कि एक कर्मठ, सरल और सभी साथ लेकर चलने वाले अधिकारी थे। उनका निधन विश्वविधालय के लिए काफी दुखद है। सभा की अंत में एक शोक प्रस्ताव पारित करते हुए दो मिनट का मौन रख उनके आत्मा के शांति के लिए प्रार्थना की गई। शोक सभा में विश्वविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी और शिक्षक शामिल हुए।

## पर्यवेक्षकों के साथ हुई झामुमो कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** आज पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, गांधी नगर दुर्गा मंडप के सामने नगर विवाह भवन में गोड्डा प्रखंड झारखंड मुक्ति मोर्चा समिति की बैठक प्रखंड अध्यक्ष बालमुकुंद महतो की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमे जिला झामुमो समिति के अध्यक्ष बासुदेव सोरेन के द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय समिति सदस्य सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल एवं अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष डॉ. कयूम अंसारी साहब उपस्थित रहे। बैठक में पर्यवेक्षक द्वय के द्वारा प्रखंड समिति की विस्तृत समीक्षा की गई।प्रखंड समिति की विस्तृत कमिटी पाई गई ,पर प्रखंड के 34 पंचायतों में से मात्र 10 से 11 पंचायत समिति का अब तक में गठन पाया गया। शेष 23 से 24 पंचायत समिति गठन हेतु ,प्रखंड से पंचायत पर्यवेक्षक की नियुक्ति की गई। साथ ही सख्त निर्देश दिया गया की 11अक्तूबर तक पंचायत कमिटी गठन हर हाल में करना होगा ताकि केंद्रीय कमिटी को पूर्व के दिए आश्वासन को पूरा किया जा सके। जिसमे जिला समिति के द्वारा एक महीने में सदस्यता अभियान पूरा करने का निर्णय शामिल है। हर एक पंचायत से एक हजार सदस्यता बनाने का टारगेट तय किया गया। अगली गोड्डा प्रखंड समिति की विस्तारित बैठक 12 अक्टूबर को तय किया गया। जिसमे कोई किंतु परंतु नही चलेगा। बैठक में मुख्य रूप से आमंत्रित सदस्य जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव,जिला संगठन सचिव गुड्डू राउत,जिला संयुक्त सचिव यूसुफ अंसारी,प्रखंड बीस सूत्री सदस्य शोम मरांडी,जिला कार्यसमिति सदस्य श्यामल रामदास,जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष चंदन हेंब्रम,प्रखंड उपाध्यक्ष विकाश हजारी, प्रकाश मंडल,पैरडीह पंचायत अध्यक्ष संतलाल मरांडी, बूढ़ी कुरा पंचायत सचिव शंकर हेंब्रम, सोनू राय, अनिरुद्ध मंडल, भटडीहा पंचायत समिति अनिरुद्ध मंडल, सैदापुर पंचायत समिती जितेंद्र मंडल, मखनी पंचायत अध्यक्ष जियाउद्दीन अंसारी, प्रकाश सिकदार, बिट्टू यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। ये जानकारी राजेश मंडल पूर्व जिलाध्यक्ष झामुमो ने दी।

एक नजर में

## कस्तूरबा स्कूल की छात्रा की मौत, परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर लगाया आरोप

**कांडी।** कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी की कक्षा नवीं की छात्रा किरण कुमारी 15 वर्ष ने गुरुवार को रेफरल अस्पताल मझिआंव पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। किरण मोखापी गांव निवासी रविंद्र कुमार रवि की पुत्री है। मृतका के चचेरे भाई सुनील कुमार ने बताया कि गुरुवार की सुबह कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय कांडी के गार्ड के मोबाइल नंबर से फोन कर बताया गया कि किरण की तबियत ख़राब हो गई है उसे घर ले जाइये। किरण को घर लाकर गांव के ही एक डॉक्टर को दिखाया गया जिसने अच्छे डॉक्टर से दिखाने की सलाह दी। परिजनों द्वारा किरण को टेम्पो से रेफरल अस्पताल मझिआंव ले जाया गया, जहां डक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की मां संगीता देवी ने बताया कि उसकी पुत्री को कुछ नहीं हुआ था। वह स्वस्थ थी। अचानक विद्यालय में ऐसा क्या हो गया कि उसकी जान चली गई। समझ नहीं आ रहा है। मृतका के चचेरे भाई सुनील ने विद्यालय प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाया है। सुनील ने कहा कि मैडम क्रो समय रहते हमें बताना चाहिए था। मामला सीरियस होने पर खबर दी गई।

## थाना प्रभारी ने दी सड़क सुरक्षा यातायात नियमों की जानकारी

**भवनाथपुर।** थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने गुरुवार को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती पंचायत कैलान झुरही टोला के उत्क्रमित मध्य विद्यालय के छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा यातायात नियम, साइबर क्राइम, डायन भूत कुप्रथा, ऊर्जा संरक्षण के साथ साथ विषयवार संबंधित जानकारी दी। मौके पर रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। कहा कि जब भी पिता, भाई या अपने करीबी लोग बाइक चलाते है तो उन्हें जरूर हेलमेट पहनने को कहे। दो पहिया वाहन चलाते समय हमेशा हेलमेट का प्रयोग करना चाहिए। कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे, कार चलाते समय हमेशा सीट-बेल्ट बांधेंगे, हमेशा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा अपने स्वजन से पालन कराएंगे। सड़क दुर्घटना में अगर कोई घायल दिखता है तो संवेदना दिखाते हुए 100 नम्बर या स्थानीय पुलिस को सूचित करें, जरूरी हो तो उसे 108 एम्बुलेंस को कल करे व एक अस्पताल तक भेजने में मदद करें यह सच्ची मानवता है।

## झमाझम बारिश में मिट्टी का मकान ध्वस्त

**मझिआंव।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत लगातार हो रही चार दिनों से झमाझम बारिश में मोरबे पंचायत के चिरकुट ही टोला में एक मकान पूरी तरह गिर कर वस्त हो गया और अन्य कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। जिसमें श्यामलाल उरांव पिता मंतू उरांव का मकान रात्रि में दो बार में गिरकर पूरी तरह से वस्त हो गया और मकान में रह रहे श्यामलाल उरांव, पत्नी एवं बच्चे बाल बाल बच गए। वही उसी गांव में गोविंद उरांव पिता स्वर्गीय राम ब्रिज उरांव का भी आधा मकान गिर चुका है। इसी तरह से मंगलवार की बीती रात्रि रामनाथ उरांव पिता महेंद्र उरांव, शिवचरण उरांव पिता बैद्यनाथ उरांव, रामसेवक उरांव पिता स्वर्गीय यमुना उरांव एवं जगनी कुंवर पति स्वर्गीय राम गति उरांव का भी बारिश से मकान गिर कर क्षतिग्रस्त हो गया है।

पेज 1 का शेष

### जिसकी जितनी आबादी...

**पत्र के माध्यम से फायदे भी बताये :** मुख्यमंत्री ने पत्र के माध्यम से जाति आधारित जनगणना कराये जाने से देश के नीति-निर्धारण में कई तरह के फायदों को बताया। पत्र में लिखा था कि पिछड़े वर्ग के लोगों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध कराने में ये आकड़े सहायक सिद्ध होगें। नीति निर्माताओं को पिछड़े वर्ग के लोगों के उत्थान के निमित्त बेहतर नीति निर्धारण एवं क्रियान्वयन में आकड़े मदद करेंगे। **आर्थिक विषमता का जाति से गहरा संबंध :** पत्र में लिखा था कि भारत में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़े वर्ग के लोगों ने सदियों से आर्थिक एवं सामाजिक पिछड़ेपन का दंश झेला है। आजादी के बाद विभिन्न वर्गों का विकास अलग-अलग गति से हुआ है। अमीरों एवं गरीबों के बीच की खाई और बढ़ी है। भारत में आर्थिक विषमता का जाति से बहुत मजबूत संबंध है एवं सामान्यतया जो सामाजिक रूप से पिछड़े श्रेणी में आते है, वे आर्थिक तौर पर भी पिछड़े हैं। सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास के नारों को अमलीजामा पहनाने की जमीनी पहल करना समय की मांग है। विकास का खाका तैयार करने की पहली शर्त होती है,जमीनी हकीकत की जानकारी। इसके लिए जातिगत जनगणना सबसे कारगर माध्यम साबित होगा। इससे समाज के सभी वर्गों को हिस्सेदारी के अनुपात में भागीदारी देना तय किया जा सकता है। ऐसे में दल की दीवारें तोड़कर सब एक साथ केन्द्र से ये मांग कर रहे हैं कि जनगणना में सभी जातियों के राजनीति, आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर की जानकारियों को समावेश कर सार्वजनिक किया जाये।

### उत्कृष्ट पंचायत, जिला परिषद...

**अन्य प्रमुख फैसले :** पथ प्रमंडल बोकारो अंतर्गत नवाडीह गोमो पथ 11.5 किलोमीटर के चौड़ीकरण मजबूतीकरण के लिए 38 करोड़ की योजना स्वीकृत हुई। जामताड़ा पथ के बराकर नदी पर 263 करोड़ की लागत से उच्च स्तरीय पुल बनाने का पथ निर्माण विभाग के प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई। शिक्षा परियोजना में मुख्य अभियंता का पद सृजित किया गया। रांची नगर निगम के अंतर्गत कार्यरत सहायक अभियंता और नगर प्रबंधक के बकाया भुगतान के लिए एक करोड़ 40 लख रुपये जेसीएफ लोन लेकर देने की स्वीकृति दी गई। राज्य के स्थानीय नगर निकायों में कार्यरत कर्मियों सहायक नगर आयुक्त कार्यपालक पदाधिकारी विशेष कार्य पदाधिकारी अभियंताओं के वेतन भुगतान के लिए जे सीएफ से 9 करोड रुपए मिलने की स्वीकृति दी गई। राज के 4351 ग्राम पंचायत में 43500 का स्थापित किये जायेंगे। इसके लिए चार अरब 63 लख रुपए की राशि स्वीकृत हुई। रांची शहरी जलापूर्ति परियोजना फेस 2 के निवेदन स्टार के लिए 10 प्रतिशत की अधिक सीमा को विलोपोत किया गया। लोहरदगा के कुडू में 107 एकड़ जमीन में मेसर्स ईएसएल को स्टील प्लांट लगाने के बदले क्षतिपूरक वन लगाने के लिये 21 करोड़ रुपए की राशि वन विभाग को देने की स्वीकृति दी गयी।

### दिवंगत कार्डिनल का 11 को...

बुधवार को मांडर स्थित लिवंस हॉस्पिटल में उनका निधन हो गया है। **10 को पार्थिव शव रांची लाया जायेगा :** मांडर स्थित लिवंस हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में कार्डिनल तेलेस्फोर पी टोप्पो को 9 अक्टूबर तक मोर्चरी में रखा जायेगा। 10 अक्टूबर को पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए रांची के संतमरिया महागिरजा चर्च में लाया जायेगा। गुरुवार को हजारीबाग के बिशप आंनद जोजो की अगुवाई में मांडर हॉस्पिटल में धर्म विधि का आयोजन किया गया। साथ ही उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इसमें मांडर विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, पल्ली पुरोहित निलम तिड़ु, प्रशन तिर्की समेत धर्म बहने शामिल हुईं।

### सहायक आचार्य नियुक्ति...

दरअसल, बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजय पिपरवाल एवं प्रिंस कुमार ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया था कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50% आरक्षण की सुविधा दी गयी थी। बाद में संविदा कर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनायी है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50% आरक्षण देने का प्रावधान है। शिक्षा विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी आरक्षण मिलना चाहिए था।

# दिल्ली में नौ अक्टूबर को होगी कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक

## चुनाव, जाति जनगणना और कुछ अन्य मुद्दों पर चर्चा संभव

▸▸ मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों पर होगा मंथन



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की अगली बैठक नौ अक्टूबर को राष्ट्रीय राजधानी में होगी, जिसमें पांच राज्यों के आगामी विधानसभा चुनावों के लिए रणनीति, जाति जनगणना और कुछ अन्य विषयों पर चर्चा होने की संभावना है। पार्टी सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को पार्टी मुख्यालय में होने वाली कार्य समिति की बैठक में इस साल के आखिर में प्रस्तावित मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम के विधानसभा चुनावों की तैयारियों, देश के मौजूदा राजनीतिक हालात, जाति जनगणना, जांच एजेंसियों के दुरुपयोग और कुछ अन्य राजनीतिक एवं आर्थिक मुद्दों पर चर्चा संभव है। कार्य समिति, कांग्रेस की सबसे बड़ी नीति निर्धारक इकाई है। कांग्रेस कार्य समिति की बैठक पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव से कुछ सप्ताह पहले हो रही है।

माना जा रहा है कि इसमें चुनाव की रणनीति के साथ चुनाव से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा होगी। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ में सत्तारूढ़ है तो भाजपा मध्य प्रदेश में, भारत राष्ट्र समिति तेलंगाना में और मिजोरम नेशनल फ्रंट मिजोरम में सत्तासीन है। कार्य समिति केंद्रीय जांच ब्यूरो और प्रवर्तन निदेशालय जैसी जांच एजेंसियों के कथित दुरुपयोग को लेकर चर्चा कर सकती है। इस बैठक से कुछ दिन पहले ही कथित आबकारी घोटाले के मामले में आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह को प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। यही नहीं, पिछले कुछ दिनों में विपक्ष के कई नेताओं के खिलाफ ईडी ने विभिन्न मामलों में कार्रवाई की है। कार्य समिति बिहार की जाति आधारित गणना के आंकड़े के जारी होने के बाद अब राष्ट्रीय स्तर पर जातिगत जनगणना की मांग दोहरा सकती है। कांग्रेस कार्य समिति की पिछली बैठक 16 और 17 सितंबर को हैदराबाद में हुई थी। कार्य समिति के पुनर्गठन के बाद यह पहली बैठक थी। उस बैठक में कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस (इंडिया) की पहल को वैचारिक एवं चुनावी सफलता दिलाने का संकल्प लिया था। कार्य समिति की पिछली बैठक में पारित प्रस्ताव में जातिगत जनगणना की मांग भी उठाई गई और कहा गया कि अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण की मौजूदा अधिकतम सीमा बढ़ाई जाए। बैठक के बाद 14 सूत्री प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें महंगाई, बेरोजगारी, अर्थव्यवस्था की स्थिति, किसानों की समस्याओं, चीन के साथ सीमा विवाद, अडाणी समूह से जुड़े मामले तथा कई अन्य मुद्दों का उल्लेख किया गया था। कार्य समिति में 39 सदस्य, 32 स्थायी आमंत्रित सदस्य और 13 विशेष आमंत्रित सदस्य शामिल किए गए हैं। इसमें सचिन पायलट और शशि थरूर जैसे नेताओं को पहली बार जगह मिली है।

## क्यों नहीं हो रही जातिगत जनगणना : प्रियंका गांधी

**धार (मप्र)** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज महिला आरक्षण और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब संविधान ने देश में सभी को समान अधिकार दिए हैं तो सरकार जातिगत जनगणना क्यों नहीं करा रही। आदिवासी बहुल मोहनखेड़ा के दौरे पर आईं श्रीमती वाड्रा ने महिला आरक्षण पर पार्टी कहा कि कांग्रेस ने समर्थन किया, लेकिन बाद में ये पता चला कि ये आरक्षण 10 साल बाद लागू होगा और इसके पहले जातिगत जनगणना और परिसीमन आवश्यक है। उन्होंने सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब ये 10 साल बाद लागू होगा तो इसका मतलब क्या है। इसी क्रम में वे यहां तक कह गईं कि क्या सरकार ने महिलाओं को मजाक समझा है।

# गरीबों का पैसा नहीं लूटने दूंगा और न तिजोरी भरने दूंगा : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले- जनधन, आधार, मोबाइल की त्रिशक्ति से तहस-नहस हो गया कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र

▸▸ प्रधानमंत्री ने मध्य प्रदेश के जबलपुर में 12,600 करोड़ की कई परियोजनाओं का किया शिलान्यास व उद्घाटन




एजेंसी

**जबलपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि न गरीबों का पैसा लूटने दूंगा और न ही कांग्रेस के नेताओं की तिजोरी भरने दूंगा। हमने जनधन, आधार और मोबाइल की ऐसी त्रिशक्ति बनाई, जिससे कांग्रेस का भ्रष्ट तंत्र तहस नहस हो गया। आज गरीबों का पैसा गरीबों के हित में लग रहा। प्रधानमंत्री मोदी गुरुवार को वीरांगना रानी दुर्गावती के जयंती के अवसर पर जबलपुर के गैरिसन ग्राउंड में आयोजित विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 100 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले वीरांगना रानी दुर्गावती स्मारक एवं उद्यान का शिलान्यास किया। मंच से ही देश के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े 12 हजार 600 करोड़ की विकास परियोजनाओं का भूमिपूजन और लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज जबलपुर का एक नया ही रूप देख रहा हूं। मैं देख रहा हूं, जबलपुर में जोश है। ये जोश और ये उत्साह दिखाता है कि महाकौशल के मन में क्या है? आज पूरा देश वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती मना रहा है। दुनिया के किसी देश में रानी दुर्गावती होती तो वो देश दुनिया में उछल कूद करता, लेकिन हमारे देश में ऐसे महापुरुषों को भुला दिया गया। उनका स्मारक बनने के बाद हिंदुस्तान की हर माता, हर जन का यहां आने का मन करेगा। मैं पूरे आदिवासी समाज को, मध्य प्रदेश को और 140 करोड़ देशवासियों को बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है, हमारी बहनों को धुएं से मुक्ति देना। कांग्रेस को माता-बहनों के स्वास्थ्य की परवाह नहीं थी। हमने इसलिए बड़ा अभियान चलाकर उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया। मोदी ने कहा कि देश को पहली महिला आदिवासी राष्ट्रपति देने का सौभाग्य भी भाजपा को मिला। आजादी के बाद दशकों तक जो दल सरकार में बैठा रहा, उसने एक ही काम किया, एक ही परिवार की चरण वंदना की।

### राजस्थान में सरकार आने पर भाजपा खोलेगी लाल डायरी का राज

**जोधपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार, किसानों से वादाखिलाफी, कानून व्यवस्था बनाये रखने एवं पेपर लीक माफिया पर अंकुश लगाने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा है कि भाजपा की सरकार आने पर प्रदेश में खुशहाली लायेगी और बहुचर्चित लाल डायरी का राज खोलेगी।

### 2014 के बाद 11 करोड़ फर्जी नामों को दस्तावेजों से हटाया

प्रधानमंत्री ने वर्ष 2014 के बाद आये बदलावों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद कांग्रेस सरकार की भ्रष्ट व्यवस्थाओं को बदलने का अभियान चलाया गया। उन्होंने दावा किया कि तकनीक का इस्तेमाल करके करीब 11 करोड़ फर्जी नामों को सरकारी दस्तावेजों से हटाया गया। मोदी ने कहा कि ये वो नाम थे, जिनका कभी जन्म ही नहीं हुआ था, लेकिन सरकारी दफ्तर से खजाना लूटने का रास्ता बन गया था। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले आए दिन कांग्रेस सरकार के हजारों-करोड़ रुपये के घोटाले हेडलाइन बना करते थे, जो पैसा गरीब पर खर्च होना था, वो कांग्रेस के नेताओं की तिजोरियों में जा रहा था।



नयी दिल्ली में आतंकवाद निरोधी सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह।

# नौ वर्षों में काफी कम हुई आतंकवादी घटनाएं : शाह

▸▸ आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र और राज्यों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत : गृह मंत्री

▸▸ सरकार आतंक के हर स्वरूप को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को कहा कि बीते 09 वर्षों में आतंकी घटनाओं में काफी कमी आई है। मोदी सरकार ने देश में आतंकवाद के सभी स्वरूपों पर मजबूती से नकेल कसी है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद को जड़ से खत्म करने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। अमित शाह दिल्ली के सुषमा स्वराज भवन में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की ओर से आयोजित दो दिवसीय आतंकवाद निरोधी सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें एक कॉमन ट्रेनिंग मॉड्यूल बनाने की दिशा में काम करना होगा। जिससे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की कार्यपद्धति में एकरूपता लाई जा सके। शाह ने 94 प्रतिशत से अधिक दोष सिद्धि दर हासिल करने के लिए एनआईए की प्रशंसा भी की। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 में आतंकी घटनाओं की संख्या 6000 थी, जिसे वर्ष 2022 में घटाकर 900 तक लाने का काम मोदी सरकार ने किया है। मोदी सरकार आतंक के हर स्वरूप को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध है। शाह ने कहा कि मोदी के नेतृत्व में केंद्र और राज्य सरकारों के सहयोग से मादक पदार्थों के खिलाफ लड़ाई में बड़ी सफलता हासिल हुई है। इस दौरान केरल में लगभग 12,000 करोड़ रुपये से अधिक की 2,500 किलोग्राम मेथामफेटामाइन जब्त की गई थी। इसके अलावा 10 लाख किलोग्राम ड्रग्स नष्ट किए जा चुके हैं।

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय गृह राज्यमंत्री निशिथ प्रमाणिक, केंद्रीय गृह सचिव, एनआईए के महानिदेशक सहित केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के महानिदेशक, राज्यों के पुलिस महानिदेशक, केंद्र एवं राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## आज ओटीटी पर रिलीज होगी गदर-2



**मुंबई।** सिनेमाघरों के बाद अब गदर-2 ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। यह फिल्म 6 अक्टूबर को जी5 पर रिलीज होगी। इस फिल्म को ओटीटी पर रिलीज करने के लिए जी5 और फिल्म मेकर्स ने बड़ी डील की है। निमार्ताओं ने फिल्म के ओटीटी प्रदर्शनी अधिकार जी 5 को 50 करोड़ में बेच दिए हैं। इस फिल्म का पहला भाग पहले से ही ओटीटी पर उपलब्ध है। इस बारे में जी5 ने भी एक ट्वीट शेयर कर ऐलान किया है। सनी देओल की गदर-2 ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया है। इस फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच देखने को मिला और साथ ही साथ फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई भी की। फिल्म ने अब तक 527 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। इस फिल्म ने दुनियाभर में 681 करोड़ का बिजनेस किया है। 60 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं।

## ड्रोन से निपटने को उठाये गये सभी कदम : वायुसेना

**जम्मू।** जम्मू में भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के खतरे से निपटने के लिए भारतीय वायुसेना ने सभी तरह के कदम उठाए हैं और सेना किसी भी हालात से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। भारतीय वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र में वायुसेना द्वारा चलाए गए ज्यादातर अभियान सफल रहे हैं। जम्मू के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी) एयर कमोडोर एस.एस. रावत ने यहां ड्रोन के खतरे पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि देखिए हम किसी भी हालात के लिए पूरी तरह से तैयार हैं और सभी कदम उठाए गए हैं। वायुसेना के निगरानी अभियानों की सफलता दर के बारे में पूछे जाने पर रावत ने बताया कि ज्यादातर अभियान सफल रहे हैं। उन्होंने बताया कि वायुसेना ने सेना के साथ मिलकर इस तरह के अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है।

# पांच दिन की इडी हिरासत में सांसद संजय सिंह

### दिल्ली आबकारी घोटाला



**नयी दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में गिरफ्तार आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह को पांच दिन की ईडी हिरासत में भेजने का आदेश दिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने संजय सिंह को 10 अक्टूबर तक ईडी हिरासत में भेजने आदेश दिया। ईडी ने संजय सिंह की दस दिनों की हिरासत की मांग की थी। सुनवाई के दौरान संजय सिंह की ओर से पेश वकील मोहित माथुर ने हिरासत की मांग की अर्जी की प्रति उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि जब ईडी को लेन-देन की जानकारी काफी समय से थी, तो अभी तक गिरफ्तार क्यों नहीं किया। कोर्ट ने कहा कि जिन लेन-देन की बात ईडी कर रही है, वह अगस्त और अक्टूबर 2021 का है। तब ईडी ने कहा कि इस मामले में बयान अभी दर्ज हुए हैं। संजय सिंह की ओर से पेश वकील मोहित माथुर ने हिरासत की मांग की अर्जी की प्रति उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि दो करोड़ का लेन-देन दो किश्तों में किया गया। यह लेन-देन संजय सिंह के घर पर हुआ। इसकी पुष्टि दिनेश अरोड़ा ने की थी। ईडी की अर्जी में इंडोस्प्रिट से पैसों के लेन-देन का भी ज़िक्र हुआ है, जिसमें कहा गया है कि संजय सिंह के घर पर उनके कर्मचारी सर्वेश को पैसा दिया गया। दिनेश अरोड़ा ने इसकी पुष्टि की है। संजय सिंह की ओर से कहा गया कि ईडी का यह बयान झूठा है।

## स्कूल भर्ती घोटाले में अभिषेक की अपील पर आदेश सुरक्षित

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कथित शिक्षक भर्ती घोटाले के सिलसिले में इडी के समन को लेकर टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी की अपील पर गुरुवार को आदेश सुरक्षित रख लिया। सुनवाई के दौरान मौखिक टिप्पणी में अदालत ने कहा कि सांसद को ईडी द्वारा उनसे मांगे गये दस्तावेज 10 अक्टूबर तक उपलब्ध कराने चाहिए। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति उदय कुमार की एक खंडपीठ ने कहा कि केंद्रीय एजेंसी, यदि जवाबों से असंतुष्ट है, तो उन्हें (अभिषेक को) 19 अक्टूबर के पहले या 26 अक्टूबर के बाद तलब कर सकती है, क्योंकि बीच में दुर्गा पूजा है। खंडपीठ ने कहा कि ईडी को उचित अवधि के भीतर कथित स्कूल नौकरियों के मामले की जांच पूरी करनी चाहिए।

# बुलेट ट्रेन के लिए पहली पर्वतीय सुरंग बनी

▸▸ गुजरात के वलसाड में बनायी गयी है ट्रेन की माउंटेन टनल

▸▸ मुंबई-अहमदाबाद के बीच 2027 से चलेगी बुलेट ट्रेन



एजेंसी

**मुंबई।** गुजरात के वलसाड में मुंबई-अहमदाबाद उच्च गति वाले रेल गलियारे यानी बुलेट ट्रेन के मार्ग में पहली पर्वतीय सुरंग बनाने में गुरुवार को कामयाबी मिल गयी। नेशनल हाईस्पीड रेल कोरपोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने यह जानकारी दी है। एनएचएसआरसीएल ने एक बयान में कहा कि नयी आस्ट्रियाई सुरंग विधि (एनएटीएम) के जरिए 10 महीने में इस सुरंग का निर्माण किया गया है जो गुजरात में वलसाड के उम्बेरगांव तालुका में जरोली गांव से करीब एक किलोमीटर की दूरी पर है।

उसने कहा कि उसमें सुरंग, सुरंग द्वार, सुरंग प्रवेश छतरी जैसे अन्य संबंधित संरचनाएं हैं। 350 मीटर लंबी इस सुरंग का व्यास 12.6 मीटर और ऊंचाई 10.25 मीटर है। घोड़े के नाल आकार वाली इस सुरंग में दो उच्च रफ्तार ट्रेन ट्रैक होंगे। मुंबई-अहमदाबाद उच्च रफ्तार रेल गलियारे में पहाड़ों से गुजरने वाली सात सुरंगें होंगी और उन सभी का निर्माण एनएटीएम के माध्यम से किया जाएगा। उच्च रफ्तार वाले इस ट्रेन गलियारे में मुंबई में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स और ठाणे जिले के शिल्पहटा के बीच 21 किलोमीटर लंबी सुरंग भी होगी जिसका सात किलोमीटर हिस्सा ठाणे क्रीक (खाड़ी) में होगा यानी कि यह समुद्र के नीचे से गुजरने वाली देश की पहली सुरंग होगी।

## शेयर बाजार में लौटी रौनक सेंसेक्स 405 अंक चढ़ा

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में पिछले दो दिन से जारी गिरावट पर गुरुवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 405 अंक के लाभ में रहा। कच्चे तेल के दाम में तेज गिरावट के बीच पूंजीगत वस्तुएं बनाने वाली कंपनियों, बैंक और आईटी शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी लौटी। सेंसेक्स 405.53 अंक यानी 0.62 प्रतिशत चढ़कर 65,631.57 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 527.16 अंक तक चढ़ गया था। निफ्टी भी 109.65 अंक यानी 0.56 प्रतिशत की तेजी के साथ 19,545.75 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक 2.35 प्रतिशत के लाभ में लार्सन एंड टुब्रो रही। इसके अलावा टाइटन, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

स्पीड न्यूज

## व्हाइट हाउस से निकाला गया बाइडन का डॉग



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के डॉग कमांडर को व्हाइट हाउस से निकाल दिया गया है। उसने राष्ट्रपति आवास में तैनात कई कर्मचारियों और जो बाइडन की सुरक्षा में तैनात सीक्रेट सर्विस के 11 जवानों को काट लिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का पालतू कुत्ता कमांडर दो साल का है और जर्मन शेफर्ड प्रजाति का है। पिछले दिनों उसने व्हाइट हाउस के कई कर्मचारियों को निशाना बनाया था। उसे व्हाइट हाउस से हटाकर अज्ञात जगह पर भेज दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति की पत्नी जिल बाइडन की कम्युनिकेशन डायरेक्टर एलिजाबेथ एलेक्जेंडर ने बताया कि हालांकि, अभी तक यह पता नहीं चल पाया है कि कमांडर को हमेशा के लिए व्हाइट हाउस से हटाया गया है या कुछ समय बाद फिर से उसकी वापसी हो सकती है।

## रेपो रेट में बदलाव नहीं करेगा रिजर्व बैंक

**कोलकाता।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बुधवार से शुरू हुई तीन दिन की द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा बैठक के बीच विशेषज्ञों ने उम्मीद जताई है कि मुद्रास्फीति और अन्य वैश्विक कारकों के बीच केंद्रीय बैंक नीतिगत दर रेपो को 6.5 प्रतिशत पर ही कायम रख सकता है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास की अगुवाई वाली एमपीसी बैठक के निर्णय की घोषणा शुक्रवार सुबह होगी।

## नाबालिग से बलात्कार के दोषी को 80 साल की सजा

**इडुक्की (केरल)।** केरल की एक अदालत ने अपनी पत्नी की 14 वर्षीय रिश्ते की बहन के साथ बलात्कार करने और उसे गर्भवती करने के जुर्म में गुरुवार को एक शख्स को 80 साल की सजा सुनाई। यह वारदात इडुक्की जिले में 2020 में हुई थी। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) शिजो मोन जोसेफ ने अदालत के आदेश का विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि दोषी को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई है और ये सारी सजाएं एक साथ चलेंगी, लिहाजा उसे 20 साल की सजा काटनी होगी जो उसे एक धारा के तहत मिला सबसे ज्यादा दंड है।

## महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी अगले हफ्ते

**नयी दिल्ली।** महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक की नीलामी अगले सप्ताह में की जाएगी। खान मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव संजय लोहिया ने गुरुवार को यह जानकारी दी। तांबा, लिथियम, निकेल, कोबाल्ट और पृथ्वी की सतह के अंदर मिलने वाले दुर्लभ और महत्वपूर्ण खनिज, पवन टर्बाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों जैसी तेजी से बढ़ती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों के लिए बेहद आवश्यक हैं।


## हिंसा : इंफाल में दो घरों में लगायी आग

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल वेस्ट जिले में फिर हिंसा भड़क उठी जहां कम से कम दो घरों में आग लगा दी गई और कई राउंड गोलीबारी हुई। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार रात करीब 10 बजे पटसोई पुलिस थाना क्षेत्र के न्यू कीथेलमनबी की है।

## दिग्गज माकपा नेता आनंदन का निधन

**तिरुवनंतपुरम।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के दिग्गज नेता और पूर्व विधायक अनाथलावाट्टोम आनंदन का बृहस्पतिवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके सहयोगियों ने यह जानकारी दी। आनंदन ने राज्य में पार्टी के लिए श्रमिक संगठन को जमीनी स्तर पर खड़ा करने में अहम भूमिका निभाई थी।

# शक्ति की करो मौलिक कल्पना,करो पूजन





डॉ. हाराधन कोईरी

**शारदीय** नवरात्र की पूजा आरंभ होने जा रही है। सभी शक्ति के उपासक उनकी उपासना हेतु तैयारी में जुट गये हैं। ऐसे समय में निराला कृत 'राम की शक्ति पूजा' कविता का पाठ एवं विश्लेषण अनिवार्य हो जाता है।

'राम की शक्ति पूजा' निराला की सर्वाधिक लोकप्रिय और बहुपठित कविता में से एक है। इस कविता के माध्यम से कविवर निराला ने मानव मन के अंतर्द्वंद्व को अभिव्यक्ति दी है। कविता में कथा आती है कि राम-रावण का युद्ध चल रहा है परन्तु दो प्रहरों से अर्थात मध्याह्न के बाद से राम की सेना पिछड़ने लगी है। राम के दिव्यास्त्र भी टूटने लगा है। शस्त्रों का टूट- टूटकर बिखर जाना राम के लिए असहनीय और अकल्पनीय हो गया है। राम देख रहे हैं कि रावण शक्ति की गोद में बैठ कर युद्ध कर रहा है। राम के दिव्यास्त्र को दूर से ही शक्ति रोक रही हैं,जिसे देखकर राम निराश होते हैं। निराश होकर वे शिविर की ओर लौटे रात्रि में सभा बैठती है तो उस सभा में वे कहने लगे कि अब यह युद्ध केवल राम-रावण का नहीं रह गया है। इस युद्ध में अब रावण ही विजयी होंगे,कहकर राम के आँखों से अश्रु छलक पड़े और कहने लगे --बोले रघुमणि -मित्रवर, विजय होगी न समर,

**यह नहीं रहा नर-वानर का राक्षस से रण,**
**उतरीं पा महाशक्ति रावण से आमंत्रण,**
**अन्याय जिधर हैं,उधर शक्ति । कहते छलछल**
**हो गये नयन ,कुछ बूँद पुनः ढलके दृगजल**

तब वयोवृद्ध जाम्बवंत कहने लगे कि यदि रावण अनाचारी, तामसिक होकर भी शक्ति को अपने बस में कर सकता है,तो तुम शुद्ध सात्विक होकर क्यों नहीं ? जाम्बवंत राम को शक्ति की मौलिक कल्पना करने का संकेत करते हैं। वे कहते हैं -रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सकता त्रस्त।

तो निश्चय तुम हो सिद्ध करोगे उसे ध्वस्त । आगे जाम्बवंत कहते हैं कि हे राम ! तुम, तब-तक युद्ध मत करो जब-तक शक्ति को प्राप्त नहीं कर लेते हो। हम सब मिलकर रावण से युद्ध करेंगे। तुम शक्ति की आराधना में लग जाओ। कविवर निराला जाम्बवंत के माध्यम से श्रीराम को कहते हैं-- शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन।

छोड़ दो समर जब-तक न सिद्धि हो,रघुनन्दन । राम,शक्ति की उपासना में लग जाते हैं। पाँच दिन सुविधापूर्वक समाप्त हो गये। छठा दिन आरंभ हुआ और राम का मन अब आज्ञाचक्र पर पहुँच गया है। इस स्तर पहुँचने के बाद साधक का मन पूर्ण रूप से वशीभूत हो जाती है। उनकी समस्त क्रियायें उनके इसारे पर होने लगती है। जप का घनत्व बढ़ गया। राम का पूरा ध्यान त्रिकुटी पर केन्द्रित है। राम की भौतिक क्रियायें समाप्त हो चुकी हैं। वे जप करते जा रहे हैं और प्रत्येक जप के साथ ही एक-एक नीलकमल देवी के चरणों में अर्पित करते जा रहे हैं। अब आठवाँ दिन शुरू हुआ। राम ध्यानमग्न हैं।उनका मन ऊपर उठता जा रहा है जिसके कारण राम का समस्त ताप भस्म हो गये हैं। अब केवल एक नीलकमल शेष है। अन्तिम जप शुरू होने वाला है। राम का मन उन्मन हैं। वे देखते हैं उनका मन महादुर्ग जिसे ब्रह्मरंध या सहस्त्रार कहा गया है को पार करने वाला है,कि अकस्मात शक्ति राम की परीक्षा लेने के लिए सूक्ष्म रूप में प्रकट हुईं। और पूजा का वह अन्तिम पुष्प उठा ले गयीं। साधना में खोये हुए राम का सम्पूर्ण ध्यान देवी के दोनों चरणों में केन्द्रित है।

छोड़ दो समर जब-तक न सिद्धि हो,रघुनन्दन । राम,शक्ति की उपासना में लग जाते हैं। पाँच दिन सुविधापूर्वक समाप्त हो गये। छठा दिन आरंभ हुआ और राम का मन अब आज्ञाचक्र पर पहुँच गया है। इस स्तर पहुँचने के बाद साधक का मन पूर्ण रूप से वशीभूत हो जाती है। उनकी समस्त क्रियायें उनके इसारे पर होने लगती है। जप का घनत्व बढ़ गया। राम का पूरा ध्यान त्रिकुटी पर केन्द्रित है। राम की भौतिक क्रियायें समाप्त हो चुकी हैं। वे जप करते जा रहे हैं और प्रत्येक जप के साथ ही एक-एक नीलकमल देवी के चरणों में अर्पित करते जा रहे हैं।

जप की समाप्ति के पश्चात नीलकमल अर्पित करने के लिए जैसे ही वे हाथ बढ़ाते हैं तो वहाँ कमल हाथ नहीं आता है। सहसा उनका मन जो देवी के चरणों में स्थिर था । फिर से चंचल हो जाता है। ध्यानपूर्वक चारों ओर देखते हैं तो चतुर्दिक रिक्त है। कहीं कुछ भी नहीं। उनके मन में विक्षोभ पैदा होता है। वे अपने जीवन को धिक्कारने लगते हैं। चिंतित होकर कहने लगे अब मेरी पूजा अधूरी ही रह जायेगी और सीता का उद्धार नहीं कर पाऊँगा। उसी क्षण उन्हें स्मृति आ जाती है कि बचपन में मेरी माँ मुझे 'राजीवलोचन' कहकर बुलाती थीं। इसलिए मेरे पास एक नहीं दो इंदीवर अभी शेष हैं। मैं उन्हें माता के चरणों में अर्पित कर पूजा को पूर्ण करूँगा ।

इस प्रकार कहते हुए तूणीर से शर निकालकर दक्षिण नेत्र को समर्पित करना चाहा कि शक्ति उनके सामने प्रकट होकर कहने लगीं--साधु,साधु, साधक धीर,धर्म-धन धन्य राम।

कह,लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम । वस्तुतः भगवती राम की धीरता और दृढ़ता को देखकर प्रसन्न होकर मुक्तकंठ में कहने लगीं--होगी जय, होगी जय,हे पुरुषोत्तम नवीन

कह महाशक्ति राम के बदन में हुई लीन। इस कविता में राम की शक्ति उपासना काली, दुर्गा ,सिंहवाहिनी होकर भी एक अन्य अर्थ प्रतिध्वनित होती है। देवी की आराधना-उपासना का सांकेतिक अर्थ है--मानव मन की शक्ति उपार्जित करना,अपने में दृढ़संकल्प शक्ति पैदा करना। 'राम की शक्ति पूजा' की कथा यद्यपि 'कृतिवास रामायण', 'देवी भागवत' तथा 'शिवमहिम्नस्तोत्र' में संकेत अवश्य हैं,परन्तु युगद्रष्टा कवि ने अपनी मौलिक प्रतिभा से उसे युगानुरूप बना दिया है।

जाम्बवंत का -- शक्ति की करो मौलिक कल्पना। कविता का विषय पौराणिक आख्यान मात्र न होकर समसामयिक है। कविता के माध्यम से कवि मनुष्य को अपनी मानसिक शक्ति उपार्जन करने की प्रेरणा देते हैं । मानसिक शक्ति के द्वारा ही मनुष्य अपने जीवन मार्ग की सभी विघ्न बाधाओं और विषम परिस्थितियों का सामना कर सकता है।अपने जीवन को सार्थक बना सकत है। निराला ने इस बात को तीन स्तरों मेंअभिव्यक्त किया है।

पहला व्यक्ति, दूसरा राष्ट्र,तीसरा आध्यात्मिक। व्यक्ति अपनी दृढ़संकल्प शक्ति से जीवन की बाधाओं को दूर कर सफलता प्राप्त कर सकता है। एक राष्ट्र जनशक्ति अर्जित कर देश को सुचारू ढंग से चला सकती है।आध्यात्मिक स्तर पर कवि बताना चाहते हैं कि तामसिक वृत्तियों पर सात्विक वृत्तियों की विजय तभी संभव है,जब आत्मशक्ति का विकास किया जाए। यह कविता पौराणिक कथा के माध्यम से मनुष्य को दृढ़संकल्प शक्ति या आत्मशक्ति पैदा करने की प्रेरणा देती है। साथ- ही संकल्प से सिद्धि की घोषणा भी।

**सहायक प्राध्यापक, स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग, गोस्सनर कॉलेज,राँची ।**

## संतान की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना के लिए जितिया व्रत



स्मिता सिंह


यदि इन दिनों आप बिहार-झारखंड की किसी महिला से बात करें, तो बातचीत के दौरान एक सवाल उनका जरूर होगा। संतान की लंबी आयु और स्वस्थ जीवन की कामना के लिए यह व्रत मनाया जाता है। इसलिए महिलाएं चाहती हैं कि जितिया नहाय खाय और जितिया पारण के अवसर पर उन सभी खाद्य पदार्थों को खा लिया जाए, जो पारम्परिक रूप से खाए जाते हैं। वास्तव में जितिया के अवसर पर खाए जाने वाले 5 खाद्य पदार्थ हमारे शरीर के लिए बेहद फायदेमंद हैं। इससे पहले जानते हैं कब है जितिया

इस वर्ष यह 6 अक्टूबर को शुरू होकर 7 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा। 8 अक्टूबर को जितिया का पारण (ञ्र३८ ह्यं स्त्रं१ल्ल ह्यु ) किया जायेगा। इस वर्ष पारण (जितिया पारण टाइम 2023) सुबह 7 बजे किया जायेगा। इस पर्व में मांएं 24 घंटे का उपवास रखती हैं। वे ईश्वर से प्रार्थना करती हैं कि उनकी संतानों के साथ-साथ सभी मांओं की संतान स्वस्थ, विद्या-बुद्धि और लंबी आयु से परिपूर्ण हो।

जितिया व्रत में क्या क्या खाना चाहिए जितिया में नहाय खाय और पारण के अवसर पर खाई जाती है। नोनी साग, नोनी के पकौड़े, नोनी दाल आदि खाए जाते हैं। मौसम में तेजी से आ रहे बदलाव से शरीर को सुरक्षित रखता है नोनी का साग । इसे आप गमले में भी उगा सकती हैं। नोनी से तैयार जूस जोड़ों के स्वास्थ्य में सुधार कर सकता है। शारीरिक सहनशक्ति बढ़ा सकता है। वजन प्रबंधन में सहायता कर सकता है। बोन हेल्थ, ओरल हेल्थ को मजबूती देता है।

2 अरबी अरबी को बिहार-झारखंड में कच्चू भी बोलते हैं। यह जड़ वाली सब्जी को आप गमले में भी उगा सकती हैं। अरवी के पत्ते की रेसिपी तो अब विश्व में धूम मचा रही है। फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, विटामिन ई और रेसिस्टेंस स्टार्च से भरपूर होती है अरवी । यह ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रण में रखने में मदद करती है। हृदय रोग के खतरे को कम करती है। फाइबर, एंटीऑक्सीडेंट, पोटेशियम, मैग्नीशियम, विटामिन सी, विटामिन ई और रेसिस्टेंस स्टार्च से भरपूर होती है अरवी ।

तोरई या तुरई डायटरी फाइबर, विटामिन ए, विटामिन सी, आयरन, मैग्नीशियम और




एक जैसे खाद्य पदार्थ पकाए और खाए जाते हैं। इस अवसर पर वैसी साग-सब्जियां ही खाई जाती हैं, जो आसानी से उगती हों। जिन्हें उगाने और बड़ा करने में विशेष मेहनत नहीं करनी पड़े। जो मौसम की हर तरह की मार झेलने में सक्षम हो।

दरअसल, इन साग-सब्जियों को ग्रहण करने के साथ ही मांएं ईश्वर से प्रार्थना करती हैं कि उनकी संतान भी हर परिस्थिति में जी सके। वे फल-फूल सकें। असफलता और विषम परिस्थिति उन्हें डिगा नहीं सकें। साथ ही इन साग-सब्जियों से तैयार रेसिपी आसानी से पचने योग्य भी होती हैं।

24 घंटे के उपवास के बाद मन और शरीर दोनों हल्का रह पाता है। जितिया के नहाय खाय और पारण के अवसर पर अरवी, तोरई (झिन्गली), खीरा, नोनी का साग , मंडुआ और देसी मटर खाई जाती है। आइये एक-एक कर इनके फायदे जानते हैं।

1 नोनी साग जितिया के नहाय खाय और पारण के अवसर पर सबसे अधिक नोनी साग से तैयार रेसिपी खाई जाती है। हरे रंग की नोनी साग एंटी बैक्टीरियल, एंटी फंगल और एंटी एजिंग गुणों वाला होता है। जितिया के नहाय खाय और पारण के अवसर पर सबसे अधिक नोनी साग से तैयार रेसिपी विटामिन बी6 से भरपूर होती है तोरई। इसमें स्वाभाविक रूप से लो कैलोरी, लो सैचुरेटेड फैट और लो कोलेस्ट्रॉल होता है। कम तेल में बनने वाली स्वादिष्ट सब्जी तुरई कब्ज को कम करने, वजन कम करने और ब्लड शुगर लेवल को प्रबंधित कर सकती है।

मंडुआ या रागी फिंगर मिलेट या रागी में प्रोटीन, आहार फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम भरपूर होता है। यह प्राकृतिक रूप से वजन घटाने में मदद करता है। मोटा अनाज कहलाने वाला रागी पेट साफ कर कोलन कैंसर को रोकता है। जितिया के पारन के अवसर पर रागी जरूर खाई जाती है, ताकि 24 घंटे के उपवास के बाद कब्ज का सामना नही करना पड़े। रागी एंटी एजिंग होता है और तनावमुक्त भी रखता है। फिंगर मिलेट या रागी में प्रोटीन, आहार फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम भरपूर होता है।

देसी मटर जितिया के पारण के दिन देसी मटर या कुशी केराव खाकर ही व्रत तोड़ा जाता है। यह मटर बंजर जमीन में भी उग आता है। विटामिन बी 12 का बढ़िया स्त्रोत देसी मटर हड्डी को मजबूत रखता है। इसमें एंटी कोलेस्ट्रॉल गुण होते हैं। श्रद्धा से जुड़े सच्चे सरोकार अपनाएं।

# पूर्वजो के श्रद्धा में समाहित हो आत्मीय अहसास

अगली पीढ़ियों के लिए अपनी जड़ों से मिली नमी को सहेज लेने का जतन है। इन सब पहलुओं पर कोई तर्क काम नहीं करता। हां, वैज्ञानिक सोच रखते हुए कर्मकाण्ड को प्राथमिकता देने के स्थान पर मानवीय भावों को चुनने से जुड़ा नयापन ही सुखद परिवर्तन कहा जाएगा। बहुत घरों में बड़े अनुष्ठानों की जगह यह भाव अपने पूर्वजों के प्रति सहज सम्मान जताने से जुड़ गया है। इसीलिए दिवंगत अपनों की स्मृति में वर्तमान पीढ़ी सत्कर्म का मार्ग चुनने और सेवाभावी व्यवहार अपनाने का प्रण भी लेने लगी है। पितृ जनों के स्मरण को उनके वंशजों द्वारा बड़े आयोजन का रूप दिया जाता है। इतना ही नहीं संसार में मौजूद बड़ी पीढ़ी की अनदेखी भी अब आम सी बात है। स्मरण रहे कि हमारी धार्मिक मान्यताओं में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसीलिए दिवंगत परिजनों को याद करते हुए आपकी जीवित बड़ी पीढ़ी की सेवा-सम्मान में भी कोई कमी नहीं आनी चाहिये। यह अवसर दिवंगत आत्माओं के अच्छे कर्मों से प्रेरणा लेने और उनका आशीर्वाद पाने का है।





डॉ. मोनिका शर्मा

दुनिया से विदा हुए अपनों के स्मरण का मोह भी सदा बना रहता है। जीवन की जड़ों को सींचने वाले पूर्वजों की स्मृति को नमन करने का पावन भाव छूट भी कैसे सकता है? हमारी सांस्कृतिक-आध्यात्मिक विरासत में तो संसार से विदा ले चुके अपनों की स्मृतियां दोहराने के लिए कुछ दिन तक निश्चित हैं। ये दिन भौतिक रूप से हमारा साथ छोड़ चुके अपनों को आत्मीय अनुभूतियों के धरातल पर स्मरण करने को समर्पित हैं। हालांकि पितृ पक्ष से जुड़ा बहुत कुछ समय के साथ बदल गया है, पर भावनाओं के पक्ष पर कुछ नहीं बदला है। संवेदनाओं से जुड़े बदलाव की आवश्यकता भी कम ही है क्योंकि पितृ पक्ष के दिन भी हमें सन्मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने ही आते हैं। जीवन की अनिश्चितता से मिलवाते हुए जनकल्याण में प्रवृत्त करने की सीख देने का माध्यम बनते हैं।

## जुड़ाव का व्यावहारिक पक्ष

अपनों की स्मृतियों की वंदना के इस भाव से जीवन के बहुत से व्यावहारिक पहलू जुड़े हैं। यही वजह है कि पितृ पक्ष को केवल कर्मकांड से जोड़कर देखना उचित नहीं है। आज के बिखरते पारिवारिक परिवेश में देश के दूसरे हिस्सों से ही नहीं, विदेशों से भी लोग अपनों को याद करने अपने गांव-घर आते हैं। घर की दूसरी-तीसरी पीढ़ी अपने बड़ों के जीवन को जानती-समझती है। उनके सद्कर्मों की चर्चा होती है। जीवन-संघर्षों की बात करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। श्राद्ध से जुड़ा यह श्रद्धा भाव आज घर-परिवार को सहेजने के लिए जरूरी हो चला है। पूर्वजों की आत्मा को भी यह बात शांति पहुंचाती है कि उनकी वर्तमान पीढ़ियां और परिजन आपस में जुड़े रहें।

## पारिवारिक भाव को सींचने का जतन

यों तो विशिष्ट तिथियों को किये जाने वाले श्राद्ध कर्म में दिवंगत आत्मा के निकटतम संबंधी ही अनुष्ठान करते हैं पर उनका स्मरण सगे-संबंधियों तक को हो आता है। उनकी स्मृति उस घर की मौजूदा पीढ़ी के मन के लिए बहुत सी बातों को सोचने-समझने की स्थितियां बना देती है। इसे मानवीय स्वभाव कहें या जीवन की आपाधापी, नश्वर शरीर को त्यागने के बाद निकटतम परिजनों को भी एक समय के बाद याद नहीं किया जाता। इन सूखते भावों को सींचने के लिए ही संभवतः हमारे ऋषि-मुनियों ने हर वर्ष यह एक पखवाड़ा निश्चित किया। इसीलिए तिथि के अनुसार श्रद्धा भाव से किये जाने वाले श्राद्ध अपनों की स्मृतियों को सदैव जीवित रखने का माध्यम लगते हैं। विधिपूर्वक अनुष्ठान हो या मन में स्मरण, परिजनों को अपने पूर्वजों का आशीष मिलता ही है। कहना गलत नहीं होगा संसार छोड़ चुके अपनों के पुण्य स्मरण का यह समय पारिवारिक जुड़ाव को बनाए रखने का जतन भी है।

## तार्किक सोच पर भारी भावनाएं

पितरों के प्रति आभार जताने का यह अवसर किसी तर्क की कसौटी पर नहीं कसा जा सकता है। यह किसी भी घर की वर्तमान पीढ़ी के अन्तर्मन से जुड़ा पक्ष है।

श्राद्ध पक्ष जुड़ा ही श्रद्धा के भाव से है। श्रद्धा का यह भाव बहुत सहज और संवेदनाओं से पूरित होता है। यही वजह है कि इससे जुड़े बदलाव से हमारी मान्यताएं भी अछूती नहीं हैं, पर मान्यताओं में आए बदलाव के कुछ पक्ष पीड़ादायक भी हैं। अपने आत्मीय पूर्वजों का श्राद्ध करने से जुड़े अनुष्ठानों में दिखावा भी देखने को मिलता है। पितृ जनों के स्मरण को उनके वंशजों द्वारा बड़े आयोजन का रूप दिया जाता है। इतना ही नहीं संसार में मौजूद बड़ी पीढ़ी की अनदेखी भी अब आम सी बात है। स्मरण रहे कि हमारी धार्मिक मान्यताओं में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है।

स्मृति के रूप में अपनों की सूक्ष्म उपस्थिति को अनुभव करने का विषय है। यही वजह है कि दिवंगत परिजनों के स्मरण की यह रीत केवल भारतीय संस्कृति में नहीं बल्कि संसार के बहुत समुदायों में देखने को मिलती है। संसार के कई हिस्सों में स्मृतियों को प्रणाम करने की प्रथा अलग-अलग होने के बावजूद मानवीय मोर्चे पर सब कुछ एक सा ही लगता है। इस एकरूपता के केंद्र में अपने पूर्वजों से आशीर्वाद पाने का भाव है। उनसे जुड़ी स्मृतियों को दोहराने का लगाव है। श्रद्धा से जुड़े सच्चे सरोकार

श्राद्ध पक्ष जुड़ा ही श्रद्धा के भाव से है। श्रद्धा का यह भाव बहुत सहज और संवेदनाओं से पूरित होता है। यही वजह है कि इससे जुड़े बदलाव से हमारी मान्यताएं भी अछूती नहीं हैं, पर मान्यताओं में आए बदलाव के कुछ पक्ष पीड़ादायक भी हैं। अपने आत्मीय पूर्वजों का श्राद्ध करने से जुड़े अनुष्ठानों में दिखावा भी देखने को मिलता है। पितृ जनों के स्मरण को उनके वंशजों द्वारा बड़े आयोजन का रूप दिया जाता है। इतना ही नहीं संसार में मौजूद बड़ी पीढ़ी की अनदेखी भी अब आम सी बात है। स्मरण रहे कि हमारी धार्मिक मान्यताओं में माता-पिता की सेवा को सबसे बड़ी पूजा माना गया है। इसीलिए दिवंगत परिजनों को याद करते हुए आपकी जीवित बड़ी पीढ़ी की सेवा- सम्मान में भी कोई कमी नहीं आनी चाहिये। यह अवसर दिवंगत आत्माओं के अच्छे कर्मों से प्रेरणा लेने और उनका आशीर्वाद पाने का है। इसलिए पुरखों की स्मृति में पौधे लगाने और जरूरतमंदों की सहायता करने का मार्ग चुन, श्राद्ध पक्ष में श्रद्धा से जुड़े सच्चे सरोकार अपनाएं।